www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:14 सूर्यास्त 5:50

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 3.02 न्यू | 13.04 अधि |
| धर्मशाला | 5.02 न्यू | 18.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 71683.23 |
| निफ्टी | 21622.40 |
| सोना | 63,490 |
| चांदी | 71,635 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | शनिवार, 20 जनवरी 2024 | 7 माघ, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 33 | कुल पृष्ठ 16 | मूल्य : 5 रुपए

नासिक के कालाराम मंदिर में श्री राम ने बिताया था वनवास का अधिकांश समय ...पेज 16

## न्यूज शॉर्ट्स

### महुआ मोइत्रा ने खाली किया सरकारी बंगला

**नई दिल्ली।** कैश फॉर क्वेरी मामले में सांसदी जाने के बाद टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा से सरकारी बंगला भी छिन गया है। उन्होंने शुक्रवार को दिल्ली के टेलीग्राफ लेन स्थित बंगला नंबर-9 बी खाली कर दिया। महुआ के वकील ने बताया कि डायरेक्टोरेट ऑफ एस्टेट्स के अधिकारी शुक्रवार को बंगला खाली करवाने आए थे।

### गुरमीत राम रहीम को फिर मिली 50 दिन की पैरोल

**चंडीगढ़।** हरियाणा के रोहतक में सुनारियां जेल में सजा काट रहे गुरमीत राम रहीम को एक बार फिर सरकार ने 50 दिन की पैरोल दी है। 29 दिन पहले ही राम रहीम फरलो काट दोबारा जेल लौटे थे। हरियाणा सरकार ने बाबा राम रहीम को 50 दिन की पैरोल दी है। इस दौरान वह यूपी बागपत के बरनावा आश्रम में रहेगा।

### मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत पांच फरवरी तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में आरोपी और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया शुक्रवार को सीबीआई से जुड़े मामले में राऊज एवेन्यू कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए। कोर्ट ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत पांच फरवरी तक बढ़ा दी है।

## टॉप स्टोरीज

सोलन थाने को मिला हिमाचल में पहला स्थान ...पेज 2

न्याय की आस में ओकओवर पहुंचे अभ्यर्थी ...पेज 3

समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल में हुआ गठबंधन ...पेज 16

## अनुभवी स्टाफ चाहिए

प्रदेश के उभरते मीडिया ग्रुप 'अनंत ज्ञान' को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

मुख्य संपादक, डेस्क पर सब एडिटर, प्रूफ रीडर और उपमंडल स्तर पर जुझारु, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीतियों के इम्प्लीमेंटेशन की देखरेख और मैनेजमेंट के लिए अनुभवी और तेज तर्रार मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

**सर्कुलेशन विभाग**

रीडरशिप और अखबारों की प्रसार संख्या के लिए कुशल और अनुभवी सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव चाहिए। 8वीं-10वीं और 12वीं पास युवाओं की भी जरूरत है।

अपने सीवी भेजें

मोबाइल नंबर: 8894521702

ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634



ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

सोलन-शिमला, सिरमौर

98160-10065

# रामलला को औषधि, केसर, घी और अनाज में वास कराया

अनंत ज्ञान विशेष

**अयोध्या** में 16 जनवरी से शुरू हुए प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का शुक्रवार को चौथा दिन था। वहीं, रामलला की मूर्ति की पूरी तस्वीर सामने आई है। इसमें रामलला का पूरा चेहरा दिख रहा है। अब अस्थायी मंदिर में रामलला के दर्शन नहीं हो पाएंगे। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद नए मंदिर में 23 जनवरी से श्रद्धालुओं को दर्शन करने को मिलेंगे। अब मूर्ति को औषधि, अनाज, फल और घी में रखा गया। श्रीरामलला का वैदिक मंत्रों के साथ औषधाधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास करवाया गया। फिर आरणी मंथन से कुंड में अग्नि प्रकट की गई। श्रीरामलला 20 जनवरी को वास्तु शांति के बाद सिंहासन पर विराजेंगे।




### सामने आई रामलला की पहली संपूर्ण तस्वीर



**मंदिर में अब दर्शन बंद**

**मूर्ति में विष्णु के 10 अवतार**

**ॐ स्वास्तिक शंख-चक्र भी मौजूद**

### फैसला सुनाने वाले पांचों जज को निमंत्रण भेजा

राम मंदिर के निर्माण का फैसला देने वाले सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच के पांच जजों को 22 जनवरी को होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में स्टेट गेस्ट के तौर पर न्योता दिया है। इनमें सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के अलावा पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई, जस्टिस एसए बोबडे, जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस एस अब्दुल नजीर शामिल हैं।

### रामलला के चारों तरफ आभामंडल

नीले-श्यामल रंग के पत्थर से बनी मूर्ति में रामलला का विहंगम रूप दिखाई दे रहा है। रामलला के चारों तरफ आभामंडल है। सिर पर सूर्य बना हुआ है। दाहिना हाथ आशीर्वाद की मुद्रा में है। आभामंडल में नीचे हनुमानजी की मूर्ति उकेरी गई है। भगवान विष्णु के 10 अवतार और सनातन धर्म के प्रतीक चिन्ह बनाए गए हैं

### भक्ति में डूबी रामनगरी

रामलला की पहली तस्वीर सामने आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। तस्वीर में रामलला गर्भगृह में बालस्वरूप में नजर आ रहे हैं। इस समय पूरा देश राममय हो गया है। चारों तरफ श्री राम के आगमन से रामभक्त उत्साह के माहौल में डूबे हुए हैं।

### प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त

प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अभिजीत मुहूर्त में किया जाएगा। अभिजीत मुहूर्त 22 जनवरी को दोपहर 12 बजकर बजकर 29 मिनट आठ सेकंड से लेकर 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकंड तक होगा।

### फूलों से सज रही अयोध्या नगरी



**विश्व की सबसे लंबी बांसुरी बनेगी राम मंदिर की शान**

**सरयू घाट पर आरती**

▶ 50 फुट ऊंची मचान पर राम नाम की अखंड ज्योति

# परागपुर को तहसील का दर्जा

## सुक्खू बोले - ईको सेंसेटिव जोन बनाने के मामले पर सरकार लोगों के साथ

शुभम शर्मा, परागपुर

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले के परागपुर के नक्की गांव में शुक्रवार को सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने परागपुर सब तहसील को तहसील का दर्जा देने और कड़ोआ, चलाली, समनोली पटवार सर्किल को देहरा तहसील से परागपुर के साथ मिलाने की घोषणा की।

▶ **पौंग बांध क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को दिया जा रहा बढ़ावा**

वहीं, सीएम सुक्खू ने कहा कि पौंग बांध के साथ लगते एरिया को ईको सेंसेटिव जोन बनाने के मामले पर प्रदेश सरकार लोगों के साथ मजबूती के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि पौंग बांध क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं और आने वाले समय में 100 करोड़ की योजनाएं शुरू की जा रही हैं।

प्रदेश में पहली बार तहसील व उप तहसील स्तर तक राजस्व लोक अदालतों का आयोजन कर अब तक 65 हजार इंतकाल के मामलों का निपटारा किया गया है। कांगड़ा जिले में राजस्व लोक अदालतों में 15,362 इंतकाल और 742 तकसीम के मामलों का निपटारा किया है। (अनंत ज्ञान)

▶ **कड़ोआ, चलाली, समनोली पटवार सर्किल को परागपुर के साथ मिलाने का ऐलान**

▶ **बोले- ई-टैक्सी योजना शुरू कर युवाओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी का किया प्रावधान**



परागपुर के नक्की गांव में पहुंचने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की कोशिश

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि आज प्रत्येक हिमाचली पर एक लाख रुपए से अधिक का कर्ज हो गया है। भाजपा सरकार से खस्ताहाल अर्थव्यवस्था विरासत में मिली, जिसे पटरी पर लाने के लिए सरकार पुरजोर कोशिश कर रही है। एक वर्ष में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 20 प्रतिशत तक पटरी पर लाने में सक्षम हुई है। कांगड़ा जिले के ढगवार में 250 करोड़ का मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित किया जा रहा है। सरकारी क्षेत्र में 20 हजार नौकरियां निकालने के साथ-साथ युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में भी कदम उठाए जा रहे हैं।

### सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित करने में सरकार करेगी मदद

**सुक्खू** ने कहा कि 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के पहले चरण के तहत ई-टैक्सी योजना शुरू कर युवाओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान किया है। ई-टैक्सी परमिट के लिए अब तक 1200 युवाओं ने आवेदन किया है। सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के लिए भी राज्य सरकार युवाओं को आर्थिक मदद प्रदान करेगी और 25 वर्ष तक उनसे बिजली की खरीद करेगी, ताकि उन्हें निश्चित आय प्राप्त हो सके।

### शिक्षा के स्तर में आई गिरावट

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने शिक्षा क्षेत्र की उपेक्षा की, जिसके चलते शिक्षा के स्तर में गिरावट आई है। आज पांचवीं कक्षा का छात्र दूसरी कक्षा की किताब भी नहीं पढ़ पाता है। राज्य सरकार शिक्षा में सुधार के लिए कड़े कदम उठा रही है। अगले शैक्षणिक सत्र से सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी मीडियम में पढ़ाई होगी और क्लस्टर बनाकर संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल होगा।

### शगुन योजना के 10 लाभार्थियों को बांटे चेक

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने शगुन योजना के तहत 10 लाभार्थियों को 31-31 हजार रुपए की आर्थिक सहायता के चेक प्रदान किए। इस अवसर पर सीएम सुक्खू ने प्रदर्शनियों का भी अवलोकन किया।वहीं, परागपुर पंचायत के प्रधान ने मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के लिए 11 हजार रुपए तथा स्थानीय निवासी रंजना पटियाल ने आपदा राहत कोष में 50 हजार रुपए का चेक भेंट किया।

# भारत की योग्यता पर दुनिया का भरोसा होगा मजबूत : मोदी

एजेंसी, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कर्नाटक के बेंगलुरु में नए अत्याधुनिक बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर (बीआईईटीसी) परिसर का उद्घाटन किया। यह परिसर अमेरिका के बाहर बोइंग का सबसे बड़ा निवेश है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह नया सेंटर भारत और दुनियाभर में विमानन क्षेत्र को मजबूत करेगा। यह सेंटर नवाचार के केंद्र के रूप में काम करेगा और विमानन में प्रगति को आगे बढ़ाएगा। एक दिन भारत इस सुविधा में भविष्य के विमान डिजाइन करेगा।

▶ **प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु में बोइंग के सबसे बड़े परिसर का किया उद्घाटन**

मोदी ने कहा कि यह कैंपस मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के संकल्प को सशक्त करता है। यह कैंपस भारत की योग्यता पर दुनिया के भरोसे को भी मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि यह सुविधा वैश्विक तकनीक, अनुसंधान और नवाचार, डिजाइन और मांग को आगे बढ़ाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



### भावुक हुए मोदी, बोले- काश! बचपन में ऐसे घर में रहने का मौका मिलता

**सोलापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के सोलापुर में अटल अभियान (अमृत 2.0) के तहत 1201 करोड़ रुपए की सात परियोजनाओं का भूमि पूजन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुछ लोगों को घर की चाबी भी सौंपी। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर इशारों में निशाना साधते हुए कहा कि पहले की सरकार सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा लगाती रही, लेकिन गरीबी नहीं हटी। गरीबों का पैसा बिचौलिया लूट ले जाते थे। उनकी नीति, नीयत और निष्ठा कठघरे में थी। हमारी नीयत साफ है। पीएम आवास योजना के तहत बनी देश की सबसे बड़ी सोसायटी का लोकार्पण हुआ है। मैं आज देखकर आया और मैंने सोचा काश मुझे भी बचपन में ऐसे घर में रहने का मौका मिला होता। पीएम इस दौरान भावुक हो गए और 12 सेकंड तक चुप रहे।

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के लिए भारत में कोई जगह नहीं: खड़गे

एजेंसी, नई दिल्ली

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के विषय पर सरकार की ओर से गठित उच्च स्तरीय समिति को पत्र लिखकर कहा कि संसदीय शासन व्यवस्था को अपनाने वाले देश में एक साथ चुनाव की अवधारणा के लिए कोई स्थान नहीं है।



उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विचार का पुरजोर विरोध करती है। समिति के सचिव नीतेन चंद्र को भेजे सुझाव में खड़गे का कहना था कि एक साथ चुनाव कराने का विचार संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध है और यदि एक साथ चुनाव की व्यवस्था लागू करनी है तो संविधान की मूल संरचना में पर्याप्त बदलाव की आवश्यकता होगी।

### समिति हो ईमानदार

**खड़गे** ने कहा कि सरकार और इस समिति को शुरू में ही इसको लेकर ईमानदार होना चाहिए था कि वे जो प्रयास कर रहे हैं, वह संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध हैं और यदि एक साथ चुनाव लागू करना है तो संविधान की मूल संरचना में पर्याप्त बदलाव की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि मैं उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष से अनुरोध करता हूं कि वे संविधान और संसदीय लोकतंत्र को नष्ट करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से उनके व्यक्तित्व और भारत के पूर्व राष्ट्रपति के पद का दुरुपयोग न करने दें।

# प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप, कुकुमसेरी में तापमान -12.4 डिग्री

## मैदानी क्षेत्रों में दो दिन कोहरे का येलो अलर्ट, 25 जनवरी तक बारिश व बर्फबारी के आसार नहीं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश में तीन माह से चला ड्राई स्पैल समाप्त नहीं हो पा रहा है। बारिश और बर्फबारी न होने के चलते कई क्षेत्रों में काफी ठंड बढ़ गई है।

कई जिलों में शीतलहर का भारी प्रकोप है। लाहौल-स्पीति जिले में लोगों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। राज्य से सबसे ठंडे क्षेत्र कुकुमसेरी में इस सीजन में पहली बार न्यूनतम तापमान माइनस 12.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है।

16 जनवरी को यहां न्यूनतम तापमान इस सीजन में सबसे कम माइनस 11.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था।

### मैदानी क्षेत्रों में कोहरे का कहर

राजधानी शिमला सहित साथ लगते जिलों में लोगों को सुबह व शाम के समय भारी ठंड का सामना करना पड़ रहा है। मैदानी क्षेत्रों में भी ठंड व कोहरे का कहर जारी है। ऊना व मंडी में न्यूनतम तापमान फिर शून्य डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

### पांच स्थानों में शून्य डिग्री पहुंचा न्यूनतम तापमान

**राज्य** में पांच स्थानों पर न्यूनतम तापमान माइनस व पांच में शून्य डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। लाहौल-स्पीति के कुकुमसेरी में -12.4, कल्पा -2.8, मनाली -0.7, नारकंडा -0.7, समदो 0 -6. दर्ज किया है। शिमला में न्यूनतम तापमान 3.2, सुंदरनगर 0.3, भुंतर 0.3,, धर्मशाला 5.2, ऊना 0.6, नाहन 8.2, पालमपुर 3.0, सोलन 2.2, कांगड़ा 3.6 में 1.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



### अभी लोगों को नहीं मिलेगी कोई राहत

**मौसम** विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, राज्य में आगामी छह दिनों तक मौसम साफ रहने के आसार हैं। 25 जनवरी तक मौसम साफ रहेगा। मौसम विभाग ने मैदानी क्षेत्रों में दो दिन तक कोहरा व शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है। 20-21 जनवरी तक बिलासपुर, ऊना, कांगड़ा, सिरमौर और सोलन के बद्दी और नालागढ़ में घना कोहरा छाए रहने की संभावना जताई है।

### 122 साल में पहली बार सबसे कम बारिश रिकॉर्ड

**राज्य** में 122 साल में पहली बार सबसे जनवरी माह में सबसे कम बारिश रिकॉर्ड दर्ज की गई है। हिमाचल में 18 जनवरी तक इस साल सबसे कम बारिश रिकॉर्ड हुई है। एक से 18 जनवरी तक सामान्य से 99.7 फीसदी कम बादल बरसे। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, 17 जनवरी को प्रदेश में हल्की बर्फबारी और बारिश हुई। इस साल अभी मात्र 0.1 मिलीमीटर बारिश हुई है।

**गुड न्यूज** एक और सफलता, लैंडर ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर शुरू किया पथ प्रदर्शक की तरह काम करना

# चंद्रयान-3 का लैंडर हर मिशन के लिए बनेगा मददगार

एजेंसी, बेंगलुरु

**चंद्रयान-3** का विक्रम लैंडर अभी पूरी तरह नाकाम नहीं हुआ है। यह अब दुनियाभर के मून मिशन के लिए मददगार बन गया है। भारत के चंद्रयान-3 लैंडर ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पथ प्रदर्शक की तरह काम करना शुरू कर दिया है।

इसरो ने एक बयान में बताया कि चंद्रयान-3 मिशन के तहत चांद की जमीन पर उतरे लैंडर के साथ एक लेजर रेट्रोरिफ्लेक्टर एरे भी चांद पर भेजा गया था। अब इस उपकरण की मदद से अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी के एलआरओ ने लेजर रेंज का मापन कर लिया है।

चंद्रयान-3 को 14 जुलाई, 2023 को लांच किया था। इसमें तीन हिस्से थे, प्रोपल्शन मॉड्यूल, लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान। प्रोपल्शन मॉड्यूल को चंद्रमा की कक्षा में स्थापित किया गया था। लैंडर और रोवर ने 23 अगस्त को चंद्रमा के साउथ पोल पर लैंडिंग की थी।



### नासा के मिशन को मिला था सिग्नल

**एलआरओ** नासा का ऑर्बिटर है, जो चांद की कक्षा में चक्कर लगा रहा है। इस एलआरओ ने ही चंद्रयान-3 के लैंडर पर लगे एलआरए से मिले सिग्नल लेकर लेजर रेंज का मापन किया। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लूनर रिकोनाइसेंस ऑर्बिटर ने 12 दिसंबर 2023 को विक्रम लैंडर के एलआरए के जरिए रिफलेक्ट किए गए सिग्नल्स को कैच किया था। इसरो ने बताया कि एलआरओ ने रात के समय यह मापन किया, जब वह चंद्रयान-3 के लैंडर वाली जगह से पूर्व की तरफ बढ़ रहा था। अब इस मापन की मदद चांद पर भेजे जाने वाले मिशनों को काफी फायदा होगा।

### चांद पर सुरक्षित लैंडिंग का खुल सकता है रास्ता

**इसरो** ने बताया कि एलआरओ चांद पर फिडुशियल प्वॉइंट (सटीक मार्कर) के रूप में काम करना शुरू कर दिया है। रिफ्लेक्टर बनाने वाली नासा टीम के प्रमुख जियाओली सुन ने कहा कि इस उपलब्धि से 'चांद की सतह पर टारगेट्स को लोकेट करने की नई स्टाइल का दरवाजा खुल गया है' लेजर के जरिए धरती से सैटेलाइट्स को ट्रैक करना आम है, लेकिन उस तकनीक के जरिए अंतरिक्ष से सतह पर मौजूद यान को लोकेट करना बेहद खास है। इससे चांद पर सुरक्षित लैंडिंग का रास्ता खुल सकता है।

### यह होगा फायदा

**इसरो** का कहना है कि चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर पर नासा का एलआरए लंबे समय तक जियोडेटिक स्टेशन और चंद्रमा की सतह पर लोकेटर की तरह काम करेगा। एलआरए जो मेजरमेंट्स भेजेगा। चंद्रमा की चाल, अंदरुनी बनावट और ग्रेविटी के अंतर को समझने में मदद करेगा।

बिलकिस बानो गैंगरेप मामला

# दोषियों को करना होगा सरेंडर, नहीं मिली मोहलत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बिलकिस बानो गैंगरेप मामले के 11 दोषियों के सरेंडर की अवधि बढ़ाने की याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दोषियों ने सरेंडर के लिए समय बढ़ाने के जो कारण बताए हैं, उनमें दम नहीं है। इन सभी को दो दिन में सरेंडर करने के निर्देश दिए गए हैं। इन दोषियों में से किसी ने अपने बेटे की शादी, किसी ने पैर की सर्जरी, किसी ने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करने, किसी ने फसलों की कटाई का कारण बताकर सरेंडर की तारीख बढ़ाने की मांग की थी।



▶ **दोषियों ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की थी याचिका**

सुप्रीम कोर्ट ने आठ जनवरी को 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस से गैंगरेप के दोषियों को समय से पहले रिहा करने के राज्य सरकार के फैसले को रद्द कर दिया था। कोर्ट ने सभी दोषियों को दो हफ्ते के भीतर यानी 21 जनवरी तक सरेंडर करने के लिए कहा था। कोर्ट ने कहा था कि गुजरात सरकार दोषियों को कैसे माफ कर सकती है। सुनवाई महाराष्ट्र में हुई है तो रिहाई पर फैसला भी वहीं की सरकार करेगी।

# राहुल गांधी की सांसदी बहाली के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाली के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता अशोक पांडे पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाने का आदेश दिया। अशोक पांडे पर लक्षद्वीप के सांसद मोहम्मद फैजल की बहाली को चुनौती देने के लिए भी जुर्माना लगाया था। दरअसल याचिका में सात अगस्त 2023 को लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी किए गए, उस नोटिफिकेशन को खारिज करने की मांग की थी, जिसके जरिए राहुल की संसद सदस्यता बहाल की गई थी। याचिका में मांग की थी कि सुप्रीम कोर्ट ने सिर्फ राहुल की दोषसिद्धि पर रोक लगाई। राहुल गांधी को अभी तक आरोपों से बरी नहीं किया गया है। ऐसे में उनकी संसद सदस्यता बहाल करने वाले नोटिफिकेशन को खारिज किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसी याचिका दायर होने से न सिर्फ अदालत बल्कि रजिस्ट्री विभाग का भी कीमती समय बर्बाद होता है।

### पर्यावरण प्रहरी : प्लास्टिक व वेस्ट मैटीरियल को रिसाइकिल और रियूज करने का ढूंढा नायाब तरीका

# मनाली की कल्पना ठाकुर 22 साल से प्लास्टिक के कचरे से बना रही ज्वेलरी और सजावटी सामान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

अनंत ज्ञान स्पैशल

एक ओर जहां देश व प्रदेश में प्लास्टिक कचरा सबके लिए सिरदर्द बन गया है। वहीं, कूल्लू जिले के मनाली की रहने वाली कल्पना ठाकुर ने अपने तरीके से प्लास्टिक को ठिकाने लगाने का नायाब तरीका ढूंढ निकाला है, जो काफी हद तक कामयाब साबित हो रहा है। कल्पना ठाकुर ने आज से नहीं, बल्कि 22 वर्ष पहले यह मुहिम शुरू की थी। वह प्लास्टिक से घर का सामान व विभिन्न आभूषण तैयार कर रही हैं। कल्पना ठाकुर प्लास्टिक के कचरे का दोबारा उपयोग व इस कबाड़ से खूबसूरत कलाकृतियां, सजावटी सामान बनाकर प्लास्टिक का सही इस्तेमाल करने की दिशा में सराहनीय कार्य कर रही हैं। कल्पना मूल रूप से लाहौल-स्पीति जिले के चौंखग गांव की रहने वाली हैं, लेकिन पिछले कई वर्षों से वह अपने परिवार के साथ मनाली में रहती हैं।

करीब 49 वर्षीय कल्पना लोगों को भी प्लास्टिक को रिसाइकिल व रियूज करने बारे जागरूक कर रही हैं। कल्पना अंडे की ट्रे से महिलाओं के शृंगार के लिए गहने भी तैयार करती हैं। कल्पना की कला का हर कोई दीवाना है। (अनंत ज्ञान)




### पर्यावरण संरक्षण के लिए कई संस्थाएं कर चुकी हैं सम्मानित

**कल्पना** ठाकुर को उनके काम के लिए कई संस्थाएं सम्मानित कर चुकी हैं। 2015 में पर्यावरण संरक्षण के लिए हिमाचल एक्सीलेंस अवार्ड से भी उन्हें सम्मानित किया गया है। इसके अलावा कई नेशनल, राज्य व जिला स्तरीय अवॉर्ड कल्पना को मिल चुके हैं। कल्पना ने मनाली में पर्यावरण से जुड़े एक एनजीओ का गठन किया है। देश-विदेश के हर मंच में पर्यावरण व घर के कचरे को पुनः प्रयोग करने का संदेश देने वाली कल्पना को चीन में एक संस्था ग्रीन लेडी के खिताब से भी सम्मानित कर चुकी हैं। वर्ष 2017 में मिसेज इंडिया मिस एशिया इंटरनेशनल मिसेज हिमाचल प्रदेश बनी कल्पना लगातार अपने पति प्रेम ठाकुर की मदद से पिछले कई सालों से कूड़े-कचरे से घर का सजावटी सामान बना रही हैं। इसके अलावा प्लास्टिक के कचरे से टोकरियां, क्रॉकरी, सजावटी, शृंगार कान के झुमके, गले का हार, प्लास्टिक की ड्रेस सहित अन्य बहुत सी चीजें तैयार करती हैं।

### अपने पति के साथ इकट्ठा करती हैं प्लास्टिक का सामान

**कल्पना** ठाकुर मनाली में अपने पति प्रेम ठाकुर के साथ होटल चलाती हैं और इनके होटल में वेस्ट मैटीरियल को रियूज करके कई चीजों को रखा गया है। कल्पना मनाली व लाहौल-स्पीति आने वाले पर्यटकों को प्लास्टिक की चीजों का कम से कम इस्तेमाल करने पर प्रेरित करती हैं। वेस्ट मैटीरियल से कल्पना लैंप शेड, टोकरियां, फूलदान और टूटी हुई चूड़ियों से सजावट की बहुत सी चीजें और प्लास्टिक से ज्वेलरी भी बनाती हैं।





### सामान से मिलने वाले पैसे से करती हैं जरूरतमंदों की मदद

**कल्पना** ठाकुर वर्ष 1997 से प्लास्टिक इकट्ठा कर उसे रियूज कर रही हैं। वेस्ट मैटीरियल से बेहतरीन चीजें बनाने वाली कल्पना ठाकुर को इन चीजों को बेचकर जो पैसा इकट्ठा होता है, उसे भी वह जरूरतमंदों को देती हैं। वेस्ट मैटीरियल को इकट्ठा कर वह लोगों को पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश तो दे ही रही हैं, इसके साथ ही वेस्ट मैटीरियल से काम की चीजें बनाना भी लोगों को सिखा रही हैं।



### लोग उड़ाते रहे मजाक घरवालों का मिला सहयोग

**कल्पना** कहती हैं कि जब वह बोतलें, प्लास्टिक व अन्य ठोस कूड़ा इकट्ठा करती हैं, तो लोग उनका मजाक भी उड़ाते हैं। शुरुआती दिनों में घर वाले भी परेशान रहे, लेकिन मेरे पर्यावरण प्रेम को देखते हुए उन्होंने सहयोग करना शुरू किया। लगातार अपनी कोशिश में लगी रही और प्लास्टिक बोतल, रद्दी, चम्मच, कप सहित अन्य प्लास्टिक इकट्ठा करने की मुहिम लगातार जारी रखी। प्लास्टिक से डेकोरेशन का सामान, ज्वेलरी, गमले, सजावटी सामान तैयार करने के साथ लोगों को जागरूक भी कर रही हूं। कल्पना ने लोगों से अपील की है कि प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें और खुले में प्लास्टिक व कूड़ा-कचरा फेंक कर पर्यावरण को दूषित न करें।

# सोलन थाने को मिला हिमाचल में पहला स्थान

## बेहतरीन काम के लिए मिला सम्मान, देश के टॉप टेन थानों में हुआ शामिल

- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी की देश के उत्तम थानों की सूची
- हिमाचल प्रदेश के डीजीपी ने प्रमाण पत्र जारी कर एसपी गौरव सिंह व थाना प्रभारी को दी शुभकामनाएं
- पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह के नेतृत्व में टीम ने कई चिट्टा तस्करों को पहुंचाया जेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

सोलन के सदर पुलिस थाने को बेहतरीन कार्यों के लिए प्रदेश में पहला और देश के दस सर्वश्रेष्ठ थानों में शुमार किया गया है। देश के उत्तम थानों की यह सूची केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी की गई है। हिमाचल प्रदेश के डीजीपी ने वीरवार को सदर पुलिस थाने के लिए प्रमाण पत्र जारी करते हुए सोलन के एसपी गौरव सिंह व थाना प्रभारी को शुभकामनाएं दी हैं।

गौरतलब है कि सोलन के पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह के नेतृत्व में सोलन के सदर थाने की टीम ने पिछले लगभग एक वर्ष में चिट्टे के खिलाफ अभियान चलाते हुए दर्जनों चिट्टा तस्करों को जेल में डाला है। पुलिस ने पूरे देश के कोने-कोने से चिट्टे के बड़े सप्लायरों को दबोचते हुए उनके नेटवर्क को धवस्त कर दिया है।


OFFICE OF THE DIRECTOR GENERAL OF POLICE, HIMACHAL PRADESH, POLICE HEADQUARTERS, SHIMLA-171002

Press Note: 18.01.2024

Sadar Police Station, District Solan has been adjudged as the best Police Station of Himachal Pradesh for 2023. It has been awarded rank in the top 10 Police Stations in the Country. The Hon'ble Union Home Minister released this ranking in a Ceremony during annual DGP/IGP Conference-2023. The Director General of Police, Himachal Pradesh has placed on record his appreciation for the SP Solan and SHO/Officer in-charge of the above Police Station.

सदर पुलिस थाने की तीव्र कार्रवाइयों से कई अनसुलझे मामलों को भी सुलझाया गया है। कोर्ट में भी पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ पेशेवर ढंग से विवेचना करते हुए मामलों को निष्कर्ष तक पहुंचाया। सोलन के एसपी गौरव सिंह ने बताया कि यह सम्मान सोलन जनपद की पूरी पुलिस टीम का है। ऐसी उपलब्धियां टीम वर्क के साथ ही हासिल की जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि सदर थाने को एनडीपीएस एक्ट, कानून और व्यवस्था, मामलों का शीघ्र निपटारे, पासपोर्ट, हथियार तथा वारंटों का तेजी से निष्पादन क्षेत्र में किए गए कार्यों के परीक्षण के बाद दिया जाता है।

## जोरदार धमाके के साथ ट्रांसफार्मर में लगी आग, दो लाख का नुकसान

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र बरोटीवाला के झाड़माजरी स्थित एक विद्युत बोर्ड के ट्रांसफार्मर में आग लग गई। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे अचानक ट्रांसफार्मर में आग लगने से एरिया में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। ट्रांसफार्मर में आग से आसपास के एरिया में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और जोरदार धमाकों से आग की लपटें निकलने लगीं।

सूचना मिलते ही विद्युत बोर्ड का स्टाफ मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग को सूचित किया। स्थानीय पंच देवी राम ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग बद्दी को दी। उन्होंने बताया कि घटना सुबह ही जैसे ही आग लगी तो एरिया की बिजली बंद हो गई। सूचना देते ही फायर डिपार्टमेंट की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। ट्रांसफार्मर में आग से बोर्ड को करीब दो लाख रुपए का नुकसान हुआ है। बिजली बोर्ड बरोटीवाला के एसडीओ आर विधुर ने घटनास्थल का जायजा लिया। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने एसडीओ को अवगत करवाया कि इस ट्रांसफार्मर के तहत उपभोक्ताओं के घरों में रोजाना करीब सात बजे से पहले बिजली गुल हो जाती है, जिसके चलते खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। एसडीओ आर विधुर ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही मौके का जायजा लिया गया था। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की शिकायतें भी मिली हैं, जिसके तहत अब इस जगह पर 630 केवी ट्रांसफार्मर रखा जाएगा, ताकि बिजली की समस्या पैदा न हो।


ट्रांसफार्मर में लगी आग।

## पालमपुर के जवान की अरुणाचल प्रदेश में मौत

**पालमपुर ।** पालमपुर शहर के शिखर पर पहाड़ों में स्थित कंडी गांव के द्रोवी बार्ड के रहने वाले जवान, जो कि ग्रिफ रेजिमेंट में तैनात था के अरुणाचल प्रदेश में शहीद होने का समाचार प्राप्त हुआ है। जवान के शहीद होने की खबर से कंडी गांव के साथ आसपास के क्षेत्रों में शौक की लहर दौड़ गई।




जानकारी के अनुसार प्रवीण कुमार (32) पुत्र सोहन लाल निवासी द्रोवी कंडी ग्रिफ रेजिमेंट में अरुणाचल प्रदेश में कार्यरत था, जो 17 जनवरी को ड्यूटी के बाद सड़क पर घूम रहा था कि वहां से गुजर रहे सिविल वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे प्रवीण कुमार घायल हो गया। घायलवस्था में उसे तेजू अस्पताल ले जाया गया, लेकिन यहां घावों का ताव न सहते हुए उसने दम तोड़ दिया। शहीद का पार्थिव शरीर अरुणाचल प्रदेश से हवाई जहाज से अमृतसर पहुंचाने के बाद वहां से गाड़ी में शनिवार को पहुंचने की संभावना है, मृतक अपने पीछे माता-पिता, पत्नी रिमला देवी व दो छोटे-छोटे बच्चे छोड़ गया है। प्रवीण की मौत से कंडी व आसपास के लोगों को काफी सदमा लगा है।

## न्यूज ब्रीफ

### 425.6 ग्राम चरस बरामद

**जाहू।** उपमंडल भोरंज के तहत थाना भोरंज के अधीन प्रभारी पुलिस चौकी जाहु की अगुआई में पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान अस्थायी नंबर की एक अल्टो कार में सवार दो व्यक्तियों के कब्जे से 425.6 ग्राम चरस बरामद की गई। जानकारी के अनुसार लेखराम निवासी गांव व डाकघर कोट तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर तथा राजेश कुमार निवासी गांव रोपा ठाठर डाकघर भांवला तहसील बल्द्वाड़ा जिला मंडी को गिरफ्तार कर इस मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, उपरोक्त वाहन को भी कब्जे में लेकर एनडीपीएस अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। खबर की पुष्टि जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. आकृति शर्मा ने की है।



### रामशहर में महिला से दुष्कर्म

**बीबीएन।** उपमंडल नालागढ़ के रामशहर में एक 40 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। थाना रामशहर के तहत व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शादी समारोह में जा रही थी तो एक युवक ने लिफ्ट देने के बहाने गाड़ी में बैठा लिया और कुछ दूरी पर जाकर छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता ने बताया कि व्यक्ति ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। डीएसपी नालागढ़ फिरोज खान ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।




मालरोड पर फिल्म की शूटिंग के दौरान शॉट देते अभिनेता राजपाल यादव व अन्य कलाकार।

## कबाड़ी के हत्यारे को मिला पांच दिन का पुलिस रिमांड

**सोलन।** सब्जी मंडी सोलन के नजदीक ढारे में कबाड़ी के हत्यारोपी को अदालत ने पांच दिन की रिमांड पर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। अब पुलिस उससे इस हत्याकांड से जुड़ी अन्य जानकारियां जुटाएगी और साक्ष्यों को एकत्रित करेगी। सोलन के पुलिस के अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि सोलन में कबाड़ी का काम करने वाले मूल रूप से यूपी के रहने वाले माजिद अली की हत्या करने के बाद शिमला और वहां से रामपुर बुशहर भाग गए आरोपी को पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद रामपुर बुशहार से लगते कुल्लू जिले के ब्रा इलाके से गिरफ्तार किया था।

उन्होंने बताया कि कुल्लू के आनी उपमंडल के लंबी सेरी गांव निवासी 47 वर्षीय रमेश कुमार से अभी इस मामले में काफी पूछताछ करनी है। इसलिए उसे अदालत में पेश करते समय पुलिस ने उसकी पुलिस रिमांड के लिए आवेदन किया था, जिसे अदालत ने स्वीकार करके उसे पांच दिन के लिए पुलिस रिमांड पर भेजा है। विदित रहे कि 11 जनवरी की रात को माजिद अली की हत्या कर दी गई थी। अगली सुबह उसकी पत्नी ने उसका शव ढारे में देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए गुरुवार को आरोपी रमेश कुमार को गिरफ्तार करके सोलन पहुंचाया।

# फर्जी टिकट जारी करने पर एचआरटीसी कंडक्टर बर्खास्त

## अंबाला से बद्दी आ रही बस में सामने आया फर्जीवाड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

एचआरटीसी की कमाई का गबन करने पर निगम प्रबंधन ने यात्रियों को फर्जी टिकट जारी करने वाले दोषी परिचालक को बर्खास्त कर दिया है। जानकारी के अनुसार अंबाला से बद्दी आ रही परिवहन निगम की बस में करीब 70 यात्री बैठे थे। इस दौरान परिचालक ने 45 यात्रियों को परिचालक ने फर्जी टिकट जारी किए। इन टीकटों के लिए परिचालक ने यात्रियों से 4500 रुपए लिए। अब इस मामले में निगम प्रबंधन द्वारा परिचालक को बर्खास्त कर दिया है।

बताया जा रहा है कि कंडक्टर ने टिकट मशीन से छेड़छाड़ कर खाली पर्चियां निकालीं और उनपर हाथ से 4500 रुपए के फर्जी टिकट बना दिए। मशीन खराब होने के नाम पर परिचालक ने यह पूरा खेल किया। एचआरटीसी की फ्लाइंग स्क्वायड ने निरीक्षण के दौरान जब कंडक्टर को पकड़ा तो टिकटों का हिसाब नहीं दिखा पाया। फ्लाइंग स्क्वायड की रिपोर्ट पर निगम प्रबंधन ने मामले की जांच का जिम्मा तारादेवी डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक को दिया। क्षेत्रीय प्रबंधक ने अपनी रिपोर्ट में साफ किया है कि परिचालक ने जानबूझ कर यह गड़बड़ी की है। इस दौरान एचआरटीसी परवाणू डिपो ने संबंधित परिचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया और व्यक्तिगत सुनवाई का भी मौका दिया, लेकिन परिचालक की ओर से दी गई दलीलें तथ्यहीन और आधार रहित पाई गईं। क्षेत्रीय प्रबंधक परवाणू ने अनुबंध के नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित परिचालक को सेवाओं से बर्खास्त कर दिया है। उधर, मंडलीय प्रबंधक, शिमला पवन शर्मा ने कहा कि टिकट मशीन में गड़बड़ी कर यात्रियों को फर्जी टिकट जारी करने वाले कंडक्टर को बर्खास्त कर दिया गया है। क्षेत्रीय प्रबंधक की रिपोर्ट के बाद कंडक्टर को नोटिस जारी किया गया था। अनुबंध नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की गई है।

### ट्यूशन सेंटर में छेड़छाड़ का मामला

# 14 दिन और बढ़ा आरोपी का ज्यूडिशियल रिमांड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

मंडी के एक निजी ट्यूशन सेंटर में नाबालिग छात्राओं के साथ छेड़छाड़ के आरोपी प्रांशुल सैणी को ज्यूडिशियल रिमांड को 14 दिन और बढ़ा दिया गया है। डीएसपी हेडक्वार्टर मंडी देवराज ने कहा कि आरोपी के ज्यूडिशियल रिमांड की अवधि 14 दिन बढ़ा दी है।

पुलिस हर पहलू की गहन जांच कर रही है। बता दें कि आरोपी के ट्यूशन सेंटर में सीसीटीवी लगे हुए थे और उनकी पत्नी शैक्षणिक सुधार करने की दृष्टि से वहां की गतिविधियों को लाइव देखती थी, लेकिन इसमें बैकअप की व्यवस्था नहीं थी। गौर हो कि आरोपी के खिलाफ तीन नाबालिग छात्राओं ने महिला पुलिस थाना मंडी में छेड़छाड़ को लेकर एफआईआर दर्ज करवाई थी। पहली एफआईआर आठ जनवरी को दर्ज हुई थी, जिसके बाद दूसरी दस जनवरी को और तीसरी 12 जनवरी को दर्ज हुई है। तत्पश्चात आरोपी ने कुछ दिन पूर्व हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत याचिका वापस ले ली थी। उसके पश्चात शहर की कई संस्थाओं ने मंडी पुलिस से आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की थी। गत मंगलवार सुबह पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था, जहां से उसे तीन दिन के ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया था। शुक्रवार से उसके न्यायिक रिमांड की अवधि 14 दिन और बढ़ा दी गई है।

## एसपीयू मंडी के दो होनहारों ने उत्तीर्ण की यूजीसी नेट परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के इतिहास विभाग के दो विद्यार्थियों कर्मा दोरजे नेगी व उत्सव जय सूर्य ने यूजीसी द्वारा आयोजित नेट परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। यह विभाग व विश्वविद्यालय के लिए हर्ष व गर्व का विषय है।

कर्मा दोरजे मूलतः जिला किन्नौर की तहसील हंगरंग के गांव हांगो के रहने वाले हैं और उनके पिता प्रकाश चंद किसान हैं। कर्मा दोरजे इतिहास विभाग के स्नातकोत्तर इतिहास के तृतीय सत्र के विद्यार्थी हैं, जबकि उत्सव जय सूर्य इतिहास विभाग में डॉ. राकेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में पीएचडी कर रहे हैं। उत्सव ने दूसरी बार यूजीसी नेट की परीक्षा को उत्तीर्ण की है। सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के प्रति कुलपति आचार्य अनुपमा सिंह ने इतिहास विभाग व दोनों विद्यार्थियों को बधाई दी है। इतिहास विभाग के प्रभारी एवं सहायक आचार्य डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी कड़ी मेहनत और लगन का प्रतिफल है। उन्होंने विभाग व विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। आचार्य राजेश कुमार शर्मा अधिष्ठाता महाविद्यालय विकास परिषद, इतिहास विभाग के सहायक आचार्य डॉ. रामपाल, विकेश कुमार, राजेश शर्मा, इतिहास सोसायटी की अध्यक्ष पुनीत भारती सहित सोसायटी के पदाधिकारियों व सदस्यों सहित सभी विद्यार्थियों ने बधाई दी।


कर्मा दोरजे नेगी


उत्सव

### आयोजन | इनोवेशन फेयर इन्वेंटिव में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत

# आईआईटी मंडी ने हैदराबाद में प्रदर्शित की चेतावनी प्रणाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

आईआईटी हैदराबाद में आरएंडडी इनोवेशन फेयर इन्वेंटिव-2024 के दूसरे संस्करण का शुभारंभ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया। इस मौके पर मुख्यातिथि के साथ संजय मूर्ति उच्च शिक्षा सचिव शिक्षा मंत्रालय और कई अन्य प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुख और उद्योगपतियों ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वहीं, आईआईटी मंडी के शोधकर्ताओं ने टिकाऊ प्रौद्योगिकी डोमेन के तहत कम लागत वाली भूस्खलन निगरानी और प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली का प्रदर्शन किया।

भूस्खलन निगरानी प्रणाली पारंपरिक निगरानी प्रणाली की तुलना में कम लागत वाली है। इस डिवाइस को स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में एसोसिएट प्रो. डॉ. वरुणदत्त और डॉ. केवी उदय एसोसिएट प्रोफेसर स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग आईआईटी मंडी द्वारा विकसित किया गया है। कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह के दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि आईआईटी हैदराबाद में आयोजित इन्वेंटिव-2024 एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसमें विज्ञान, प्रौद्योगिकी और उद्योग क्षेत्रों से प्रतिभाशाली लोग एक साथ आते हैं। यह कार्यक्रम शिक्षा, अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि वह आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हैं। यह कार्यक्रम इन दृष्टिकोणों को साकार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



भूस्खलन निगरानी और प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली की डिवाइस के साथ आईआईटी मंडी के शोधकर्ता।

## 25 लाख की कीमत के स्पेयर पार्ट्स बरामद

**सुंदरनगर।** आबकारी एवं कराधान विभाग ने दिल्ली से मनाली आने वाली एक वॉल्वो बस अवैध रूप से लाए जा रहे सामान को पकड़ा है। विभाग की टीम ने वीरवार रात सुंदरनगर के हराबाग के समीप लगाए नाके के दौरान से करीब 25 लाख रुपए की कीमत के स्पेयर पार्ट बरामद किए हैं। आबकारी एवं कराधान विभाग सुंदरनगर में सहायक आबकारी आयुक्त सुनील कुमार ने बताया कि विभाग को बड़े दिनों से सूचना मिल रही थी कि दिल्ली से मनाली आने वाली लग्जरी बसों में अवैध तरीके से वाहनों के स्पेयर पार्ट सहित अन्य प्रकार की सामग्री लाई जा रही है। इसके तहत विभाग की टीम ने हराबाग में नाका लगाया था। सुनील कुमार ने बताया कि चैकिंग के दौरान लग्जरी बस से 25 लाख रुपए की कीमत के स्पेयर पार्ट बरामद किए गए हैं। विभाग ने चालान प्रक्रिया के तहत 65000 रुपए जुर्माना वसूला है।

## पोस्ट कोड-817 के परिणाम जल्द निकाले सरकार: महेंद्र धर्माणी

**शिमला।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने कहा कि जेओए-आईटी पोस्ट कोड-817 के अंतर्गत जो प्रदर्शनकारी नौजवान बेरोजगार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी उनकी मांग का समर्थन करती है और सरकार से मांग करती है कि प्रदेश सरकार उच्चतम न्यायालय के निर्णय का सम्मान करें और उसकी अनुपालना करते हुए जेओए-आईटी पोस्ट कोड-817 के परीक्षार्थियों का परिणाम तुरंत घोषित करे। यह बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि 24 घंटे से इतनी कड़ाके की ठंड के बावजूद नौजवान सड़कों पर उतरे हैं और सरकार उनसे बातचीत करने से गुरेज कर रही है। जिस प्रकार का आरोप इन आंदोलनरत नौजवानों ने लगाया है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने उनको कहा है कि सरकार के तीन मंत्री इसमें सहमत नहीं है कि इस प्रकार का निर्णय उनके पक्ष में लिया जाए। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

# युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : शांडिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल ने कहा कि रोजगार कार्यालय प्रबंधन एवं सूचना प्रणाली पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा शुरू होने के बाद से ही युवाओं की सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हो रही है।

इस पोर्टल पर पंजीकरण करवाने में बड़ी संख्या में युवा रुचि दिखा रहे हैं और इससे उनके समय और धन दोनों की बचत हो रही है। शांडिल ने कहा कि इस ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से युवाओं को पंजीकरण के संबंध में पुष्टि के लिए एसएमएस भेजने, ऑनलाइन रोजगार प्रमाण पत्र तैयार करने सहित पंजीकृत उपयोगकर्ताओं की

### ऑनलाइन पंजीकरण सूचना प्रणाली से सुगम हुई अनुमोदन प्रक्रिया

शैक्षणिक योग्यता के अनुसार सूची तैयार करने जैसी सुविधाएं उपलब्ध हुई हैं। श्रम एवं रोजगार मंत्री ने कहा कि सरकार ने नियोक्ताओं को भी इस पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य किया है। पंजीकरण के पश्चात ही उन्हें नए लाइसेंस जारी किए जा रहे हैं। नियोक्ता पोर्टल पर रिक्तियों संबंधी जानकारी भी नियमित रूप से अपडेट करेगा, जिससे रोजगार पाने के लिए प्रयासरत प्रतिभागियों को भी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल रिक्तियों के बारे में वास्तविक डेटा प्रदान करता है और कोई भी इसके माध्यम से आवेदन कर सकता है।

### जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने चंद्रताल रेस्क्यू अभियान में भूमिका निभाने लोगों को किया सम्मानित

# स्पीति के लोगों के लिए नौतोड़ भूमि मुहैया करवाने के लिए सरकार प्रयासरत

**अनंत ज्ञान टीम, काजा / शिमला**

महिला वर्ग की 11वीं एवं पुरुष वर्ग की 13वीं राष्ट्रीय आइस हॉकी चैंपियनशिप 2024 का आगाज शुक्रवार को आइस हॉकी रिंक काजा में हुआ। इस अवसर पर राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

कार्यक्रम की शुरुआत लामाओं की पूजा के साथ मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलन के साथ की। आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया आइस हॉकी ऑफ लाहौल-स्पीति प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान से 19 जनवरी से 24 जनवरी तक आयोजित हो रही इस चैंपियनशिप के शुभारंभ मौके पर एसडीएम हर्ष अमरेंद्र नेगी ने मुख्यातिथि केबिनट मंत्री जगत सिंह नेगी को टॉपी, शॉल, भगवान बुद्ध की प्रतिमा और थंका पेंटिंग देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही विशिष्ठ अतिथि के तौर पर शिरकत कर रहे चंद्र नेगी चैयरमेन किनफेड टापरी, प्रेम कुमाार नेगी सदस्य एपीएमसी, टीकेटी नेगी पूर्व बीडीसी चैयरमैन पूह ब्लॉक, इंद्र नेगी, संडूप नेगी अध्यक्ष विलेज कांग्रेस कमेटी मूरंग, डेमडूल को भी एसडीएम ने सम्मानित किया। आइस हॉकी एसोसियेशनन ऑफ लाहौल-स्पीति एवं आइस हॉकी एसोसिशेन ऑफ हिमाचल प्रदेश ने मुख्यातिथि व अन्य विशिष्ठ अतिथियों को महासिचव रजत मल्होत्रा ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी कहा है कि स्पीति के लोगों के लिए नौतोड़ भूमि मुहैया करवाने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। इस मौके पर सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, 11 टीमों के खिलाड़ी, स्थानीय लोग विशेष तौर पर मौजूद रहे।

एसडीएम हर्ष अमरेंद्र नेगी ने स्वागत भाषण में मुख्यातिथि व अन्य अतिथियों को आभार व्यक्त किया। मुख्यातिथि ने पक ड्रोप के साथ चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। प्रदेश अंडर-18 आइस हॉकी की टीम को मुख्यातिथि ने खतका पहनाकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने चंद्रताल रेस्कयू अभियान में भूमिका निभाने लोगों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। लोसर महिला मंडल एवं युवक मंडल को 50-50 हजार रुपए का चेक दिया गया। सुखदेव जेसीबी ड्राइवर को एक लाख रुपए का चेक, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह , गगनदीप जेसीबी आपरेटर, कर्म सिंह जेसीबी ड्राइवर को 21-21 हजार रुपए का चेक देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा तेंजिन नामका, लोबजंग ज्ञालसन, छेरिंग दोरजे, कांस्टेबल तेंजिन नामग्रााल, केसंग पालजोर, जेई टाशी केसंग, तेंजिन कुफेन, टाकपा यीशे, पेंबा छेरिंग, टीएसी सदस्य केंसग छट्टूप आदि को सम्मानित किया गया। इस मौके पर आईस हॉकी कोच अमित बेलबाल के बेहतरीन कार्य को देखते हुए उन्हें 50 हजार रुपए देने की घोषणा की। सेलडॉल और रिग्जिन डोलमा को 25-25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि राष्ट्रीय टीम में प्रतिनिधित्व करने के लिए देने की घोषणा की।

### आईटीबीपी ने हिमाचल की टीम को हरा जीता पहला मैच



चैंपियनशिप का शुभारंभ करते मंत्री जगत सिंह नेगी।

**19 जनवरी** को पुरुष वर्ग में आईटीबीपी और हिमाचल प्रदेश की टीम के मध्य पहला मैच खेला गया। आईटीबीपी की टीम ने आठ गोल किए, जबकि हिमाचल प्रदेश की टीम एक भी गोल नहीं कर पाई। ऐसे में पहला मैच में आईटीबीपी ने जीत लिया। वहीं, दूसरा मैच आर्मी और महाराष्ट्र के बीच खेला। इस मैच में आर्मी ने 33 गोल किए, जबकि महाराष्ट्र की टीम एक भी गोल नहीं कर सकी। पहले दिन का अंतिम मैच महिला वर्ग की यूटी लद्दाख और तेलंगाना टीम के मध्य खेला गया। इसमें दस गोल यूटी लद्दाख ने किए, जबकि तेलंगाना ने कोई भी गोल नहीं किया।

# न्याय की आस में ओकओवर पहुंचे अभ्यर्थी

## जेओए-आईटी पोस्ट कोड-817 भर्ती का परीक्षा का परिणाम जारी नहीं होने से बेरोजगार युवाओं में रोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जूनियर ऑफिस असिस्टेंट आईटी पोस्ट कोड-817 भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी नहीं होने से अभ्यर्थी एक बार फिर से भड़क उठे हैं। गुरुवार को जहां सैकड़ों अभ्यर्थियों ने भर्ती परीक्षा का परिणाम जल्द जारी करने की मांग को लेकर राज्य सचिवालय के समीप धरना दिया था। वहीं, शुक्रवार को मांगों पर सुनवाई न होने पर अभ्यर्थी मुख्यमंत्री के सरकारी आवास ओकओवर पहुंच गए।

इस दौरान अभ्यर्थी सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर मुख्यमंत्री से मिलने की मांग पर अड़े रहे। मुख्यमंत्री के सुरक्षा कर्मियों ने अभ्यर्थियों को गेट के बाहर ही रोक दिया था। अभ्यर्थियों ने जेओए आईटी-817 के अंतिम रिजल्ट को घोषित कर 31 मार्च, 2024 से पहले इन पदों पर नियुक्ति देने की सरकार से मांग उठाई है। अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग हमीरपुर ने वर्ष 2020-21 में पोस्ट कोड-817 जेओए आईटी के 1,867 पदों को भरने के लिए आवेदन मांगे थे। प्रदेश भर से करीब एक लाख युवाओं ने इन पदों के लिए आवेदन किया। आवेदन करने के बाद आयोग ने 21 मार्च, 2021 को लिखित परीक्षा ली। लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों के लिए आयोग ने पहले पहली से 24 फरवरी, 2022 और उसके बाद दो मार्च और 22 जून 2022 को स्किल टेस्ट भी करवाया। इसके बावजूद आज तक परीक्षा परिणाम नहीं निकाला जा रहा है। राज्य भर में लिखित और स्किल टेस्ट में उत्तीर्ण 4,335 अभ्यर्थियों के लिए पहली से 31 अगस्त 2022 तक 15 अंकों की मूल्यांकन परीक्षा करवाई गई। अभी तक अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया गया। अभ्यर्थियों ने एक बार फिर से सरकार से अपने वादे को याद दिलाते हुए परीक्षा परिणाम निकालने की गुहार लगाई।



जेओए-आईटी परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने उनके सरकारी आवास के बाहर इंतजार करते अभियार्थी।

### भर्ती मामले में सभी कानूनी पहलुओं पर विचार करेगी सरकार: सीएम



जेओए-आईटी पोस्ट कोड-817 के अभ्यर्थियों के संबंध में मुख्यमंत्री से पूछे गए सवाल में जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में कानूनी पहलुओं पर गौर कर इस मामले में आगे बढ़ा जाएगा।

### बेरोजगार युवाओं ने लगाई न्याय की आस

**बेरोजगार** युवा सरकार से न्याय की आस लगाए बैठे हैं और सैकड़ों पर उतर कर अपना रोष प्रकट कर रहे हैं। अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे युवाओं राहुल, सौरभ भंडारी, धीरज ठाकुर, ज्योतिप्रभा, बबीता, नीलम, मोनिका ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा हर मंच पर इस पोस्ट कोड के परीक्षा परिणाम घोषित करने के लिए बार-बार घोषणाएं तो की जा रही हैं, लेकिन अभी तक धरातल पर कुछ भी कार्य नहीं किया जा रहा है।

### सीएम ने मंत्रियों पर फोड़ा रिजल्ट का ठीकरा

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जेओए-आईटी के रिजल्ट में देरी का ठीकरा किसी का नाम लिए बगैर अपने मंत्रियों पर ही फोड़ दिया। सुक्खू से मिलने के बाद जेओए-आईटी अभ्यर्थी लवनीश वर्मा, सौरव व अन्य अभ्यर्थियों ने बताया कि सीएम ने उन्हें कहा कि आप लोग सभी मंत्रियों से मिलो। उनको अपना दर्द बताओ। कुछ मंत्री उनके रिजल्ट घोषित करने और नौकरी में अड़ंगा डाल रहे हैं। मंत्रियों को मनाने के बाद वह जेओए-आईटी मामला फिर से कैबिनेट में ले जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### दर्शन सिंह भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव



**बीबीएन।** दून भाजपा के वरिष्ठ नेता दर्शन सिंह सैणी को राष्ट्रीय भाजपा में अहम स्थान मिला है। पहली बार हुआ है कि दून क्षेत्र के किसी भाजपा नेता को राष्ट्रीय स्तर पर कोई बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य दर्शन सिंह सैणी को भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। उनकी नियुक्ति जेपी नड्डा ने उनके पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए की है। उनके मनोनयन की अधिसूचना ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद डॉ. के लक्ष्मण ने जारी की है। दर्शन सिंह सैणी लंबे समय से पार्टी से जुड़े हुए हैं और उनकी पार्टी के प्रति मेहनत के कारण ही 2017 में दून विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने विजय हासिल की थी।

### विकास कपूर बने परिवहन बोर्ड में निदेशक

**मंडी।** कांग्रेसी नेता विकास कपूर को प्रदेश सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश शहरी ट्रांसपोर्ट बस स्टैंड मैनेजमेंट एवं डेवलपमेंट अथॉरिटी में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स का सदस्य मनोनीत किया गया है। परिवहन के प्रधान सचिव आरडी नजिम द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक निदेशक मंडल में आठ सरकारी और छह गैर सरकारी सदस्यों का मनोनयन किया गया है। विकास कपूर की इस नियुक्ति पर उन्होंने मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री का आभार जताया है।

### मंडी नगर निगम में पांच पार्षद मनोनीत, तीन खफा

**मंडी।** नगर निगम मंडी में कांग्रेस सरकार ने पांच पार्षद मनोनीत कर दिए हैं। इसको लेकर शुक्रवार को दिनभर चौहाटा बाजार में राजनीतिक चर्चाएं जोरों पर रहीं। वहीं, गांधी भवन में भी चहल-पहल पहले के मुकाबले ज्यादा देखी गई। सूत्र बताते हैं कि शहर में इस नियुक्तियों की तो प्रशंसा हो ही रही है साथ में तीन नाम ऐसे छूट गए हैं, जिन्हें चुनाव की इस बेला में दरकिनार करना कांग्रेस पार्टी के लिए उचित नहीं रहेगा। माना जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी में उन तीन नेताओं को बड़े पद दिए जा सकते हैं, ताकि मंडी सदर में भाजपा को रोका जा सके। वहीं, नाम न छापने की शर्त पर कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि चुनाव से लेकर अब तक जिन्होंने भाजपा से खूब लोहा लिया, उन्हें सिरे से ही दरकिनार करना ठीक नहीं रहेगा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि नियुक्तियों की हम प्रशंसा करते हैं, लेकिन जो बच गए हैं, उन्हें उचित प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए। मनोनीत पार्षदों में संजय शर्मा, नितिन भाटिया, यशवंत कश्यप, दर्शन ठाकुर, दिनेश पटियाल शामिल हैं।



शिमला में शुक्रवार को सुहावने मौसम में चहल कदमी करते पर्यटक।

# अटल टनल में संग्रहालय का शुभारंभ, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया ई-उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

कुल्लू-मनाली आने वाले पर्यटक अब अटल टनल निर्माण की रौचक जानकारी से अवगत होंगे। बीआरओ द्वारा धुंधी में तैयार किए गए। अटल सुरंग संग्रहालय का शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने ओन लाइन उद्घाटन किया। गौर हो कि आज केंद्रीय मंत्री ने 35 बीआरओ इन्फ्राप्रोजेक्ट्स विभिन्न सड़क और पुल परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। यह परियोजनाएं लेह-लद्दाख, उत्तराखंड, हिमाचल और उत्तर पूर्व राज्यों में स्थित हैं।

ई-उद्घाटन उत्तराखंड के जोशीमठ से किया गया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि परियोजनाएं दूरदराज के सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क कनेक्टिविटी प्रदान करने में एक कदम आगे बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि अटल टनल संग्रहालय अटल सुरंग के निर्माण के दौरान हुई सभी गतिविधियों और महत्वपूर्णताओं को प्रदर्शित करेगा। इस दौरान उपयोग की गई निर्माण तकनीक को भी प्रदर्शित करेगा। यह संग्रहालय उन सभी व्यक्तियों को श्रद्धांजलि होगी, जिन्होंने सुरंग के निर्माण के लिए अपना जीवन समर्पित किया है और यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक शिक्षा मार्गदर्शक के रूप में भी काम करेगा। बीआरओ योजक परियोजना के चीफ इंजीनियर कर्नल विकास गुलिया ने बताया कि अटल टनल के साउथ पोर्टल के पास धुंधी में जल्द ही बीआरओ कैफे का निर्माण किया जाएगा। पर्यटक संग्रहालय में अटल टनल की समस्त जानकारी जुटाने के साथ साथ चाय कोफी का भी आनंद लेंगे।



अटल टनल में संग्रहालय का शुभारंभ करते जवान।

# वर्तमान प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर फेल: जयराम

## कांग्रेस की हठधर्मिता के कारण प्रदेश के युवा सड़कों पर भटकने को मजबूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि वर्तमान सरकार हर मोर्चे पर फेल है। उन्होंने कहा कि जो हालत इस समय प्रदेश के हैं, उससे यह साफ हो चुका है कि प्रदेश संभालना कांग्रेस सरकार के बस की बात नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री शुक्रवार को कुल्लू के भुंतर और ढालपुर मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस की हठधर्मिता के कारण प्रदेश के युवा सड़कों पर भटकने को मजबूर हैं। सुप्रीम कोर्ट के द्वारा हरी झंडी दिए जाने के बाद भी सरकार परिणाम न जारी करके प्रदेश के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रही है, जिस कैबिनेट की पहली बैठक में एक लाख नौकरियां देने की गारंटी कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा दी गई थी आज उसी कैबिनेट पर पुरानी भर्तियों के रिजल्ट रोकने, युवाओं को रोजगार देने में रोड़ा अटकाने का आरोप लग रहा है। एक साल में कोई भी सरकार आज तक इतनी अलोकप्रिय नहीं हुई थी। जयराम ठाकुर ने कहा कि वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। सत्ता संरक्षित माफिया आज प्रदेश की उद्योग नगरी में तांडव मचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जेओए-आईटी के अभ्यर्थी अपने रिजल्ट के लिए सचिवालय के बाहर धरना दे रहे हैं। कांग्रेस सरकार और उनके मंत्रिमंडल के बीच सहमति बनाने के लिए नहीं।



ढालपुर मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान पूर्व सीएम जयराम ठाकुर, पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर व अन्य पदाधिकारी।

### 22 जनवरी को देश मनाएगा दिवाली

**जयराम** ठाकुर ने कहा कि 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ देश दिवाली मनाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मोदी सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमित सूद, जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल, जिला भाजपा महामंत्री अमर ठाकुर, बलदेव महंत पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष भीम सेन शर्मा, प्रदेश किसान मोर्चा के महामंत्री अखिलेश कपूर, प्रदेश महिला मोर्चा की आईटी एवं सोशल मीडिया संयोजक वर्षा ठाकुर, कुल्लू से 2022 के भाजपा प्रत्याशी नरोत्तम ठाकुर, नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष चमन कपूर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष तरुण विमल सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**सियासत** | हमीरपुर में राणा बनाम सुक्खू 'दूरियों' को कौन और कैसे करेगा 'कंट्रोल'

# लोकसभा चुनाव से पहले 'प्रेशर गेम' शुरू

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

राजनीति में स्थायी तौर पर न ही तो कोई 'दुश्मन' है और न ही 'मित्र'।



इसीलिए वर्चस्व की जंग में इन दिनों सरकार से नाराज चलने वाले पार्टी नेताओं खासकर विधायकों ने अब फिर से 'प्रेशर गेम' का माहौल बनाना शुरू कर दिया है। हालांकि यह प्रेशर गेम मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर कितना असरदार होगा। इसका तो पता नहीं, लेकिन वर्चस्व की जंग में सूबे की कांग्रेस राजनीति के अलावा भाजपा में भी हलचल जरूर है।

दोनों खेमों में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद एक तरफ मायूसी, तो दूसरी तरफ वेट एंड वॉच की राजनीति नजर आ रही है। मंत्रिमंडल में दो विधायकों की तैनाती के बाद मुख्यमंत्री का खेमा अब जैसे ही चुनावी मोड पर दिखने लगा है। प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर सरकार की गतिविधियां जिस बड़े स्तर पर अब शुरू हो चुकी हैं। उसके बीच पहले सुजानपुर में विधायक राजेंद्र राणा ने धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा को बुलाकर पार्टी राजनीति में खेमेबाजी की 'ताकत' को मजबूत दिखाने का प्रयास किया था। वहीं, अब उनके बेटे अभिषेक राणा ने आईटी सेल के प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर माहौल को और गरमाने का प्रयास तो किया ही है। दरअसल में राजेंद्र राणा और सुधीर शर्मा को मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिलने के बाद यह माना जा रहा है कि नई ताजपोशी से सरकार का विरोधी खेमा फिलहाल 'डाउन' तो हुआ ही है, लेकिन शायद वीरभद्र समर्थक इन नेताओं को यह भी महसूस हो रहा है कि लोकसभा चुनावों के लिए बिछने वाली नई बिसात से ठीक पहले प्रेशर गेम अब खास अंदाज में फिर शुरू की जाए। अहम सवाल यही है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और विधायक राजेंद्र राणा के दरमियान अब जो माहौल तैयार हो चुका है। उसे कभी नजदीकियां मिल पाएंगी या नहीं? क्या लोकसभा चुनावों की आहट के बीच कुछ ऐसा हो जाए, जिससे कांग्रेस की राजनीति में विरोधियों के गुनगुनाने का गीत बजना बंद हो जाए। (अनंत ज्ञान)

### हमीरपुर से दूरी बनाए हुए हैं राजेंद्र राणा

**असल** समस्या यह है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हमीरपुर जिले में होने वाले कार्यक्रमों में हिस्सा लेने से सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा सरकार के गठन के बाद से ही लगातार दूरी बनाए हुए हैं। किसी एकाध कार्यक्रम में हिस्सा लेने के अलावा उनकी मौजूदगी कहीं भी नजर नहीं आती। अब बदले हुए सत्ता के इन हालात में सुक्खू समर्थकों को यह नागवार तो गुजर ही रहा है। दूरियां इतनी बढ़ चुकी हैं, जिस कारण मंत्रिमंडल में मौजूदगी कैसे हो सकती है। यह चर्चा भी खूब हो रही है।

### सीएम के दौरे पर नहीं पहुंचे राजेंद्र राणा

**मुख्यमंत्री** का 17 जनवरी को एक दिनी दौरा अपने गृह विधानसभा क्षेत्र का हो चुका है। उसमें भी राजेंद्र राणा की शिरकत नहीं थी। 20 जनवरी से फिर वे भोरंज क्षेत्र के दौरे पर आ रहे हैं। उसके बाद 24 जनवरी को उनका बड़सर का दौरा है। अब देखना यही होगा कि विधायक राजेंद्र राणा बदली परिस्थितियों में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे या नहीं। हालांकि जानकारियां भी बता रहे हैं कि उनका कुछ दिनों तक सरकारी दौर शुरू हो चुका है। ऐसे में मौजूदगी तो नहीं होगी, लेकिन आने वाले दिनों में इसका एहसास होना स्वाभाविक है।

# केंद्रीय विवि के लिए प्रदेश सरकार ने 30 करोड़ जमा नहीं करवाए तो होगा आंदोलन

**पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए हिमाचल सरकार की ओर से 30 करोड़ रुपए जमा न करवाने पर आमजनता में बहुत अधिक क्रोध व्याप्त है। राज्य सरकार के रवैये के विरोध में आंदोलन शुरू हो गया है और इसमें भाजपा भी शामिल हो रही है। शांता कुमार ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा है कि 14 सालों से केंद्रीय विश्वविद्यालय के भवन निर्माण का काम अधूरा पड़ा है। केंद्र सरकार इसके निर्माण के लिए पहले ही 250 करोड़ रुपए स्वीकृत कर चुकी है, लेकिन जब तक हिमाचल सरकार अपने 30 करोड़ रुपए जमा नहीं करती है, तब तक केंद्र से मिले 250 करोड़ रुपए भी खर्च नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि कंद्रीय विश्वविद्यालय के भवन निर्माण में राज्य सरकार के उदासीन रवैये के खिलाफ शुरू हुए आंदोलन को जनता ने भी समर्थन देना शुरू किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री विजय सिंह मनकोटिया से मेरी बात हुई है, वह भी आंदोलन में कूदने को तैयार हैं। कांग्रेस के सुधीर शर्मा ने भी आंदोलन में सहयोग देने की बात की है। शांता कुमार ने कहा कि इस संबंध में उनकी मुख्यमंत्री से बात हुई थी। उन्हें पत्र भी लिखे थे। उन्होंने दूरभाष पर यह भरोसा दिलवाया था कि एक सर्वे पूरा होने पर धन जमा करवा देंगे, वह सर्वे पूरा हो चुका है। शांता कुमार ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि मुख्यमंत्री कोई बड़ा आंदोलन शुरू करने का मौका नहीं देंगे।



# पूर्व कृषि मंत्री वीरेंद्र कंवर बने राज्य भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

हिमाचल प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी के रूप में राज्य भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा सरकार में सबसे सफल कृषि मंत्री बिरेंद्र कंवर को बनाया है। वीरेंद्र कंवर 2003 से लगातार कुटलैहड़ विस क्षेत्र से लगातार चार बार जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं।



राजनीति का एक लंबा अनुभव एवं हिमाचल प्रदेश में भाजपा के प्रति हर मंडल स्तर पर अच्छी पहचान भी रखते हैं। ज्ञात रहे कि पूर्व जयराम सरकार में वीरेंद्र कंवर के पास पांच विभागों में कृषि विभाग भी था और पंचायतीराज एवं कृषि विभाग द्वारा वीरेंद्र ने प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों एवं मंडल स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है। उनकी लोकप्रियता को देखते हुए भाजपा हाइकमान ने उन्हें राज्य भाजपा किसान मोर्चा का प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं, नवनियुक्त भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी एवं राज्य भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने कहा कि भाजपा हाइकमान ने उन्हे जो जिम्मेदारी दी है। उसका वह पूरी ईमानदारी के साथ निर्वाह करेंगे और राज्य के हर मंडल स्तर पर भाजपा संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे। उन्होंने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सुक्खू सरकार अपनी ही गारंटियों में फसंती नजर आ रही है। सरकार के सवा वर्ष के कार्यकाल में सुक्खू सरकार दस गारंटियों में से एक भी पूरी नहीं कर पाई है। पूर्व मंत्री ने कहा कि आज कुटलैहड़ से लेकर शिमला तक और रामपुर से लेकर धर्मशाला तक राज्य सरकार के मंत्री विधायक नेता, जो भी अपने नाम की शिलान्यास या उद्घाटन की पाटिकाएं लगा रहे हैं। वह पूर्व राज्य भाजपा सरकार द्वारा धरातल पर उतारे गए योजनाओं की हैं।

# रामलला का स्वागत: आज कालीबाड़ी मंदिर से निकाली जाएगी शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में रामलला के स्वागत के लिए तैयारियां पूरी हो चुकि हैं। रामलला विराजमान के स्वागत में आज शनिवार को कालीबाड़ी मंदिर से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा सुबह 10 बजे कालीबाड़ी मंदिर से होकर, लोअर बाजार, माल रोड, सीटीयू, राधा कृष्ण मंदिर, गंज बाजार, शहीद भगत सिंह मार्ग से सभा गुरुद्वारा तक जाकर राम मंदिर में लौटेगी।

इस यात्रा में विभिन्न धार्मिक संस्थाएं भाग लेंगी। 21 से शिमला के राम मंदिर में अखंड पाठ शुरू होगा। इसमें कुल आठ पंडित शामिल होंगे। कुल लोग जो हवन में किसी कारणवश सक्षम नहीं हैं, वे बिना हवन के भी इस पाठ को करवा सकते हैं। यह पाठ लगभग 24 घंटों तक अनवरत रूप से चलता है। इसमें लगातार रामचरितमानस का सस्वर पाठ किया जाएगा। हिंदुओं की पवित्र नगरी अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की जोरों शोरों के साथ तैयारियां की जा रही हैं। ऐसे में देशभर में हिंदू समाज इस प्राण प्रतिष्ठा से अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। भारतवर्ष के अधिकांश हिंदू मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अलग-अलग तरह से कार्यक्रम किए जा रहे हैं। राजधानी शिमला के प्रसिद्ध राम मंदिर में भी इसकी तैयारी शुरू हो गई है। 22 को मंदिर परिसर में सूर्यास्त के बाद 5100 दीपक जलाए जाएंगे। रामलला के स्वागत के लिए मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अयोध्या राममंदिर के दर्शन के लिए मंदिर में एलईडी लगाई जाएगी। मंदिर आए श्रद्धालू राममंदिर के लाइव दर्शन कर पाएंगे। मंदिर को सुंदर और आकर्षित बनाने के लिए गुलाब और गेंदे के फूलों का प्रयोग किया गया है। शनिवार को सुबह शिमला शहर में भगवान राम की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### सुबह चार बजे से खुल जाएंगे मंदिर के कपाट

**रामलला** के स्वागत के लिए सुबह चार बजे से मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे। शिमला के राम मंदिर में 21 जनवरी से कार्यक्रम शुरू होगा। सुबह चार बजे से अखंड पाठ शुरू होगा, इसी बीच राम रक्षा स्तोत्रम का पाठ भी किया जाएगा। अखंड पाठ 22 जनवरी को समाप्त होना है। इसके समापन के बाद बड़ा हवन किया जाएगा, जिसमे शंख ध्वनि, घंटानाद, भजन-कीर्तन, सुंदरकांड और 21 बार हनुमान चालीसा का पाठ होगा। दिन में आरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद का प्रबंध किया जा रहा है। सूर्यास्त के बाद 5100 दीपक से मंदिर जगमगाना शुरू हो जाएगा।

**हिंदुओं** की पवित्र अयोध्या नगरी में 500 वर्षों के बाद भगवान राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होना पूरे हिंदू समाज के लिए गौरव की बात है। इस पावन अवसर पर शिमला राम मंदिर में भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सभी श्रद्धालु इस आयोजन में शामिल हो सकते हैं।
**राजीव सूद, सूद सभा अध्यक्ष।**

### पांच दीपक दिए जाएंगे

मंदिर कमेटी ने विभिन्न धार्मिक संस्थाओं को 22 जनवरी का निमंत्रण दिया गया। उसके साथ ही कमेटी ने यह फैसला लिया कि निमंत्रण के साथ पांच दीपक भी दिए जाएंगे, जो कि 22 को जलाए जाने हैं।

**5100** दीपक जलाए जाएंगे



### राम मंदिर का इतिहास

राजधानी शिमला के प्रसिद्ध राम मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। आजादी के समय एक पंडित उस स्थान पर भगवान श्रीराम की प्रतिमा की आराधना करते थे। उसके बाद स्वामी चिन्मयानंद 1960-62 में यहां पहुंचे। स्वामी चिन्मयानंद ने सभी के सामने यह प्रण लिया कि जब तक यहां पर राममंदिर का निर्माण नहीं होता, तब तक वह केवल एक समय का ही भोजन ग्रहण करेंगे। सूद कमेटी द्वारा किया गया है। 28 मार्च, 1988 में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी।

# प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 21 को होगा रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

▶ **शिविर का उद्घाटन राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे**

अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में उमंग फाउंडेशन और हिमाचल प्रदेश राज्य रेड क्रॉस सोसायटी ने शहर की विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से रिज मैदान पर 21 जनवरी को आयोजित किए जा रहे विशाल रक्तदान शिविर का उद्घाटन प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे।

वह श्रीराम जन्मभूमि की मुक्ति के संघर्ष में पिछले 500 वर्षों में शहीद हुए रामभक्तों को श्रद्धांजलि भी देंगे। उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. अजय श्रीवास्तव ने बताया कि शिमला की श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आयोजन समिति के तत्वावधान में हो रहे इस कार्यक्रम में अंगदान संकल्प के प्रमाण पत्र भी बनाए जाएंगे। सूद सभा शिमला के अध्यक्ष राजीव सूद ने लोगों से अपील की कि प्रदेश के इस अनूठे रक्तदान शिविर में अवश्य शामिल हों।

शहर की सभी प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं रक्तदान शिविर में शामिल होंगी। इनमें सूद सभा, श्री गुरु सिंह सभा, वाल्मीकि सभा, संत श्री रविदास धर्म सभा, सुनील उपाध्याय एजुकेशनल ट्रस्ट, आशादीप, टीएस नेगी ब्लड डोनर्स संस्था, श्यामला एजुकेशन एवं सोशल वेलफेयर ट्रस्ट, सेवा भारती और डॉक्टर हेडगेवार स्मारक समिति शामिल हैं।

# रामपुर विस क्षेत्र में हो रहे 161 करोड़ रुपए के विकास कार्य : विक्रमादित्य सिंह

## सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री ने तकलेच में सुनी जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत रामपुर विधानसभा क्षेत्र की तकलेच पंचायत मेंजन समस्याएं सुनीं और उनका निवारण किया।

इस दौरान 67 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें से अधिकतर का उन्होंने मौके पर निपटारा किया और शेष के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। सरकार गांव के द्वारा कार्यक्रम का लक्ष्य वर्तमान प्रदेश सरकार की ओर से करवाए जा रहे विकासात्मक कार्यों का लेखा लेकर लोगों के बीच प्रस्तुत करना और लोगों की समस्याओं का समय पर निपटारा करना है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि रामपुर विधानसभा क्षेत्र में 121 करोड़ रुपए के सड़क उन्नयनीकरण के कार्य रामपुर, ननखड़ी में करवाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, विधायक प्राथमिकता के तहत 64 करोड़ रुपए के विकासात्मक कार्य करवाए जा रहे हैं, जिसमें से 33 करोड़ रुपए के कार्य शुरू हो चुके हैं और 30 करोड़ रुपए के कार्य पाइपलाइन में हैं, जिन्हे प्राथमिकता के आधार पर जल्द करवाया जाएगा। वह क्षेत्र की समस्याओं को प्रदेश सरकार के समक्ष प्राथमिकता के आधार पर रखेंगे, ताकि इलाके का संतुलित और समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। तकलेच पंचायत में 14 करोड़ रुपए से सीवरेज कार्य शुरू हो चूका है, जिसे जल्दी पूरा किया जाएगा।



सरकार गांव के द्वार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य तकलेच में लोगों को संबोधित करते हुए।

### आपदा में सीएम ने दिया संवेदनशीलता का परिचय

भारी बरसात के कारण पिछले वर्ष जिला शिमला में सबसे अधिक नुकसान रामपुर और ननखड़ी क्षेत्र में हुआ था। उन्होंने उस दौरान क्षेत्र का दौरा किया था ताकि लोगों को यह विश्वास रहे की सरकार उनके साथ बुरे समय में भी खड़ी है।

### केंद्र से एनडीआरएफ के तहत मिले 333 करोड़

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि आपदा में हुए नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र सरकार से केवल एनडीआरएफ के तहत 333 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई है, जबकि 15000 करोड़ रुपए मांगे गए थे। प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए 4500 करोड़ रुपए का आर्थिक पैकेज प्रभावित लोगों के लिए जारी किया। इसके अतिरिक्त, आपदा राहत मैन्युअल में भी संशोधन किया गया, जिसके तहत पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त माकन को अब सात लाख रुपए दिए जा रहे हैं।

### सड़कों के उन्नयनीकरण का किया शिलान्यास

इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री ने रामपुर उपमंडल के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तृत्य चरण में 52 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से पांच सड़कों के उन्नयनीकरण कार्य का शिलान्यास किया, जिसमें 18 करोड़ 12 लाख रुपए से माशनु से भालीधार सड़क, 10 करोड़ 82 लाख रुपए से बरकाल से तकलेच सड़क, सात करोड़ छह लाख रुपए से तकलेच से खनोरटू सड़क, सात करोड़ 37 लाख रुपए से भाली से भालटीधार सड़क तथा नौ करोड़ 31 लाख रुपए से सुंगरी से बरांदली सड़क शामिल है।

# सात माह बाद भी नहीं मानी मेडिकल एसोसिएशन की मांगें

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

सिविल अस्पताल जुन्गा के चिकित्सकों ने बीते कल से काले बिल्ले लगाकर मरीजों का उपचार किया तथा मांगें पूरी न होने पर सरकार के प्रति रोष व्यक्त किया।

अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोज शर्मा का कहना है कि सात माह बीत जाने के बाद भी सरकार ने प्रदेश मेडिकल एसोसिएशन की मांगों को पूरा नहीं किया गया है। हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन की मांगों को सरकार की ओर से अनदेखा करने से चिकित्सकों के स्वाभिमान को ठेस पहुंची है। तीन जून, 2023 को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन ने मांगों को लेकर बैठक की थी, लेकिन आज तक उन मांगों को पूरा नहीं किया गया, जिससे चिकित्सक संघ में रोष व्याप्त हैं। डॉक्टर मनोज ने बताया कि एसोसिएशन की मुख्य मांगों में पदोन्नति योग्यता एवं वरिष्ठता के आधार पर की जाए। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग में निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, उप-निदेशक और खंड चिकित्सा अधिकारियों के विभिन्न पद रिक्त चल रहे हैं इन पदों पर पदोन्नति योग्यता एवं वरिष्ठता के आधार पर करने का अनुरोध सरकार से किया गया था।

संघ ने कड़े शब्दों में सेवा विस्तार की प्रक्रिया समाप्त करने की मांग की है। इनका कहना है कि सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पदोन्नति न दी जाए, जो कि प्रदेश के बेरोजगार युवा चिकित्सकों के हित में नहीं है। संघ ने यह भी मांग की है कि कार्यक्रम अधिकारी के पदों पर एमबीबीएस कैडर से ही चिकित्सा अधिकारियों को लगाया जाए। दंत चिकित्सा अधिकारियों के कार्यक्रम अधिकारी के रूप में अलग से पदों को स्वीकृति देने तथा एनपीए को पुन: लागू करने की मांग की है।



सिविल अस्पताल जुन्गा के चिकित्सक काले बिल्ले लगाकर खड़े हुए।

### विशेषज्ञ चिकित्सों का वेतन घटाकर 33,660 किया

विशेषज्ञ चिकित्सों का वेतन घटाकर 33,660 कर दिया गया है, जबकि अधिसूचना के तहत न्यूनत वेतन 40,392 तय हुआ था, जो कि तर्कसंगत नहीं है। मनोज ने बताया कि चिकित्सक विभिन्न प्रतिकूल परिस्थितियों में दूरदराज क्षेत्रों में कार्य कर रहें है और उनकी मांगें बिलकुल जायज है, जिस पर सरकार को तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए ।

# टूटीकंडी में अवैध निर्माण पर नगर निगम ने चलाया डंडा

## नोटिस का जवाब न देने पर एमसी ने तोड़ा ढारा



ओल्ड बैरियर के समीप वक्फ बोर्ड की जमीन पर बनाए गए ढारे को तोड़ती निगम की टीम।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला शहर के टूटीकंडी वार्ड में वक्फ बोर्ड की जमीन पर नगर निगम ने अवैध रूप से बने ढारे पर कार्रवाई की गई। निगम की ओर से अवैध ढारे को शुक्रवार को तोड़ दिया गया। टूटीकंडी में मेंटल हॉस्पिटल के पास यह ढारा बनाया गया था। नगर निगम को इसकी शिकायत दी गई थी, जिसकी शिकायत के बाद बुधवार को नगर निगम ने नोटिस भेजा और 24 घंटे के भीतर इसके निर्माण कार्य का परमिशन लेटर दिखाने को कहा था, लेकिन वक्फ बोर्ड की ओर से कोई उत्तर न मिलने पर इसे एमसी की टीम ने तोड़ दिया।

### निगम कमिश्नर को दी लिखित शिकायत

विकासनगर निवासी मनोहर सिंह का कहना है कि उनके घर के पिछली तरफ भी व्यक्ति ने अवैध निर्माण किया हुआ है। वह बिना परमीशन के प्लॉट बना रहा है। इसके लिए लगाई गई दीवार बरसात में ढह गई, जिस वजह से पानी दूसरे भवनों में घुस रहा है। इस अवैध निर्माण से दूसरे मकान भी खतरे की चपेट में आ चुके हैं। नगर निगम कमिश्नर को भी लिखित में शिकायत दी गई है, जिसमें कार्रवाई करने का आश्वासन मिला है। उन्होंने कहा कि नगर निगम की टीम को बर्फबारी से पहले स्पॉट पर आकर स्थिति देखनी चाहिए।

# राजपाल को पसंद आया मिसल पाव

## स्कैंडल प्वाइंट सहित आसपास के क्षेत्रों में फिल्माए गए फिल्म जर्नी के कई दृश्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में बॉलीवुड फिल्म जर्नी की शूटिंग का दौर जारी है। बीत दो दिनों से मशोबरा व आसपास के क्षेत्रों सहित बैंटनी कैसल में शूटिंग हुई। शुक्रवार को भी शूटिंग का दौर जारी रहा। इस दौरान सीटीओ के समीप शूटिंग हुई। दिन भर यहां पर नाना पाटेकर, उत्तकर्ष शर्मा, सिमरत कौर, राजपाल यादव, अश्विनी कलेस्कर के शॉट लिए गए। एक शॉट में उत्तकर्ष सिमरत का हाथ पकड़कर खींचते हुए नजर आए। इस बीच अन्य कलाकार भी अपने किरदार निभा रहे थे। फिल्म की शूटिंग आगाामी 22 फरवरी तक शिमला व आसपास के स्थानों पर होगी। फिलहाल दो दिन और बैंटनी कैसल व आसपास शूटिंग का सिलसिला जारी रहेगा। इसके बाद फागू में शूटिंग होगी और इसके बाद 22 को शिमला के माल रोड पर शूटिंग होने की सूचना है। इसी बीच एक वीडियो राजपाल यादव ने सोशल मीडिया पर भी डाला, जिसमें नाना पाटेकर राजपाल को मिसल पाव की प्लेट दे रहे हैं। स्वाद चखने के बाद राजपाल ने कहा कि मजा आ गया नाना भाई। अब शनिवार को स्कैंडल प्वाइंट सहित आसपास फिल्म के दृश्य फिल्माए जाएंगे।

जर्नी की शूटिंग ...



माल रोड पर जर्नी फिल्म की शूटिंग के दौरान शॉट देते अभिनेत्री सिमरत व अश्विनी कलसेकर।

# 22 जनवरी भारतवर्ष के सांस्कृतिक इतिहास का सबसे बड़ा दिन : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि 22 जनवरी का दिन भारत वर्ष के 1000 साल के सांस्कृतिक इतिहास का सर्वाधिक महत्वपूर्ण दिन है, जब 500 साल के संघर्ष के बाद हजारों बलिदानों के बाद श्री राम जन्म स्थान पर श्री अयोध्या जी में भव्य राम मंदिर का निर्माण व रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है।

बिंदल ने कहा कि ये केवल राम मंदिर का निर्माण नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक भारत का उदय है। सैकड़ों वर्षों तक नरेंद्र भाई मोदी के इस योगदान को देश स्मरण करेगा। 1947 में देश को राजनीतिक आजादी मिली परंतु 22 को सांस्कृतिक आजादी की शुरुआत होगी और भारत के खोए हुए गौरव के पुर्नजागरण का समय शुरू हुआ है। बिंदल ने कहा कि यह बदलता हुआ भारत है जो मोदी जी के नेतृत्व में राम राज्य की कल्पना कर रहा है, परंतु खेद का विषय यह है कि इस आलौकिक घटना का साक्षी बनने से कांग्रेस पार्टी के नेता परहेज कर रहे हैं। कांग्रेस ने समय-समय पर आवाम के अस्तित्व को नकारा, राम मंदिर के अस्तित्व को नकारा।

### 22 को होना चाहिए सार्वजनिक अवकाश

डॉ. बिंदल ने प्रदेश की सरकार से कहा कि हिमाचल के सभी राम भक्त 22 जनवरी के कार्यक्रम को अपने-अपने गांव के मंदिर में देखना चाहते हैं इसलिए 22 जनवरी को छुट्टी का प्रावधान किया जाना चाहिए।

### जवाहर लाल नेहरू के कारण लटका निर्माण कार्य

बिंदल का आरोप है कि कांग्रेस की केंद्र की सरकारों और प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की अदूरदर्शिता के कारण राम मंदिर का निर्माण लटकता रहा। 50 साल रामलला ताले में रहे व 30 साल टैंट में विराजमान रहे। आज उन करोड़ों राम भक्तों की मनोकामना पूर्ण हो रही है, जिन्होनें श्री राम के कार्य के लिए अपना योगदान दिया।

# आज एमसी की एफसीपीसी बैठक

**शिमला।** राजधानी शिमला में नगर निगम की एफसीपीसी की बैठक 20 जनवरी को होने वाली है।

▶ **शहर के विकास पर होगी चर्चा**

इस बैठक में आवारा कुत्तों और पेड़ों को लेकर फैसले किए जाने वाले हैं। एफसीपीसी कमेटी के सदस्यों ने अपने वार्ड की समस्याओं को लेकर भी प्रस्ताव दे दिए हैं। इनमें अधिकतर आवारा कुत्ते स्ट्रीट लाइट्स, पेड़ और लॉपिंग को ठीक करने के प्रस्ताव हैं। एफसीपीसी की बैठक में इस बार ड्रेनेज सिस्टम को लेकर भी प्रस्ताव रखे जाने हैं और इस पर सभी पार्षदों की सहमति भी होनी है। इसको लेकर भी एफसीपीसी की बैठक में प्रस्ताव रखे जाने हैं। नगर निगम के मेयर सुरेंद्र चौहान का कहना है कि इस साल शिमला शहर को स्वच्छता स्टेट अवार्ड मिला है। शहर में किस प्रकार का विकास किया जा सकता है इस पर चर्चा की जाएगी। शिमला शहर को आने वाले समय में इससे अच्छा स्थान प्राप्त हो इसके लिए नगर निगम शहर में विभिन्न विकासात्मक कार्य करने की तकनीक बनाएगा।

**असुविधा** शौचालयों में बोर्ड पर लिखा मुफ्त सुविधा, कर्मचारी सफाई के नाम पर महिलाओं से वसूल रहे पैसे

# मुफ्त सुविधा देने के बाद भी महिलाओं से पैसे ऐंठ रहे कर्मचारी

**आशिमा वैरागी, शिमला**

राजधानी शिमला की खूबसूरती को देखने के लिए पर्यटक बाहरी राज्यों से पहुंचते हैं।

शिमला शहर में आने वाले पर्यटकों व अन्य सभी लोगों के लिए शहर में जगह-जगह शौचालयों की व्यवस्था की गई है। निगम की ओर से बनाए गए शौचालयों में महिलाओं से कोई शुल्क नहीं लिया जाता है, लेकिन नगर निगम के कर्मचारियों ने लूट मचाई है। शहर में कई शौचालयों के दरवाजे के साथ बोर्ड लगे हैं कि इन शौचालयों में मुफ्त सुविधा दी जा रही है, बावजूद इसके वहां पर तैनात कर्मचारी लोगों से पैसे ऐंठ रहे हैं, जिसका निगम को पता ही नहीं था। वह पैसे निगम को नहीं जा रहे थे। निगम की उपमहापौर ने शहर के शौचालय में जाना मुफ्त किया है, लेकिन फिर भी शौचालय में महिलाओं से पैसे लिए जा रहे हैं, जो कि सरासर गलत है। निगम की ओर से उन कर्मचारियों को वेतन दिया जाता है। वह कर्मचारी बाहरी राज्यों या अनपढ़ लोगों से पैसे मांगते हैं, जिससे उन लोगों को पैसे देने पड़ते हैं। शौचालय में जाने वाली महिलाएं यदि उन कर्मचारियों को कहती हैं कि यहां मुफ्त सेवाएं देने का बोर्ड है, तो उन कर्मचारियों का कहना होता है कि वह यहां की सफाई करते हैं, जिसका वह पैसा लेते हैं। निगम की ओर से इन कर्मचारियों को वेतन दिया जाता है, लेकिन फिर भी वह पैसे लेने से बाज नहीं आते हैं। (अनंत ज्ञान)



शिमला के रानी झांसी पार्क स्थित शौचालय।

### शहर के 100 शौचालयों में मुफ्त सुविधा

शिमला शहर में कुल 130 शौचालय है। जिसमें से 100 शौचालयों में मुफ्त सेवाएं दी जाती हैं। बाकी बचे 30 शौचालयों में शुल्क देना पड़ता है, जिन शौचालय में मुफ्त सेवा दी जाती है वहां पर निगम की ओर से बोर्ड लगाए गए है। 30 शौचालय में शुल्क इसलिए है, ताकि निगम को भी इससे थोड़ी आय प्राप्त हो सके।

### आगामी कार्रवाई के लिए चेताया

उपमहापौर ने एक मुहिम छेड़ी थी कि महिलाओं को भी शौचालय में मुफ्त सेवाएं दी जाएं। क्योंकि पुरुषों के लिए भी सभी शौचालयों में मुफ्त सेवाएं दी जाती हैं। तभी से शहर में इस पर कार्य किया जा रहा था, लेकिन फिर भी कर्मचारियों की ओर से महिलाओं से पैसे लिए जा रहे थे, जैसे ही इसका पता उपमहापौर को पता चला तो उन्होंने कर्मचारियों को तलब किया और आगामी कार्रवाई के लिए भी चेताया।

शिमला शहर में कुल 130 शौचालय हैं, जिसमें 100 शौचालय में मुफ्त सेवाएं दी जाती हैं। शहर में जिन शौचालयों में भी मुफ्त सेवाओं का बोर्ड लगा हुआ है, उन शौचालयों में पैसे नहीं लिए जाएंगे। यदि वहां पर पैसे लिए जाते हैं, तो उसकी शिकायत नगर निगम को दी जाए। तो उन पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
**उमा कौशल, उपमहापौर नगर निगम शिमला।**

# एबीवीपी ने गेस्ट फैकल्टी को वापस लेने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

▶ **एबीवीपी ने एडीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन**

एबीवीपी जिला शिमला ने शुक्रवार को जेओए, आईटी के अभ्यर्थियों के लंबित पड़े परिणाम को घोषित करने एवं गेस्ट टीचर की भर्ती के फैसले को वापस लेने के लिए एबीवीपी ने एडीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।

एबीवीपी शिमला महानगर मंत्री अंकुश वर्मा ने कहा कि सरकार के अनुसार प्रदेश में स्कूल और कॉलेजों में पीरियड आधार पर 2600 अतिथि शिक्षकों की भर्ती होगी। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में दुर्गम जनजातीय सहित तमाम क्षेत्रों में रिक्तियों को भरने के लिए यह फैसला प्रदेश सरकार ने लिया है। प्रदेश सरकार स्कूल व कॉलेजों में गेस्ट टीचर की नियुक्ति करने की तैयारी में है। छठी कक्षा से कॉलेज तक के विद्यार्थियों को पढ़ाने का जिम्मा इन्हें दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विभाग को इसका प्रस्ताव बना कर मंत्रिमंडल को सौंपने के निर्देश दिए हैं। जेओए आईटी-817 का मुद्दा प्रदेश में ज्वलंत रूप धारण कर चुका है।

वर्ष मार्च 2021 में हुई जेओए आईटी की परीक्षा इसका की स्किल टेस्ट भी जून 2022 में हो चुका है, लेकिन अभी तक प्रदेश सरकार ने उसका रिजल्ट घोषित नहीं किया है। अंकुश वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री बार- बार झूठे बयान देकर जेओएए आईटी के अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। एबीवीपी ने ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश सरकार को जल्द से जल्द इस परीक्षा परिणाम को घोषित व गेस्ट टीचर की भर्ती के फैसले को वापस लेने की मांग की।

## न्यूज ब्रीफ

### लोकेशन पॉलिसी को दोबारा शुरू करने की मांग



मंत्री गोमा से भेंट करते एससीवीटी आयुर्वेद फार्मासिस्ट संगठन के पदाधिकारी।

**अर्की।** एससीवीटी आयुर्वेद फार्मासिस्ट संगठन का एक प्रतिनिधि संगठन अध्यक्ष मुकेश पठानिया की अध्यक्षता में आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा से उनके निवास स्थान पंचरुखी में मिला और उनको अपनी समस्या से अवगत करवाया। इस अवसर पर संगठन के महासचिव खेमराज ठाकुर ने कहा कि 2022 में पिछली सरकार ने फार्मासिस्ट भर्ती के लिए आवेदन मांगे थे, जो अभी तक ठंडे बस्ते में पड़े हुऐ हैं। इसके साथ उन्होंने मंत्री को लोकेशन पॉलिसी को दोबारा से शुरू करने की मांग उठाई। मंत्री ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही विभाग से वार्तालाप करके शीघ्र ही आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी। इस अवसर पर संगठन के सदस्य देवेंद्र शर्मा, मुनीष, अरुण, अमित, पंजाब सिंह, मीनाक्षी शर्मा, दीपा व ज्योति शर्मा आदि उपस्थित थे।

### चंडी विद्यालय के मेधावियों को मिले टैबलेट



प्रधानाचार्य ने छात्रों का मेडल पहनाकर सम्मान किया।

**अर्की।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंडी के नौ विद्यार्थियों को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पंजल अर्की में सीपीएस संजय अवस्थी के हाथों सत्र 2021-22 के लिए डेटा मिनी टैबलेट सौंपे गए। इसमें सात विद्यार्थी हर्षिता, आंचल, अंजना, काजल, दीपिका, किरण चौहान व मनीष को कक्षा 12वीं एवं दो विद्यार्थियों मीनाक्षी और गौरव को कक्षा दसवीं में उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य भूपेंद्र गुप्ता ने इन विद्यार्थियों को प्रातःकालीन सभा में मेडल पहनाकर स्वागत किया। प्रधानाचार्य ने इस उपलब्धि के लिए पूरे विद्यालय परिवार विद्यार्थियों एवं अभिभावकों व बच्चों को बधाई दी।

### गर्म स्वेटर पाकर चहक उठे नन्हे छात्र



बहराल विद्यालय में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भाविप के पदाधिकारी व छात्र।

**पांवटा साहिब।** भारत विकास परिषद पांवटा साहिब ने प्राथमिक विद्यालय बहराल में बच्चों को गर्म स्वेटर वितरित किए। सादे समारोह में 33 छात्र- छात्राएं अपनी वर्दी की नई स्वेटर प्राप्त करते ही चहक उठे। इस अवसर पर भारत विकास परिषद पांवटा साहिब के अध्यक्ष अनिल सैनी ने बच्चों के साथ संवाद किया। प्रमोद गौड़ और वीणा गौड़ ने भी बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करने और आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में मुख्य शिक्षक श्यामलाल और इंद्रजीत कौर ने परिषद के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अनिल सैनी, सदस्य प्रमोद गौड़, वीणा गौड़ राजेश शर्मा विद्यालय के मुख्य शिक्षक रेनू गोस्वामी, गंगा चौधरी, मनवीर कौर, सुरेंद्र कौर, शशि कुमारी, वीरेंद्र शर्मा, सुदेश कुमार और राणा आदि उपस्थित रहे।

### 24 तक मनाया जाएगा राष्ट्रीय बालिका सप्ताह



राष्ट्रीय बालिका सप्ताह के तहत बालिका संरक्षण का संकल्प लेती महिलाएं।

**सोलन।** बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा समाज में विकास के लिए समान अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 24 जनवरी तक जिला सोलन में राष्ट्रीय बालिका सप्ताह मनाया जाएगा। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी सोलन विनोद कुमार गौतम ने दी। विनोद कुमार गौतम ने बताया कि इस आयोजन में जन भागीदारी के लिए सोलन जिले में बालिकाओं के सम्मान के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि आज जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में हस्ताक्षर तथा शपथ अभियान का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों का लक्ष्य बालिकाओं के मूल्य निर्धारण पर जोर देना है।

### भाजपा ने प्राण प्रतिष्ठा को लेकर की चर्चा



नालागढ़ में भाजपा मंडल नालागढ़ की बैठक में हिस्सा लेते हुए पदाधिकारी।

**बीबीएन।** भारतीय जनता पार्टी मंडल नालागढ़ की कामकाजी बैठक मंडल अध्यक्ष मनोहर राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष रत्न सिंह पॉल, पूर्व विधायक लखविंद्र सिंह राणा, शिमला संसदीय क्षेत्र के संगठन मंत्री अक्षय भरमौरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 22 जनवरी को भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की सहभागिता, अयोध्या राम मंदिर दर्शन हेतु जाने वाले राम भक्तों को व्यवस्था से संबंधित एवं आगामी लोकसभा चुनाव जैसे करणीय कार्यों पर चर्चा हुई। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष आशुतोष वैद्य, किसान मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता संजीव शर्मा, पूर्व चेयरमैन जोगिंद्रा बैंक योगेश भरतीया, मंडल विस्तारक अमित शर्मा, जिला उपाध्यक्ष योगेश्वर राणा, जिला सचिव सरवन चंदेल, मंडल उपाध्यक्ष नंदलाल शर्मा एवं गुरिंद्र सिंह, मंडल महामंत्री कृष्ण कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शहीद रविंद्र सिंह को दी श्रद्धांजलि



शहीद रविंद्र सिंह को शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि देते लोग।

**पांवटा साहिब।** अपने माता-पिता के इकलौते सपूत अमर शहीद रविंद्र सिंह के पैतृक गांव शिवा-सुनोग स्थित स्मृति स्थल परभूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा साहिब-शिलाई क्षेत्र व शहीद के परिवार तथा पंचायत के सदस्यों ने शहीद रविंद्र को श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। वर्तमान में शहीद रविंद्र के परिवार में केवल माता-पिता हैं और वे अपने भाई और उनके बच्चों के साथ रहते हैं। परिवार, गांव व क्षेत्र के सभी लोगों को सिपाही रविंद्र के सर्वोच्च बलिदान पर गर्व है। इस मौके पर शहीद के पिता सुंदर सिंह और माता कमला देवी व सगंठन के पदाधिकारियों ने स्मारक स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके उपरांत राष्ट्रगान गाया। तदोपरांत उपस्थित सभी लोगों ने शहीद रविंद्र के स्मृति स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## स्वास्थ्य निदेशक ने किया सोलन के जोनल हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण

# शिशु वार्ड में सीलन देखकर चढ़ा पारा



शिशु वार्ड की दीवारों में जमा सीलन और वार्ड का निरीक्षण करते स्वास्थ्य निदेशक डॉ. गोपाल बेरी, साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

प्रदेश के स्वास्थ्य निदेशक डॉ. गोपाल बेरी ने सोलन के जोनल चिकित्सालय को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से मिलकर उन्हें यहां उपलब्ध हो रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया।

चिकित्सालय के वार्डों के निरीक्षण के बाद उन्होंने सामने आई खामियों को दूर करने के लिए स्थानीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने खासकर शिशु वार्ड में दीवार पर आई सीलन को साफ करके वार्ड को चकाचक करने के निर्देश दिए। इसके बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में कई अच्छी चीजें भी उन्हें दिखीं तो कई खामियां भी दिखीं। उन्होंने कहा कि वे पुन: चिकित्सालय का निरीक्षण करने यहां आएंगे।

**अधिकारियों को खामियां तुरंत दूर करने के दिए निर्देश, बोले-फिर आउंगा**

वार्डों में फैली गदंगी पर भी उन्होंने अपनी असंतुष्टता स्थानीय अधिकारियों के सामने जाहिर की। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय अस्पताल के एमएस भी उनके साथ थे।

उन्होंने बताया कि जहां भी सुविधाओं की कमी देखने को मिली है, वहीं आवश्यक दिशा-निर्देश भी दे दिए गए हैं, ताकि अस्पताल में आए मरीजों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। चिकित्सा निदेशक ने आज सुबह चिकित्सालय में पहुंच कर पहले दस्तावेजों व रजिस्टरों की जांच की, इसके बाद पूरे चिकित्सालय परिसर का मुआयना किया।

### एंबुलेंसों का बारीकी से किया निरीक्षण

स्वास्थ्य निदेशक गोपाल बेरी ने चिकित्सालय के बाहर खड़ी एंबुलेंसों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने हरेक एंबुलेंस का दरवाजा खुलवाया व मरीजों के लिए एंबुलेंस के अंदर उपलब्ध मशीनरी की जांच की। एक एंबुलेंस में ऑक्सीजन के सिलेंडर मरीज के बिस्तर के साथ रखे देखने पर उन्होंने कहा कि इन्हें दूसरी जगह रखा जाए। इससे मरीज को परेशानी होगी। उन्होंने कुछ एंबुलेंसों को अपने सामने स्टार्ट करवा कर भी देखा। एक एंबुलेंस दो-तीन प्रयास में स्टार्ट हो सकी।

### अस्पताल की लैब से दिखे संतुष्ट

स्वास्थ्य निदेशक जोनल हॉस्पिटल सोलन की लैब देखकर सबसे ज्यादा संतुष्ट दिखे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से इस चिकित्सालय की लैब चल रही है, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों जब क्रस्ना लैब ने अपनी सेवाएं रोक दी थीं, तब भी इस लैब से मरीजों के टेस्ट लगातार जारी रहे। उन्होंने कहा कि इस चिकित्सालय में एक और अच्छी बात उन्हें दिखी जो अमूमन चिकित्सालयों की सबसे बड़ी समस्या है, यहां स्टाफ की कमी की कोई समस्या नहीं है।

## हिट एंड रन कानून को लेकर किया प्रदर्शन

**पांवटा साहिब।** सिरमौर ट्रक ऑपरेटर यूनियन की अपील पर पांवटा साहिब में भी ट्रक ऑपरेटरों और चालकों ने केंद्र सरकार के खिलाफ एक घंटे का प्रदर्शन किया। इस दौरान सभी चालकों ने भारत सरकार द्वारा लाए गए काले कानून को वापस लेने की मांग की। देश में लागू हुए नए हिट एंड रन कानून के खिलाफ ट्रांसपोर्टर और ट्रक ड्राइवर भारत सरकार के इस फैसले से नाराज हैं। सिरमौर ट्रक ऑपरेटर यूनियन के अध्यक्ष बलजीत सिंह नागरा ने कहा कि अगर भारत सरकार द्वारा जल्द यह कानून वापस नहीं लिया तो सिरमौर ट्रक ऑपरेटर यूनियन भी भारत की सभी यूनियनों के साथ भारत सरकार के खिलाफ होने वाली हड़ताल में शामिल होगी।

बता दें कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर सात लाख रुपए तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रावधान है। सिरमौर ट्रक ऑपरेटर यूनियन हिट एंड रन कानून को सख्त बनाने का विरोध किया है।

## सराहां-परवाणू बस सेवा बंद होने पर भड़के ग्रामीण

**एसडीएम को भेजा ज्ञापन एक सप्ताह का दिया समय**

**राजगढ़।** पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के घिनी घाड़ की सराहां-परमाणू बस सेवा बंद होने से ग्रामीणों तथा जन प्रतिनिधियों ने आज एसडीएम सराहां को ज्ञापन सौंपते हुए सरकार तथा परिवहन विभाग के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया।

इस मौके पर कई पंचायतों के प्रधान व उपप्रधान एसडीएम आफिस पहुंचे, जहां पर सभी ने नायब तहसीलदार के माध्यम से सराहां-परमाणू बस सेवा तथा सराहां-नारायणगढ़ बस सेवा को दोबारा शुरू करने के लिए प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता बलदेव भंडारी तथा प्रतिनिधियों ने कहा की यदि एक हफ्ते के अंदर दोनों बसों को नहीं चलाया गया तो सैकड़ों लोग सराहां-नाहन सड़क का चक्का जाम करेंगे जिसकी जिम्मेदारी सरकार व विभाग की होगी।

## प्रतियोगिता के दौर में करना होगा बच्चे का सर्वांगीण विकास : जंग

### वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जामनीवाला का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**



कार्यक्रम के दौरान छात्रा को सम्मानित करते मुख्य अतिथि किरनेश जंग।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जामनीवाला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक चौधरी किरनेश जंग मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान उनके साथ क्षेत्र के कई गणमान्य लोग व शिक्षा विभाग के कई अधिकारी भी शामिल हुए।

इस समारोह का मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलन के साथ आगाज किया। इसके बाद स्कूल के प्रधानाचार्य गीता राम ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने वर्षभर हासिल की गई विद्यालय की उपलब्धियों को बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ खेलकूद व अन्य गतिविधियों में भी विद्यार्थियों की बराबर भागीदारी रहती है। राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर कई खिलाड़ियों ने नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रशासन का यह प्रयास है कि विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास किया जाए। इस दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। देश भक्ति गाने, नाटी, भांगड़ा, और लघु नाटिका मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान चौधरी किरनेश जंग ने विद्यार्थियों संघ नाटी भी डाली। मुख्य अतिथि के हाथों वर्षभर में विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि को भी स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे चौधरी किरनेश जंग ने कहा कि आज के इस कंपटीशन के दौर में विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास होना अति आवश्यक है। आज के समय में सरकार विद्यार्थियों को वर्दी, स्वेटर, जूते, किताबें आदि उपलब्ध करवा रही है, ताकि हर वर्ग के बच्चे स्कूल जाकर शिक्षा ग्रहण कर सकें।

इस दौरान जामनीवाल पंचायत प्रधान बलबीर सिंह, उपप्रधान अनिल कुमार, एसएमसी प्रधान अंजना देवी, नंबरदार गुरबख्श सिंह, मुकेश, प्रदीप चौहान, किशोरी लाल, अशरफ, पवन, तारा सिंह, मोहन सिंह, केहर सिंह, मोनू, हरपाल सिंह, संगत सिंह व संतराम आदि मौजूद रहे।

## भाजपाई तलाशते हैं आपदा में अवसर : राजेंद्र ठाकुर

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

पच्छाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर ने कहा है कि भाजपा की करनी व कथनी में जमीन आसमान का फर्क है। भाजपा नेता प्रदेश में आई आपदा के समय सरकार का सहयोग करने के बजाए उसमें भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे।

पत्रकारवार्ता में राजेंद्र ठाकुर ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के बयान की टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा कि कोरोना काल में विपक्ष में होते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 14 लाख रुपए दान किए, जबकि भाजपा नेता आपदा में भी अवसर तलाश रहे थे, परिणामस्वरूप प्रदेश भाजपा अध्यक्ष को उस समय पद छोड़ना पड़ा था। इस कारण अब डॉ. राजीव बिंदल अपनी हार के चलते बौखलाहट में प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व की कांग्रेस सरकार आमजन की व सुख की सरकार है। प्रदेश में इस बार सबसे अधिक प्राकृतिक आपदा आई है और प्रदेश सरकार ने इस आपदा की घड़ी में आपदा राहत में बहुत बड़ा बदलाव करके आपदा राशि को कई गुना बढ़ाकर प्रदेश की जनता को बड़ी राहत प्रदान की है

उन्होंने इस मौके पर सांसद सुरेश कश्यप को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि अपने सांसद के कार्यकाल में एक भी विकास कार्य नहीं करवाया। उन्होंने कहा कि पच्छाद में नाराज चल रहे कांग्रेस के लोगों को लोकसभा चुनाव से पूर्व मुख्य धारा में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पच्छाद में कांग्रेसी नेत्री दयाल प्यारी के खिलाफ कोई नाराजगी नहीं है। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता हरदेव राणा, विक्रम जैलदार, अनुज ठाकुर, भूपेंद्र ठाकुर व अरुण चौहान उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव के लिए एकजुटता के साथ करें काम



कांग्रेस भवन सोलन में बैठक में उपस्थित जिला युवा कांग्रेस के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में भाजपा, कांग्रेस दोनों ही पार्टियां कमर कस चुकी हैं। दोनों ही दल अपने-अपने अनुषांगिक संगठनों के कील कांटे ठीक करने में जुटे हुए हैं, लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को कांग्रेस भवन सोलन में जिला युवा कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई। इसमें पांचों निर्वाचन क्षेत्रों के अध्यक्ष मौजूद रहे।

बैठक की अध्यक्षता जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित ठाकुर ने की। बैठक में विशेष रूप से युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निगम भंडारी, लोकसभा शिमला और मंडी के प्रभारी अविनाश मेहला और शिमला लोकसभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल अग्निहोत्री विशेष रूप से मौजूद रहे।

सभी युवा नेताओं ने बैठक में पहुंचे पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि लोकसभा चुनावों को लेकर एकजुटता के साथ कार्य करें और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को बूथ स्तर तक पहुंचाएं। वहीं, इस दौरान 'बूथ जोड़ो, यूथ जोड़ो' अभियान को लेकर चर्चा की गई।

प्रदेश अध्यक्ष निगम भंडारी ने इस दौरान कहा कि हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार सभी वर्गों का ध्यान रखकर नीतियां लेकर आ रही है, जिसका लाभ लोग उठा रहे हैं।

## राजस्थान रोडवेज की चपेट में आई स्कूटी सवार, मौत

**सोलन।** धर्मपुर के पास पट्टा मोड़ पर राजस्थान रोडवेज की एक बस की चपेट में स्कूटी के आने से स्कूटी सवार की मौत हो गई। सोलन के पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि अभी मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम लगभग छह बजे राष्ट्रीय उच्च मार्ग नंबर-पांच पर धर्मपुर के शिव मंदिर के पास एक स्कूटी नंबर एचपी 14सी 7843 तथा राजस्थान परिवहन निगम की के हनुमानगढ़ डिपो की बस नंबर आरजे 14 पीई 5080 दोनों ही धर्मपुर की तरफ से सोलन की तरफ को आ रही थे। बस को ओवरटेक करते समय स्कूटी बस की चपेट में आ गई। स्कूटी सवार की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जिसे सीएचसी धर्मपुर का ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषिक कर दिया। थाना धर्मपुर पुलिस की ओर से आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## डीसी ने दी मतदान केंद्र में संशोधन और स्थानांतरण की जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेते डीसी सोलन मनमोहन शर्मा।

भारत के निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केंद्रों में संशोधन तथा नए भवन में स्थानांतरित करने के विषय में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने की।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि सेक्टर अधिकारियों के माध्यम से मतदान केंद्रों का निरीक्षण करवाया गया। निरीक्षण के उपरांत कुछ मतदान केंद्रों के भवन क्षतिग्रस्त पाए गए हैं तथा कुछ मतदान केंद्रों में संशोधन की आवश्यकता है।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अर्की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के वर्तमान मतदान केंद्र 64 अर्की राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अर्की में स्थित है। यह मतदान केंद्र अब इसी विद्यालय के विज्ञान खंड के भवन के कमरे में तथा नालागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र 40 गुनाहा का मतदान केंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुनाहा स्थित मतदान केंद्र को अब इसी विद्यालय के नए भवन में स्थानांतरित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि नालागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 100-राजपुरा रंगुवाल-दो का मतदान राजकीय प्राथमिक पाठशाला राजपुरा में स्थित है। इस केंद्र को भी इसी विद्यालय के नए भवन में तथा दून विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान क्षेत्र 48 सलगा मतदान केंद्र जो कि राजकीय उच्च पाठशाला तुझार में स्थित है। इस केंद्र को अब राजकीय उच्च पाठशाला बधोनीघाट में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। यह मतदान केंद्र मतदाताओं के लिए कम दूरी तथा बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने के कारण स्थानांतरित किए गए हैं।

बैठक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शिवदत्त ठाकुर, संधीरा दुल्टा, रुपेंद्र कौर, शारदा, मधु ठाकुर, भारतीय जनता पार्टी के चंद्रकांत शर्मा, आम आदमी पार्टी की रीता ठाकुर तथा भरत ठाकुर सहित तहसीलदार निर्वाचन राजेश शर्मा, नायब तहसीलदार निर्वाचन दीवान ठाकुर आदि उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व संध्या में जगमग होगा बद्दी का दशहरा मैदान

## दो घंटे होगी आतिशबाजी, राम धुन पर झूमेंगे राम भक्त

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



बद्दी का दशहरा मैदान, जहां पर 21 जनवरी को भव्य आतिशबाजी के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

उपमंडल नालागढ़ के बद्दी में राम भक्तों ने अयोध्या में होने जा रही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां शुरू कर दी हैं। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर 21 जनवरी को बद्दी के दशहरा मैदान में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके अलावा महिलाओं व पुरुषों के लिए दो अलग-अलग डांस फ्लोर तैयार किए जा रहे हैं, जिसमें तीन घंटों तक राम धुन पर सभी राम भक्त मस्ती में झूमेंगे।

आयोजकों ने ऐसे इस कार्यक्रम को भव्य बनाने की पूरी रणनीति बनाई है। इसको हिमाचल प्रदेश का राम मंदिर आयोजन से जुड़ा सबसे बड़ा व भव्य कार्यक्रम बनाने का प्रयास किया जाएगा। राम के नाम से जुड़ा दशहरा मैदान उन क्षणों का साक्षी बनेगा, जहां स्थानीय लोगों के साथ साथ पूरे भारत से यहां आकर काम करने वाले तीस से ज्यादा राज्यों के लोग इस कार्यक्रम के भागीदार बनेंगे।

बद्दी नगर संयोजक राहुल कुमार, राम भक्त राजेश जिंदल, सनी गर्ग, मान सिंह हाण, किशोर ठाकुर व महेश कुमार ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि हमारी आंखों के सामने राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। पिछले पांच सौ सालों में लाखों राम भक्तों की कुर्बानियों के बाद यह दिन आया है। इस दिन को ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से 21 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर बद्दी के दशहरा मैदान में सायं पांच से रात्रि नौ बजे तक बीबीएन की सामाजिक, धार्मिक, औद्योगिक व व्यापारिक संगठन सामूहिक रूप से भव्य और राज्य स्तरीय दिव्य समारोह का आयोजन करंगे। इसमें 5100 दीपों से राम दरबार सजाया जाएगा। इसके अलावा 1100 किलो लड्डुओं का प्रसाद वितरण किया जाएगा तथा 11000 लोगों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश जिंदल व व्यापार मंडल के प्रधान मान सिंह कुंडलस तथा सन्नी जिंदल ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन 21 जनवरी को शाम पांच से नौ बजे रखा गया है। छह से आठ बजे तक लगातार भव्य रूप में आतिशबाजी होगी।

इसके लिए कुराली (पंजाब) से पटाखे मंगवाए गए हैं और उनको चलाने वाले कारीगर भी आएंगे। लाखों रुपये की आतिशबाजी 120 मिनट तक लगातार चलेगी। यहां पर दूसरी दिवाली जैसा उत्सव मनाने का कार्यक्रम को लेकर गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं।

## पांवटा में कई इलाकों में आज नहीं आएगी बिजली

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

बिजली उपमंडल पांवटा साहिब के तहत सब स्टेशन गोंदपुर के तहत आज बिजली लाइनों का रखरखाव व मरम्मत कार्य किया जाएगा। इस वजह से पांवटा के कई इलाकों में आज बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी विभाग के सहायक अभियंता बिजली उपमंडल पांवटा साहिब अंकुर ने दी।



उन्होंने बताया कि इस दौरान 33 केवी बद्रीपुर से फीड होने वाले भूपपुर, केदारपुर, रैनबैक्सी चौक, भाटांवाली, बद्रीपुर, कुम्हार मोहल्ला, गुज्जर कॉलोनी, परशुराम कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी, दुर्गा कॉलोनी, हरिओम कॉलोनी, तारूवाला घाटी, जग्गा वाली गली, संत तेजा सिंह गली, महताब गली, अमर कॉलोनी, धर्मकोट, नया कोट, गंगूवाला, बातापुल, बहराल, सतीवाला घूतानपूर, बातामंडी, चुंगी नंबर-छह, नव विहार कॉलोनी, डिग्री कॉलेज, सूर्या कॉलोनी, शुभखेड़ा, महादेव, शिव शक्ति कॉलोनी, जामनीवाला, टोका, खारा, कुंडियो, हिमुडा कॉलोनी, पहाड़ी कॉलोनी व कुंजा मतरालिय में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

इसके इलावा 11 केवी तारुवाला से फीड होने वाले जट्टमोहल्ला, ब्लॉक, बी ब्लॉक, सी ब्लॉक, हिमालयन कॉलोनी और 33 केवी मालवा फीडर के साथ-साथ 33 केवी रामपुरघाट स फीड होने वाले बरोटीवाला, रामपुरघाट, डेंटल कॉलेज, पट्टी नत्था सिंह और 33 केवी गिरी, मैनकाइंड ए और 2ए फ्रंटियर एलॉय में भी पावर कट रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपना कार्य समय पर निपटा लें व सहयोग बनाए रखें।

# सुख-आश्रय योजना के तहत छात्रों को आवासीय किराए का करेंगे प्रावधान

**अनंत ज्ञान, परागपुर**

कांगड़ा जिला के परागपुर क्षेत्र के गांव नक्की में आयोजित 'सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम' के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के लाभार्थी प्रिंस शर्मा ने कहा कि वे रीजनल सेंटर धर्मशाला से एमबीए कर रहे हैं और राज्य सरकार उनकी पढ़ाई का खर्च उठा रही है। मुख्यमंत्री ने पूछा कि हॉस्टल का खर्च मिल रहा है, तो प्रिंस ने कहा कि वहां हॉस्टल नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना में सुधार कर हॉस्टल के खर्च के साथ-साथ किराए का भी प्रावधान किया जाएगा, ताकि किराए पर घर लेकर पढ़ने वाले बच्चों को लाभ मिल सके। इसी योजना की लाभार्थी डॉ. रश्मि शर्मा ने कल्याणकारी योजना शुरू करने के लिए सुखविंद्र सिंह सुक्खू का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे बीएएमएस की पढ़ाई के बाद डिग्री कर रही हैं। इसके लिए राज्य सरकार से आर्थिक मदद मिल रही है। इस योजना के तहत उन्हें 4000 रुपए पॉकेट मनी भी मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना कोई दया नहीं है, बल्कि अनाथ बच्चों का अधिकार है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार घर बनाने के लिए तीन लाख रुपए तथा स्टार्ट-अप व शादी के लिए दो-दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता भी प्रदान करती है। वहीं, आपदा प्रभावित कलोह निवासी सरला देवी ने कहा कि घर बनाने के लिए सरकार की ओर से उन्हें तीन लाख रुपए की सहायता मिल चुकी है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन लाख रुपए तो पहली किश्त के मिले हैं, राज्य सरकार ने घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने पर मुआवजा बढ़ाकर सात लाख रुपए किया है और उन्हें सात लाख रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। इसके अतिरिक्त उन्हें बिजली एवं पानी का फ्री कनेक्शन और 280 रुपए प्रति बोरी की दर से सीमेंट भी उपलब्ध करवाया जाएगा। आपदा प्रभावित उपरली भरोल निवासी प्रतिमा देवी ने भी तीन लाख रुपए की किश्त प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मंच से उतर कर बुजुर्ग तारा चंद से मिलने पहुंचे मुख्यमंत्री कार्यक्रम के दौरान कलोहा निवासी 88 वर्षीय तारा चंद मंच के सामने आए तो मुख्यमंत्री मंच छोड़कर कर उनसे मिलने नीचे उतर गए। बुजुर्ग तारा चंद ने सड़क की समस्या को लेकर उनसे बात की। इस पर मुख्यमंत्री ने उपायुक्त कांगड़ा को उनकी मदद करने के निर्देश दिए।



## नक्की में मुख्यमंत्री ने की सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता, किए करोड़ों के उद्घाटन

# सीएम ने परागपुर को दी करोड़ों की सौगात

**अनंत ज्ञान, परागपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा जिला के परागपुर के गांव नक्की में 'सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम' की अध्यक्षता की। लोगों की समस्याएं घरद्वार पर हल करने तथा उन्हें सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों एवं कार्यक्रमों से लाभान्वित करने के दृष्टिगत प्रदेश सरकार की यह पहल है। वहीं, मुख्यमंत्री ने 11.32 करोड़ रुपए की लागत से बने मंडवारा से करोल वाया चानौरिया बस्ती, बाबा बालोतू मंदिर, सुकर और डाडरी संपर्क मार्ग एवं नलसुहा खड्ड पर बने सेतु मार्ग (कॉज-वे) और लगबलियाना व सेहरी खड्ड पर बनी से परागपुर वाया दंगरासिद्ध सड़क पर निर्मित दो पुलों का उद्घाटन किया।

वहीं, उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रक्कड़ को दोबारा शुरू करने, डाडासीबा कॉलेज के लिए एक करोड़, कोटला कॉलेज के लिए तीन करोड़ और रक्कड़ कॉलेज के लिए छह करोड़, संयुक्त कार्यालय भवन डाडासीबा के लिए एक करोड़, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलेटी के लिए 25 लाख, एएचसी सलेटी के लिए 20 लाख, फार्मेसी कॉलेज कूहना में आकदमिक ब्लॉक के लिए दो करोड़, आईटीआई टेरेस के लिए एक करोड़ रुपए देने की घोषणा की। वहीं, आपदा प्रभावित हिमाचल के लोगों की मदद के लिए भाजपा सांसद एक बार भी प्रधानमंत्री व गृह मंत्री से मिलने नहीं गए। उन्हें सिर्फ चुनाव के समय ही लोगों की याद आती है। राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के संकल्प का भी भाजपा विधायकों ने समर्थन नहीं किया। वर्तमान राज्य सरकार जहां हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही है। वहीं भाजपा हिमाचल विरोधी बन गई है और बीबीएमबी के 4300 करोड़ रुपए रुकवाने में लगे हैं। पिछली भाजपा सरकार ने बिजली परियोजना में हिमाचल के हितों को बेचा, जबकि वर्तमान राज्य सरकार इसके लिए लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देकर उनके बुढ़ापे को सुरक्षित किया, 4000 अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट का दर्जा देने के लिए कानून बनाया। इसके तहत उनकी देखभाल, पढ़ाई और हॉस्टल का खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि विधवाओं के बच्चों की पढ़ाई का खर्च भी राज्य सरकार उठाएगी।



परागपुर में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू उद्घाटन करते हुए।

### सीएम ने ये-ये की घोषणाएं

**मुख्यमंत्री** ने पुलिस चौकी डाडासीबा को थाना बनाने, रक्कड़ कॉलेज, कोटला बेहड़ कॉलेज तथा डाडासीबा कॉलेज में बीबीए तथा बीसीए की कक्षाएं शुरू करने, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नलसूना तथा कलोहा में अगले सत्र से साइंस व कॉमर्स कक्षाएं आरंभ करने के साथ-साथ चामुखा में आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी खोलने की घोषणा की। उन्होंने परागपुर पीएमसीएच का नया भवन के लिए धन उपलब्ध करवाने तथा पठनकोट-चिंतपूर्णी बस सेवा को बहाल करने, टैरेस-शिमला वाया कोटला रात्रि बस सेवा शुरू करने तथा शिमला परागपुर बस सेवा को स्यूल खड्ड तक करने की घोषणा भी की। उन्होंने कोटला बेहड़ के तहत सड़कें बनाने को भी उचित धन उपलब्ध करवाने की घोषणा की।

## न्यूज ब्रीफ

### 22 जनवरी को चलेगा राम परिवार रथ

**पंचरुखी।** प्रभु राम के आयोध्या में नए मंदिर में आगमन की पावन वेला पर पंचरुखी मे भी भव्य आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए सच्चिदानंद सेवा समिति के अध्यक्ष अनिल व मच्छयाल घाट के प्रमुख प्रेमानंद ने कहा कि 22 जनवरी को मच्छयाल घाट अंद्रेटा से राम परिवार का रथ चलेगा व अगोजर व पंचरुखी होता हुआ सलियाना में राम कथा भवन पहुंचेगा। राम कथा भवन पहुंचने पर राम परिवार का भव्य स्वागत किया जाएगा और फिर प्रसाद के रूप में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस बेला में राम परिवार के साथ सब भंडारा ग्रहण करेंगे।

### पूर्व सैनिकों की विधायक के साथ बैठक आज

**धर्मशाला।** भूतपूर्व सैनिक लीग शाहपुर की बैठक कर्नल जयसिंह की अध्यक्षता में लीग दफ्तर शाहपुर में हुई। इस मौके पर कर्नल जयसिंह ने बताया कि पूर्व सैनिकों की शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया के साथ बैठक 20 जनवरी को ईसीएस शाहपुर में सुबह दस बजे होगी। उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों, वीरांगनों, विधवा माताओं-बहनों से अपील की कि वह 20 जनवरी को दस बजे बैठक में पहुंचे। इस दौरान लीग की तरफ से चायपान की व्यवस्था भी की जाएगी। इस मौके पर मेजर कुलदीप बलौरिया, कैप्टन जनमेज सिंह और प्रेस सचिव सुरिंद्र पटियाल आदि मौजूद थे।

### ईट राइट मिलेट्स मेला 31 जनवरी को

**धर्मशाला।** पौष्टिक आहार विशेष तौर पर मोटे अनाज के उपयोग के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। इस के लिए जिला स्तरीय ईट राइट मिलेट्स मेले का आयोजन पालमपुर के शहीद कैप्टन विक्रम बतरा मैदान में 31 जनवरी को किया जाएगा। मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। वहीं, यह मेला जिला प्रशासन और स्वास्थ्य सुरक्षा एवं विनियम विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित किए जा रहे ईट राइट मिलेट्स मेले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### गुमशुदा व्यक्ति का शव बरामद

**गरली।** पुलिस थाना गरली के अंतर्गत शुक्रवार को पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव की शिनाख्त केवल सिंह निवासी पंचायत बिलासपुर गांव चपड़ैनी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया है। उक्त व्यक्ति अपने मामा के घर गत आठ जनवरी को ठंबा गए थे, जहां से वह दस जनवरी को वापस अपने घर के लिए निकले, लेकिन अपने घर नहीं पहुंचे। केवल सिंह के घर न पहुंचने की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। शुक्रवार को उक्त क्षेत्र में चैक डेम लगाने जा रहे वन विभाग के कर्मचारियों ने शव को जंगल के एक नाले में देखा, कर्मचारियों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। पूर्व में प्राप्त गुमशुदगी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस द्वारा शव की पहचान की गई तो वह वहीं शख्त निकला जिसकी थाना में मिसिंग रिपोर्ट दर्ज थी। पुलिस थाना प्रभारी हरिपुर पवन कुमार ने खबर की पुष्टि की है।

# बिंद्रावन में चार करोड़ से बनेगा पार्क

## स्कूल के सालाना समारोह के दौरान विधायक आशीष बुटेल ने दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

मुख्य संसदीय सचिव, शहरी विकास एवं शिक्षा आशीष बुटेल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार की योजना बनाई जा रही है। अध्यापकों की कमी को दूर किया जा रहा है और अगले शैक्षणिक सत्र से शिक्षा में सुधार के लिए कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे।

आशीष बुटेल आज शुक्रवार को पालमपुर विधानसभा क्षेत्र की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिंद्रावन के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। सीपीएस ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सभी विद्यालयों में आधुनिक तकनीक के उपयोग पर बल दे रही है। चरणबद्ध आधार पर विभिन्न विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाएं आरंभ की जा रही हैं। आशीष बुटेल ने स्कूल के ग्राउंड व सीढ़ियां बनाने के लिए दस लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा अगले सत्र से स्कूल में वोकेशनल कोर्स शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पालमपुर कॉलेज में एमए के तीन सब्जेक्ट शुरू किए हैं और अगले सत्र से कॉलेज में पीजीडीसीए की कक्षाएं भी शुरू की जाएगी। आशीष बुटेल ने कहा कि बिंद्रावन में चार करोड़ रुपए की लागत से पार्क बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिंद्रावन सिद्धपुर फरेड सड़क के विस्तरीकरण पर 6.5 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल के दो मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट भी वितरित किए। उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। सीपीएस ने इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों को शैक्षणिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। वहीं, प्रधानाचार्या कंचन ज्योति ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।



कार्यक्रम के दौरान होनहार छात्रों को सम्मानित करते हुए विधायक आशीष बुटेल।

# कांगड़ा की जनता के सब्र का इम्तिहान न ले सरकार: नैहरिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पूर्व विधायक विशाल नैहरिया ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि सरकार कांगड़ा की जनता के सब्र का इम्तिहान न ले और शीघ्र ही केंद्रीय विश्वविद्यालय के जदरांगल में बनने वाले परिसर का निर्माण कार्य शुरू करवाए। प्रदेश की कांग्रेस सरकार की नाकामी की वजह से ही सिर्फ एक साल में जनता सड़कों पर उतर आई है।

मात्र 30 करोड़ रुपए के लिए जदरांगल में बनने वाले सीयू परिसर का निर्माण शुरू नहीं करवाया जा रहा। पूर्व विधायक ने कहा कि पिछले एक साल से प्रदेश में कोई भर्ती न होना और परीक्षा परिणामों को रोककर रखना बेरोजगारों से धोखा है। प्रदेश के चिकित्सक और बिजली कर्मी वेतन के मामले को लेकर हड़ताल पर हैं, तो पंचायती राज कर्मचारियों की हड़ताल को सरकार ने मनमाने रवेये से कुचल दिया है। कोरोना योद्धाओं को नौकरी से निकाला जा रहा है। पूर्व विधायक नेहरिया ने कहा कि प्रदेश सरकार के मनमाने रवैये के चलते आज हर वर्ग परेशान होकर सड़कों पर उतर रहा है। वहीं, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर तीर्थ स्थल स्वच्छता अभियान के तहत आज कोतवाली स्थित गीता भवन में सफाई की।

इस दौरान पूर्व विधायक विशाल नैहरिया ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर मंदिर परिसर की सफाई की। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम धर्मशाला की उपमहापौर तजिंद्र कौर, प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता सुनील मनोचा, पूर्व मंडल महामंत्री राजेश वर्मा, महिला मोर्चा से वरिष्ठ कार्यकर्ता कांता सोनी, नीलम सूद, रीता वर्मा, राजेश महाजन, युवा वर्ग से सुशील कपूर, अभिषेक कश्यप, निखिल कपूर सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# सभी विद्यालयों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के रूप में करेंगे विकसित : केवल पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि राज्य में 500 प्राथमिक पाठशालाओं, 100 उच्च पाठशालाओं तथा 200 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को पठन और पाठन की बेहतर सुविधा मिल सके।

शुक्रवार को विधायक केवल सिंह पठानिया ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चड़ी के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्यातिथि अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लाइब्रेरी रूमस स्थापित किए जाएंगे इसके साथ ही दस हजार मेधावी छात्रों को टैबलेट्स दिए जाएंगे। उन्होंने कि वर्तमान शिक्षा में व्यापक सुधार के लिए कारगर कदम उठा रही है तथा विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन काल में ही अनुशासन और मेहनत के साथ लक्ष्य की तरफ बढ़ने के लिए बच्चों को तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने संपर्क साइंस टीवी प्रोग्राम के अंतर्गत डिजिटल माध्यम से शिक्षा प्रदान करने की अनूठी शुरुआत की है। इस अवसर पर स्थानीय स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि जीएसएसएस चड़ी के अधूरे भवन को पूरा किया जाएग तथा स्कूल की चारदीवारी भी लगाई जाएगी। इससे पहले स्कूल की प्रिंसिपल ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए वाषिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर नरेंद्र थकयाल रिटायर डीएफओ, पंकज कुमार उपप्रधान, सुशील शर्मा पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, रविंद्र शर्मा रिटायर पीटीआई, सुरिंद्र जम्वाल उपप्रधान,कामना देवी पूर्व जिला परिषद सदस्य, संजय ठाकुर, पूर्व उपप्रधान, नरेश शर्मा, अनिल चौधरी, जतिंद्र राणा रिटायर प्रिंसीपल, नरेश राणा, लाल सिंह राणा पूर्व प्रधान, रंजना थापा, कैप्टन किशोरी लाल, भीम सिंह ठाकुर, लाल मन पूर्व प्रधान व बच्चों के अभिवावक, स्कूल स्टाफ ,बच्चे तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# लास्ट चांस स्थान पर शरारती तत्वों ने लगाई स्कूटी को आग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पुलिस थाना मैक्लोडगंज के अंतर्गत मैक्लोडगंज-भागसू मार्ग पर लास्ट चांस स्थान पर वीरवार देर रात पर कुछ अज्ञात शरारती तत्वों ने स्कूटी को आग लगा दी। इससे स्कूटी पूरी तरह जल पर राख हो गई। स्थानीय लोगों ने देर रात जब अपने घर के बाहर आग की लपटें देखी तो वह मौके पर पहुंचे।

स्कूटी में आग इतनी भयंकर थी कि साथ में पार्क अन्य वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है। यह स्कूटी दुसालनी भागसूनाग निवासी पृतिका रानी की है और वह स्कूल अध्यापिका हैं। स्कूल में छुट्टियां होने के चलते वह हिमाचल से बाहर हैं। लोगों को अंदेशा है कि स्कूटी काफी समय से पार्किंग में खड़ी थी। इसी कारण शरारती तत्वों ने स्कूटी को आग लगा दी। पुलिस ने उक्त मामले को दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस थाना प्रभारी मैक्लोडगंज विनोद शर्मा ने उक्त मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है और जल्द ही घटना के दोषियों का पता लगा लिया जाएगा।



शरारती तत्वों ने जलाई स्कूटी।

# नौकरी से निकाले जाने पर ग्रामीणों ने जल विद्युत परियोजना का किया घेराव

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

बैजनाथ उपमंडल के दयोल गांव में आज क्षेत्र वासियों ने निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजना का घेराव किया ग्रामीणों का आरोप था कि पूर्व में इस परियोजना के अंतर्गत क्षेत्र के 20 लोग कार्य कर रहे थे जिन्हें नए प्रबंधन ने नौकरी से निकाल दिया है।

बीडीसी सदस्य चमन कपूर पूर्व पंचायत प्रधान सुरेंद्र कपूर जिला परिषद सदस्य नीलम देवी और अन्य ग्रामीणों ने कहा कि नौकरी से निकले जाने पर अब यह सभी लोग बेरोजगार हो गए हैं। इसकी वजह से उन्हें अब अपने परिवार की लालन-पालन की चिंता भी सताने लगी है आज से पहले यह लोग परियोजना प्रबंधन के साथ हुए समझौते के तहत ही नौकरी कर रहे थे। मगर नए प्रबंधन ने उन्हें नौकरी से निकाल दिया है उल्लेखनीय कि पिछले 15-20 वर्षों से क्षेत्र के ग्रामीण इस परियोजना में नौकरी कर रहे थे ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उन्हें पुणा नौकरी पर नहीं रखा तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इन लोगों ने कहा है कि जब इस परियोजना का कार्य अब होना था तब प्रबंधन ने लोगों से वादा किया था कि स्थानीय लोगों को ही रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, अब परियोजना प्रबंधन अपने वादे से मुख रहा है। प्रबंधन के फैसले के विरोध में आज ग्रामीणों ने परियोजना का काम भी बंद करवा दिया तथा आगे भी काम नहीं होने देंगे।



जल विद्युत परियोजना का घेराव करते दयोल गांव के ग्रामीण।

# नाचन के घरोट में लोगों की समस्याएं सुनेंगे आरएस बाली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली 21 जनवरी को मंडी जिला के नाचन के घरोट में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाग लेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इन कार्यक्रमों में पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों और आम लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है ताकि जनसमस्याओं का निवारण मौके पर ही किया जा सके।

आयोजन स्थल से संबंधित पंचायतों में इसी दिन विशेष ग्राम सभा भी आयोजित की जाएगी, जिनमें सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में चर्चा की जाएगी। सरकार की तरफ से जिला स्तर के सभी कार्यालय प्रमुखों को इन कार्यक्रमों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने तथा विभागीय योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी स्टॉल लगाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रदर्शनी स्टॉलों में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित संपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रमों के दौरान स्वास्थ्य विभाग और आयुर्वेद विभाग मैगा स्वास्थ्य कैंप भी आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें मरीजों के निशुल्क टेस्ट होंगे तथा उन्हें दवाइयां भी उपलब्ध करवाई जाएंगी।



**गुड न्यूज** | लंबागांव में सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान मंत्री यादविंद्र गोमा ने दी जानकारी

# लंबागांव और सलियाणा में बनेंगे इंडोर स्टेडियम

**टीम, जयसिंहपुर, पंचरुखी**

आयुष, युवा सेवायें एवं खेल मंत्री, यादविंद्र गोमा ने कहा कि आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय को मजबूत करने तथा राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं को लागू करने में पंचायतों की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। गोमा, शुक्रवार को विकास खंड लंबागांव द्वारा उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि पंचायतें, भारतीय समाज की बुनियादी व्यवस्थाओं में एक हैं और सरकारें समय-समय पर पंचायती राज संस्थाओं को सुदृढ़ करने में प्रभावी कदम उठाती रही हैं। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं में चुने प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप में लागू करने पर विशेष ध्यान दें, ताकि जरूरतमंद तक लाभ पहुंच सके। मंत्री ने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में 65 पंचायतें शामिल हैं और उन्होंने एक वर्ष के कार्यकाल 50 पंचायतों का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों के लिए एक करोड़ 86 लाख रुपए दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों को लोगों की जनभावनाओं के अनुरूप पूरा करना, उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार, नव निर्मित पंचायत के भवन के निर्माण पर एक करोड़ दस लाख रुपए दिए जा रहे हैं। उन्होंने पंचायत घरों के पुराने भवनों के रिपेयर के लिए भी चरणबद्ध तरीके से धनराशि उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जिन पंचायतों के पास मैदान के लिए जमीन उपलब्ध होगी, ऐसी पंचायतों में खेल मैदान के लिए धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। वहीं, कार्यक्रम में पंचायत समिति अध्यक्ष कुलवंत राणा, उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत डढवाल, जिला परिषद और बीडीसी सदस्य, विभिन्न पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य, एसडीएम संजीव ठाकुर, एक्सईएन विजय वर्मा, तहसीलदार अभिषेक भास्कर, बीडीओ सिकंदर कुमार, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



सम्मान समारोह के दौराना मंत्री यादविंद्र गोमा को सम्मानित करते हुए।

### जयसिंहपुर में किया क्रिकेट अकादमी का शुभारंभ

इसके उपरांत आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री ने जयसिंहपुर में बच्चों के लिए क्रिकेट खेल अकादमी का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इससे जहां बच्चों को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। वहीं, प्रशिक्षण प्राप्त होने से बच्चों की खेल में भी निखार आएगा। उन्होंने कहा कि जिन पंचायतों के पास जमीन उपलब्ध होगी ऐसी पंचायतों को खेल मैदान बनाने के लिये धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर मैदान के सौंदर्यीकरण के लिए 30 लाख रुपए जारी किए गए हैं। मैदान के कला मंच के लिए भी 25 लाख जारी किए गए हैं। गोमा ने कहा कि झूंगा देवी खड्ड के पास बने मैदान में सिंथैटिक ट्रैक स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा लंबागांव और सलियाणा में इंडोर स्टेडियम बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हलेड़ मैदान को युवा सेवा एवं खेल विभाग के नाम स्थानांतरित कर 20 लाख से सवारा जाएगा।

# डंपिंग साइट से प्रतिदिन हटेगा 600 टन कूड़ा

**धर्मशाला।** धर्मशाला के अंतर्गत सुधेड़ में धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने डंपिंग साइट का दौरा किया और कूड़े का हटाए जाने की व्यवस्था का निरीक्षण किया। सुधीर शर्मा ने कहा कि 50 वर्षों से धर्मशाला का कूड़ा इस डंपिंग साइट में इकट्ठा होता आया है और यहां कूड़े का पहाड़ बन गया है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक कूड़ा होने के कारण यहां से आसपास के क्षेत्र में बदबू का माहौल बना रहता है। इससे लोगों को निजात दिलाने के लिए प्रतिदिन 600 टन कूड़ा निकाल कर इसे साफ किया जाएगा। सुधीर शर्मा ने कहा कि 2025 तक इस डंपिंग साइट से कूड़ा पूर्णतया हटा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कूड़े की इस डंपिंग साइट की जगह एक सुंदर गार्डन का निर्माण किया जाएगा। वहीं, धर्मशाला के अंतर्गत सुधेड़ में धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने डंपिंग साइट का दौरा किया।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम 27 को

**जवाली।** उपायुक्त कांगड़ा डॉ. निपुण जिंदल ने जानकारी दी है कि फतेहपुर उपमंडल की छत्तर जोगियां पंचायत में 28 जनवरी, को आयोजित होने वाले सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की तिथि में प्रशासनिक कारणों से आंशिक फेरबदल किया गया है। उन्होंने बताया कि अब यह कार्यक्रम 27 जनवरी को प्रातः 11 बजे निर्धारित किया गया है। कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। जबकि विधायक भवानी पठानिया इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### मंत्री गोमा 21 को सुनेंगे लोगों की समस्याएं

**जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर विस क्षेत्र के तहत हलेड़ पंचायत में 21 जनवरी को आयुष एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा की अध्यक्षता में आयोजित हो रहे सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उपमंडल के समस्त विभागाध्यक्षों की बैठक एसडीएम कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम संजीव ठाकुर ने की। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम संजीव ठाकुर ने बताया कि हलेड़ में 21 जनवरी को आयोजित होने वाले जनमंच में जयसिंहपुर विस की 16 पंचायतें कवर होंगी। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो इस कार्यक्रम की जानकारी सभी लाभार्थियों को दें।

### त्रिलोक कपूर ने कालीबाड़ी मंदिर में की सफाई

**पालमपुर।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री और पालमपुर से भाजपा प्रत्याशी रहे त्रिलोक कपूर ने शुक्रवार सुबह पालमपुर के घुग्गर में स्थित पौराणिक कालीबाड़ी मंदिर में अपने सहयोगियों के साथ सफाई अभियान शुरू किया। इसके तहत पूरे मंदिर परिसर कि साफ-सफाई व झाड़ू पोछा किया गया। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री के आह्वान पर समस्त देश के मंदिरों कि सफाई के आह्वान पर यह कार्य किया है।

### गंगेश्वर महादेव मंदिर लोगों ने संवारा

**गगल।** गंगेश्वर महादेव मंदिर में गांववासियों ने शुक्रवार को स्वच्छता अभियन चलाया। इस अभियान में भाजपा जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल चौधरी द्वारा ग्रामीणों के साथ मिलकर केंद्र की मोदी सरकार द्वारा 14 जनवरी से लेकर 22 जनवरी तक देश के धार्मिक स्थलों के सवच्छता अभियान के तहत सफाई अभियान में भाग लिया। भाजपा उपाध्यक्ष ने बताया की 22 जनवरी को अयोध्या में राम भगवान के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा है।

### सल्ली में जांचा 200 लोगों का स्वास्थ्य



मेडिकल कैंप के दौरान लोगों का स्वास्थ्य जांचते चिकित्सक।

**धर्मशाला।** इंडो तिब्बतियन फ्रेंडशिप एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार को फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा और डेलेक अस्पताल धर्मशाला के सौजन्य से सल्ली गांव में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा से आए विभिन्न रोगों के विशेषज्ञों और डेलेक अस्पताल धर्मशाला के डॉक्टर्स ने करीब 200 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। डेलेक अस्पताल की ओर से कैंप में डिजिटल पोर्टेवल एक्स-रे मशीन भी लगाई गई थी, जिसका लाभ लोगों ने उठाया। वहीं फोर्टिस अस्पताल की ओर से फ्री में दवाइयां वितरित की गई।

### सलोल के छात्रों ने जाने ट्रैफिक नियम


सलोल स्कूल में छात्रों को ट्रैफिक नियम बताने का दौर।

**नगरोटा बगवां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सलोल में सड़क सुरक्षा सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या सुमन धीमान नें छात्रों को सड़क सुरक्षा के बारे जानकारी दी। बच्चों ने इस अवसर पर गांव में जागरूकता रैली निकाली। सड़क सुरक्षा कार्यक्रम अधिकारी कर्नल सिंह, सीता राम प्रवक्ता, दिनेश कुमार, संजय कुमार, राजीव शेरिया, विपिन कुमार ने बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों बारे जागरूक किया।

### पूर्व विधायक के निधन पर जताया शोक

**नगरोटा बगवां, जसंसिंहपुर।** राजकीय अध्यापक संघ के पूर्व महासचिव एवं नगरोटा ब्लॉक कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रताप सिंह रियाड ने तथा संघ के पूर्व में कई बार रह चुके प्रधान हरीश गुलेरिया ने एक संयुक्त बयान जारी कर राजकीय अध्यापक संघ के पूर्व महासचिव एवं दरंग के पूर्व विधायक रह चुके दीनानाथ गौतम के अचानक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। वहीं आयुष, युवा सेवाएं व खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने संघोल पंचायत के पूर्व प्रधान व जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रसीला राम (70) के निधन पर शोक व्यक्त किया है। यादविंद्र गोमा ने कहा कि रसीला राम 50 वर्षों से भी ज्यादा समय से कांग्रेस से जुड़े हुए थे और दो बार संघोल पंचायत के प्रधान व एक बार उपप्रधान रह चुके थे। गोमा ने कहा कि रसीला राम का निधन कांग्रेस पार्टी के साथ-साथ उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है। गोमा ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत मंत्री ने इंदौरा की सूरजपुर पंचायत में जाना लोगों का दर्द

# मंत्री चंद्र कुमार ने सुनी 60 समस्याएं

**रोशन लाल, इंदौरा**

कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कहा है कि जनकल्याण ही प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस ध्येय को स्वीकार करने के लिए सरकार कई जन कल्याणकारी योजनाएं लागू कर पात्र लोगों को लाभान्वित करने का कार्य कर रही है।

कृषि मंत्री आज शुक्रवार को इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के तहत सूरजपुर पंचायत में आयोजित प्रदेश सरकार के महत्वकांक्षी कार्यक्रम सरकार जनता के द्वार में जनसभा को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। इस अवसर पर विधायक मलेंद्र राजन तथा एडीएम रोहित राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कृषि मंत्री ने प्रदेश सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया कि प्रदेश सरकार ने सत्ता में आते ही प्रदेश के कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की। अनाथ बच्चों के लिए सुख-आश्रय योजना शुरू कर 4000 अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया। उन्होंने बताया कि गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत पहले चरण में प्रदेश में 18 स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। वहीं, सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित 60 समस्याएं प्राप्त हुई। इनमें से अधिकतर का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। जबकि शेष समस्याओं के समयबद्ध निपटारे के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। (अनंत ज्ञान)


कार्यक्रम में पहुंचने पर मंत्री चंद्र कुमार का स्वगत करते हुए कार्यकर्ता।

### 300 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**इस** मौके पर स्वास्थ्य तथा आयुष विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा 300 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा प्रदेश सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों को संकलित कर तैयार की गई बुकलेट तथा अन्य प्रचार सामग्री भी लोगों को वितरित की। विभाग के कलाकारों ने गीत संगीत तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।

### मंत्री ने 31-31 हजार रुपए के चेक बांटे

**कृषि** मंत्री ने लोगों की समस्याओं तथा मांग को पूरा करते हुए घोड़न पंचायत में रास्ते के निर्माण के लिए पांच लाख रुपए, बसंतपुर पंचायत में दो श्मशानघाट के लिए दो-दो लाख रुपए, गधराणा तथा डडोली पंचायत के महिला मंडलों को 25-25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की। कृषि मंत्री ने डमटाल पंचायत के दिव्यांग जोगिंद्र पाल की शौचालय की समस्या को सुनते हुए ग्रामीण विकास विभाग को शेष राशि तुरंत जारी करने के निर्देश दिए। वहीं, इस अवसर पर कृषि मंत्री ने मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत 16 लाभार्थियों को 31-31 हजार रुपए के चेक भी वितरित किए।

## धीरा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 24 को

**डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र में 24 जनवरी को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन उपमंडल कार्यालय धीरा में किया जा रहा है। इसमें सुलह विधानसभा क्षेत्र में आते सभी सरकारी विभागों के अधिकारी, सभी कांग्रेस के पदाधिकारी एवं आमजन वहां पर मौजूद होंगे। इस जन जलास में माननीय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा हाल ही में मनोनीत किए गए आयुष एवं खेल मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री यादविंद्र गोमा मुख्यातिथि होंगे और लोगों की समस्याओं को सुनेंगे। एक बयान में संजय सिंह चौहान ने कहा कि यह कार्यक्रम सरकार का खुला दरबार के रूप में है, जिसमें समस्याओं का निवारण करने की तुरंत कोशिश की जाएगी। इस आम जलास में जिलाधीश कांगड़ा, पुलिस अधीक्षक, जिला राजस्व अधिकारी व जिला स्तर के लगभग सभी श्रेष्ठ अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

## नीलगिरी स्कूल में बेटियों को बचाने की ली शपथ



नगरोटा बगवां के लोअर हटवास की भुनेड़ पंचायत में शुक्रवार को नीलगिरी पब्लिक स्कूल में बाल विकास परियोजना के तहत स्कूली बच्चों और आंगनबाड़ी वर्कर्स ने एक साथ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की शपथ ग्रहण की।

### हिम आईकॉन अपार्ट कार्यक्रम 21 को

**गरली।** हिम जागृति मंच अगामी 21 जनवरी को जिला कांगड़ा स्थित उपमंडल देहरा के अंतर्गत केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर गरली में हिम आईकॉन अपार्ट का विशाल आयोजन करने जा रहा है। वहीं, इस दौरान जागृति मंच हिमाचल भर की उन 20 नामी हस्तियों को हिम आईकॉन अवॉर्ड से सम्मानित करेगा, जिन्होंने नेक कार्य करके एक नया रुतबा हासिल किया है। जानकारी देते हुए जागृति मंच की चेयरमैन मंजु जसवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में देवभूमि के होनहार उभरते हुए चाइल्ड को भी मंच द्वारा अवॉर्ड दिए जाएंगे। मंजु जसवाल ने कहा कि आईकॉन अवॉर्ड 21 जनवरी को केंद्रीय संस्कृत यूनिवर्सिटी बलाहर देहरा में हो रहा है। इसमें मुख्य तौर पर डॉक्टर ज्योतिष्ण जैन के आलावा हिमाचल भर के लोक प्रिय पहाड़ी गायक सुनील राणा, धीरज शर्मा, संजीव, साहिल आदि शामिल रहे।

### भूतपूर्व अर्द्ध सैनिक बल कल्याण एसोसिएशन की बैठक 21 को

**गरली।** देहरा उपमंडल भूतपूर्व अर्द्ध सैनिक बल कल्याण एसोसिएशन की एक विशेष बैठक अगामी 21 जनवरी को डीआर पब्लिक स्कूल नैहरनपुखर में आयोजित होगी। जानकारी देते हुए एक्स पैरामिलिट्री वेलफेयर उपमंडल देहरा महासचिव अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि इस मिटिंग मे जहां राज्य स्तरीय कल्याण बोर्ड की सदस्यता के फार्म, मदिरा की रजिस्ट्रेशन के फार्म एवं सीजीएचएस कार्ड के समाधान हेतु विचार-विमर्श किया जाएगा। वह, एक्स पैरामिलिट्री के सैनिकों या उनके परिजनों को आ रही समस्याओं पर मथन किया जाएगा।

अशोक कुमार शर्मा ने उपमंडल भर के तमाम एक्स पैरामिलिट्री सैनिकों या उनके परिजनों से अपील की है कि बह अगामी 21 जनवरी को यहां पहुंच कर इस कार्यक्रम को सफल बनाए।

## ट्रेड फेयर बंद करवाने पर व्यापारियों ने एसडीएम मनीष शर्मा को सौंपा ज्ञापन


ट्रेड फेयर बंद करवाने को लेकर एसडीएम को ज्ञापन देते हुए नगरोटा के व्यापारी।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

व्यापार मंडल नगरोटा बगवां ने आज एसडीएम मनीष शर्मा को एक ज्ञापन सौंप कर हटवास पंचायत के मैदान में चल रहे ट्रेड फेयर को बंद करवाने का आग्रह किया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि हटवास पंचायत के मैदान में ट्रेड फेयर लगाने को लेकर नगरोटा बगवां व्यापार मंडल और ट्रेड फेयर के संचालक का आप के कार्यालय में यह तह हुआ था कि ट्रेड फेयर 31 दिसंबर तक ही लगेगा, परंतु महोदय आज 19 जनवरी हो गई है। इस बीच हमने आप से मौखिक रूप व टेलीफोन द्वारा इसे बंद करने की अपील की थी, लेकिन अभी तक उन्होंने इसे बंद नहीं किया। ज्ञापन में कहा है कि इसको लेकर दुकानदारों में भारी रोष व्याप्त है। दिवाली के बाद बाजार में काम न होने के कारण कई दुकानदार भाई दुकान का किराए के साथ-साथ अपने घर के खर्चों और अब टैक्स देने तक से मोहताज हो रहे है। इस ट्रेड फेयर से हर वर्ग के दुकानदार की बिक्री को बहुत असर पड़ रहा हैं। ज्ञापन में आग्रह किया गया है कि स्थानीय व्यापारियों की पीड़ा को समझते हुए इस ट्रेड फेयर को जल्दी से बंद करवाएं। यह जानकारी नरेंद्र सिपहिया अध्यक्ष व्यापार मंडल नगरोटा बगवां ने दी।

## दस गारंटियों को लेकर पूर्व मंत्री विक्रम ठाकुर ने सीएम सुक्खू पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान, देहरा**


पूर्व मंत्री विक्रम ठाकुर।

चुनावों के दौरान दी गई दस गारंटियों और प्रदेश की खस्ता हालत के मुद्दे पर पूर्व मंत्री विक्रम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को चेताते हुए कहा है कि वह दिन दूर नहीं जब कांग्रेस को प्रदेशवासियों के साथ बोले गए झूठ और फरेब के परिणाम भुगतने होंगे। विक्रम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की सत्ता पर काबिज कांग्रेस सरकार झूठ और फरेब करने में माहिर है। हिमाचल प्रदेश की जनता के साथ झूठ बोलकर जिस प्रकार यह कांग्रेस आज राज कर रही है।

इससे प्रदेश का प्रत्येक आम वर्ग परेशान है। यहां का नौजवान, यहां की महिलाएं, किसान और बागवान सभी यह पूछ रहे हैं कि जो आप बोल कर आए थे उनका आपने क्या किया। पूर्व मंत्री ने कहा कि आज नौजवान बेरोजगारी की लाइन में खड़ा है और मुख्यमंत्री से सवाल पूछ रहा है कि आपने जो कहा था की पहली कैबिनेट में एक लाख रोजगार प्रदेश के युवाओं को देंगे वो कहां हैं। महिलाएं यह पूछ रही है कि जो प्रदेश की प्रत्येक महिला को जो 18 से 60 वर्ष के आयु के बीच में आती है को 1500-1500 रुपए प्रतिमा देंगे वह कहां रह गए। प्रदेश का किसान पूछ रहा है कि कब और कौन उनसे 100 रुपए लीटर दूध प्रतिदिन खरीदने आएगा, उनसे गोबर कौन खरीदेगा। बागवान कब अपने फलों की कीमत खुद तय करेंगे यह सारी बातें कहां चली गई। वक्रम ठाकुर ने कहा यह सब केवल जनता को मूर्ख बनाने का एक प्रयास है, लेकिन जनता मूर्ख नहीं है।

### श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में की सफाई

**शाहपुरकंडी।** श्री सनातन धर्म सभा शाहपुरकंडी टाउनशिप की ओर से आज श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में सभा के अध्यक्ष शिव प्रकाश धीमान की देखरेख में सफाई अभियान चलाया गया। इसमें सभा के सदस्यों के अलावा मंत्रिमंडल की बहनों सहित कई अन्य संगठनों के सदस्यों ने भी भाग लिया। इस संबंध में सभा के अध्यक्ष शिव प्रकाश धीमान ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या जी में भगवान श्रीराम जी के मंदिर की हो रही प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में आज विशेष तौर पर सफाई अभियान चलाया गया है। इसके चलते आज मंदिर परिसर के अलावा आसपास के इलाके की सफाई की गई है। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को सुबह मंदिर प्रांगण में सुंदरकांड का पाठ एवं हवन यज्ञ के उपरांत प्रभु राम का सामूहिक तौर पर गुणगान किया जाएगा तब उपरांत प्रभु का अटूट लंगर भी लगाया जाएगा। इस मौके पर शिव प्रकाश धीमान के अलावा मंदिर के मुख्य पुजारी शंभू नाथ मिश्रा, कुलदीप आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## फंड जमा करवाने पर अड़े लोग सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**


केंद्रीय विश्वविद्यालय पर सरकार के खिलाफ पदर्शन करती महिलाएं व अन्य सदस्य।

केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला परिसर का फंड जमा न करवाए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। धर्मशाला क्षेत्र के लोग काफी संख्यां में इस मौके पर प्रदर्शन में मौजूद रहे। शुक्रवार को प्रदर्शन के दूसरे दिन कचहरी चौक में धरने के दौरान नारेबाजी की गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनका विरोध तब तक नहीं थमेगा जब तक प्रदेश सरकार फंड जमा नहीं करवाती।

प्रदर्शन कर रहे लोगों के अनुसार हर दिन प्रदर्शन कर रहे लोगों की तादाद बढ़ रही है तथा आने वाले समय में ये विरोध ओर मुखर भी होगा। बताते चलें कि केंद्रीय विश्विद्यालय के जदरांगल में बनने वाले परिसर के लिए जमा करवाए जाने वाला फंड प्रदेश सरकार जमा नहीं करवा पाई है तथा इसी के चलते अब स्थानीय लोग प्रदेश सरकार के खिलाफ एकत्र होने लगे हैं। इस दौरान लोगों ने जमकर नारेबाजी की। रंग बदले सरकार, सीयू पर रंग बदले जैसे नारे लोगों ने लगाए। प्रदर्शन कर रहे लोगों तथा महिलाओं ने कहा कि हर दिन के साथ प्रदर्शन उग्र होगा तथा स्थानीय लोग इससे जुड़ते जाएंगे। इस दौरान सकोली और जूहल की महिलाओ ने धरने को गति दी। अतुल भारद्वाज ने बताया की पहाड़ी गीत के बोल रंग बदले सरकार सीयू पर रंग बदले, रंग बदले बार बार सीयू पर रंग बदले माध्यम से पूर्व व वर्तमान सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि सरकारों ने धर्मशाला व कांगड़ा-चंबा लोकसभा की जनता के साथ भेदभाव कर सौतेला व्यवहार किया है और अब इस व्यवहार को और अधिक सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से पुनः आग्रह किया है की धर्मशाला परिसर के निर्माण हेतु 30 करोड़ रुपए अविलंब जमा करवाए। इस धरने पर बला जदरांगल की प्रधान रीता देवी, सीमा, पिंकी देवी, पूजा देवी, स्वर्णा देवी, चंचला, अनुपमा, पुष्पा देवी आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

## संजय पराशर के निक्षय मित्र बनने के बाद 75 मरीज आए टीबी की बीमारी से बाहर

**अनंत ज्ञान, गरली**

टीबी रोग के उन्मूलन में सामान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, गैर सरकारी संस्थान, कारपोरेट संस्थाएं अपनी मजबूत भागीदारी निभा सकते हैं। इसका बड़ा उदाहरण जसवां-परागपुर क्षेत्र के स्थानीय नेता कैप्टन संजय पराशर ने दिया है। जिन्होंने 'निक्षय मित्र' बनकर मरीजों को पोषण करके 75 रोगियों को पूर्ण रूप से स्वस्थ करने में बड़ी सकारात्मक भूमिका निभाई है।

लंबे समय से सामाजिक सरोकारों में सक्रिय व बड़ी भूमिका निभा रहे कैप्टन संजय पराशर ने स्वास्थ्य विभाग के अनुरोध पर पिछले वर्ष जिला कांगड़ा के एक सौ दस टीबी मरीजों को गोद ले लिया था। स्वास्थ्य मंत्रालय की गाइडलाइन के मद्देनजर इस अभियान के तहत 1000 रुपए कीमत वाली न्यूट्रिएंट्स किट मरीज को पराशर द्वारा हर महीने प्रदान की गई। इसमें न्यूट्रीशन वेल्यू के हिसाब से पोषण आहार की वस्तुएं शामिल रहीं। पोषण किट में अनाज, दालें, सरसों का तेल, मूंगफली दाना, दूध पाउडर और सोया नगेट पराशर द्वारा उपलब्ध करवाया जाता रहा है। इसके अलावा पराशर की टीम द्वारा समय-समय पर मरीजों को दवाइयां भी उपलब्ध करवाई जाती है। वहीं, संजय पराशर ने कहा कि मरीजों के स्वस्थ होने तक उनका यह अभियान जारी रहेगा और जिला कांगड़ा पूर्ण रूप से टीबी मुक्त हो जाए, इसके लिए भी कार्य किया जाएगा। टीबी उन्मूलन के लिए पराशर ने जमीनी स्तर पर कार्य किया और इसके लिए बकायदा एक विशेष टीम का गठन किया गया। मरीजों को राहत देने के लिए टीम उनके घर पहुंच कर पोषण टीम पहुंचाती है और अभी तक यह अभियान निरंतर जारी है। अब भी तीस मरीजों को पोषण किटें पहुंचाई जा रही है। वहीं, कैप्टन संजय ने कहा कि सरकार ने भारत को 2025 तक पूर्ण रूप से टीबी उन्मूलन की बात कही है।

## महक | डेढ़ हजार मीटर की ऊंचाई पर उगाई जाती है लाजवाब चाय

# टूरिस्ट पैलेस से कम नहीं पालमपुर चाय के बागान

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

फिरंगियों के शासन काल में शुरू हुई चाय की खेती को दो सौ साल होने वाले है। इस यात्रा के दौरान कई मुकाम हासिल किए। इसमें 19वीं शताब्दी के दौरान यूरोपीय बाजार में गोल्ड मेडल हो या रूस के बाजारों में ब्रांड बन कर लोगों के किचन तक पहुंच बनाने कई बात यही नहीं चाय नगरी का टंमगा सीने पर लिए पालमपुर में आने वाले बाहरी टूरिस्टों के लिए चाय के यह बगीचे मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे है। शहर के विशाल चाय बागानों के कारण पालमपुर उत्तर पश्चिमी भारत की चाय राजधानी के रूप में जाना जाता है। चाय के बागान इस क्षेत्र के अनेक स्थानीय लोगों की जीविका का साधन हैं।

पालमपुर को उत्तरी भारत की टी केपिटल के रूप में जाना जाता है और यह पूरे देश में हरे-भरे चाय के बागानों के लिए प्रसिद्ध है। हिमाचल के प्रसिद्ध कांगड़ा क्षेत्र में जलवायु, विशिष्ट स्थान, मृदा की स्थिति एवं बर्फ से ढके पहाड़ों की ठंडक, सभी मिलकर चाय की गुणवत्ता से भरपूर चाय की एक अलग कप तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशेष रूप से सुगंध और स्वाद के साथ पहला फ्लश, जिसमें फल का एक अमिश्रित रंग है। कांगड़ा चाय का इतिहास 1849 का है जब बॉटेनिकल चाय बागानों के अधीक्षक डॉ. जेम्सन ने इस क्षेत्र को चाय की खेती के लिए आदर्श बताया। वहीं, कांगड़ा चाय की मांग लगातार बढ़ रही है और इसका अधिकांश हिस्सा मूल निवासियों द्वारा खरीदा जाता है। पूर्व में पेशावर के रास्ते काबुल और मध्य एशिया में निर्यात किया जाता था। अब कांगड़ा चाय का मुख्य बाजार अमृतसर व कलकत्ता हैं। कांगड़ा चाय एक पंजीकृत भौगोलिक संकेत (जीआई) है। कोविड-19 संक्रमण का सामना करने के लिए शरीर की क्षमता बढ़ाने के लिहाज से टी-एचआइवी दवाइयों के सेवन को कारगर माना जा रहा है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) ने रोग-प्रतिरोधक शक्ति यानि इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन की जगह इन दवाइयों के सेवन को बेहतर बताया गया है। इन सबके बीच हर्बल तरीकों से इम्यूनिटी बढ़ाने की भी कोशिशें की जा रही हैं।


पालमपुर टी गॉर्डन का फाइल फोटो।

### खेती के लिए कांगड़ा घाटी को चुना

**समुद्र** तल से 900 से 1400 मीटर की ऊंचाई पर चाय उगाई जाती। चाय के लिए वार्षिक बारिश 270 से 350 सै.मि. की आवश्यकता होती है। जो इसे कांगड़ा में भी आसानी से पूरी हो जाती है। इसलिए हिमाचल प्रदेश की कांगड़ा घाटी को अंग्रेजों ने चाय की खेती के लिए चुना था। टी बोर्ड के आंकड़ों अनुसार करीब 2,300 एकड़ में चाय के बागान फैले हुए हैं। लेकिन जमीनी स्तर में ये एरिया घटकर 1,150 एकड़ तक पहुंच गया है।

### पर्यटकों की पहली पसंद बने बागान

**अंग्रेजों** द्वारा लगभग दो सदी पूर्व प्रयोगात्मक आधार पर रोपे गए चाय के बागान जंहा एक समय यहां के लोगों कई प्रमुख आय का साधम थे। इसमें कई परिवार आजादी से पहले इन बागानों पर निर्भर थे, लेकिन अब भी यह टूरिस्ट पेलस के नाम पर पहले स्थान पर इलाके आने वाले पर्यटकों कई पहली पसंद है, जो भी विदेशी-देशी पर्यटक पालमपुर आते है वो इन सुंदर बगानों का बिचरण जरूर करते है।

## अयोध्या में राम मंदिर पर नहीं होनी चाहिए कोई भी राजनीति

**सुभाष मिंटू, कांगड़ा**


नीतू दमीर।


रमेश बराड़।

यह किसी पार्टी की नहीं बल्कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों व बुराई पर अच्छाई की जीत है। इस दिन को ईमानदारी व सच्चाई पर विश्वास रखने वाले हर एक भारतीय को एक पर्व की तरह मनाना चाहिए, ताकि हम आने वाली युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति को जानने की ओर प्रेरित कर सके व उन्हें भगवान श्रीराम जी के पदचिन्हों पर चलने की सीख दे।

यह बात वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश बराड़ व प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की सहकोषाध्यक्ष नीतू दमीर ने कही। उन्होंने कहा कि इस जीत से करोड़ों करोड़ों भारतीय की भावनाए जुड़ी हुई है। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। यह बात भाजपा नेत्री नीतू दमीर व वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश बराड़ ने मटौर में सयुंक्त बयान में कही। उन्होंने कहा कि इसे किसी विशेष समुदाय की जीत का रंग नहीं देना चाहिए। भाजपा नेताओं ने लोकप्रिय अखबार अनंत ज्ञान के सवांददाता से रू-ब-रू होते हुए कहा कि जब से देश की बागडोर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मे आई है तब से पूरे विश्व में देश का गौरव ब मान सम्मान बढ़ा है। वहीं, उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश मे कई सालों तक राज किया मगर पूरे विश्व स्तर पर कभी भी देश को इतना मान सम्मान नहीं मिला व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल आने वाली पीढ़ी के लिए एक आदर्श होगा व देश का हर नागरिक अपने आप को देश व विदेश स्तर पर गौरवान्वित महसूस करेगा। वहीं, दोनों नेताओं ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार को बने हुए एक साल हो गया है मगर अभी तक कांग्रेस की कोई भी स्कीम धरातल पर देखने को नहीं मिली है। (अनंत ज्ञान)

## हर हाथ अनंत ज्ञान


चुवाड़ी बस अड्डे पर अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए पाठक दीपू।


चुवाड़ी के टैक्सी चालक राजू अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


चुवाड़ी निवासी सतपाल नाथ अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


चुवाड़ी के सोनू चंबियाल अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।

# दूसरों को रोशन करने वाले भरमौर की कई पंचायतें अंधेरे में डूबी

## बिजली कट लगाने से सर्दी में लोगों को करना पड़ रहा परेशानियों का सामना

**ओपी शर्मा, भरमौर**

कई विद्युत परियोजनाओं से पड़ोसी राज्यों की बिजली खपत पूरा करने वाले जनजातीय भरमौर क्षेत्र की कई पंचायतों के लोग 31 घंटों से सर्द ऋतु में अंधेरे में रातें गुजारने पर विवश है। हैरानी की बात है कि बोर्ड कर्मियों से लेकर अधिकारियों को इस दिशा में दूरभाष व अन्य माध्यमों से शिकायत पहुंचाने के बाद बोर्ड कर्मियों पर इसका असर होता नजर नहीं आ रहा है।

बोर्ड द्वारा हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट को लाभ पहुंचाने के लिए मनमर्जी से बिजली कट लगाने सहित क्षेत्र की बिजली सप्लाई पर असर डाल उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है। जिसके तहत अब क्षेत्र के




उपभोक्ताओं ने आवाज बुलंद करना आरंभ कर दी है। वहीं भरमौर के विधायक डॉ. जनराज के ध्यानार्थ भी इस मसले को लाया गया है। गौर हो कि भरमौर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गरोला अनुभाग की कई पंचायतों में पिछले 31 घंटे से अधिक बिजली गुल रही। बिजली गुल हो जाने के कारण सर्दियों में

> तकनीकी खराबी के कारण भरमौर की कुछ पंचायतों में पावर कट लगाया गया था। इसके लिए खेद है। भरमौर क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भविष्य में सुचारु बिजली की सप्लाई दी जाएगी। इसके तहत बाकायदा भरमौर क्षेत्र के विद्युत बोर्ड अधिकारियों व फील्ड स्टाफ को सख्त दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।
>
> **परवेश ठाकुर, अधिशाषी अभियंता, बिजली बोर्ड, चंबा।**

लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

बिजली बोर्ड में 16 से 18 जनवरी तक जरूरी मरम्मत के लिए सुबह 9. 30 से लेकर 5. 30 तक पावर कट लिया हुआ था। बावजूद इसके वीरवार सुबह से लेकर शुक्रवार तक कई पंचायतों में बिजली गुल रही बिजली गुल रहने के कारण मजबूरी में लोगों को सर्दी में ठंड में बिना हीटर के ही रात गुजारनी पड़ी। सर्दियों में पावर कट लगाने का लोगों ने भरपूर विरोध किया है।

जानकारों की माने तो सर्दियों के सीजन में यहां पर चलने वाले हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट में बिजली की जनरेशन कम हो जाती है। लिहाजा बिजली बोर्ड व कंपनी प्रबंधन आपस में मिलजुल कर सर्दियों में पावर कट लेते हैं ताकि गर्मियों में काम करने के दौरान हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट की जनरेशन को कोई नुकसान नहीं पहुंचे। (अनंत ज्ञान)

# गरनोटा में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम आज होगा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में 20 जनवरी को भटियात विधानसभा क्षेत्र के गरनोटा में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त अपूर्व देवगन ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम आरंभ किया गया है।



इसी कड़ी की निरंतरता में सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं, जन कल्याणकारी नीतियों, कार्यक्रमों के प्रभावी प्रचार-प्रसार के लिए विभागीय प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेगा चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। मेगा चिकित्सा शिविर में लोगों की स्वास्थ्य जांच के साथ निशुल्क टेस्ट किए जाएंगे और दवाइयां भी वितरित की जाएगी।

इसके अतिरिक्त दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी जारी किए जाएंगे।

इस दौरान निर्वाचन विभाग द्वारा नए मतदाताओं का पंजीकरण, आधार अपग्रेडेशन व पंजीकरण से संबंधित सेवाओं के लिए भी स्टॉल स्थापित होंगे। उन्होंने बताया कि 21 जनवरी को चंबा विधानसभा क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत हरिपुर, 22 जनवरी को भरमौर विधानसभा क्षेत्र के तहत भरमौर हेलिपैड, 23 जनवरी को चुराह विधानसभा क्षेत्र के तहत भंजराडू तथा डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के तहत 24 जनवरी को सलूणी में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### निराश्रित बच्चों के उत्थान के लिए दें दान

**चंबा।** प्रदेश सरकार द्वारा 27 वर्ष तक के निराश्रित बच्चों व युवाओं की सहायता के लिए मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना चलाई जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग राकेश कुमार ने बताया कि जिला चंबा में भी मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष का बचत खाता भारतीय स्टेट बैंक शाखा चंबा में कार्यशील किया गया है। इसकी देखरेख संयुक्त रूप से उपायुक्त चंबा व जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला के निराश्रित बच्चों के जीवन यापन में सहायता व उनकी शिक्षा इत्यादि के लिए जो व्यक्ति व संस्थाए सहयोग करना चाहते है वे भारतीय स्टेट बैंक चंबा में खुले मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष के खाता संख्या 42604675353 IFSC : SBIN0000626 में दान देकर सहायता कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत निराश्रित बच्चों को जीवन यापन व जेब खर्च के लिए चार हजार प्रति माह तथा उनकी उच्च शिक्षा कोचिंग, व्यवसायिक प्रशिक्षण, बेघर के लिए घर बनाने तथा शादी के लिए सरकार द्वारा सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि सहयोग देने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी चंबा से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने जिला के सभी दानी सज्जनों से आह्वान किया है कि वे ज्यादा से ज्यादा निराश्रित बच्चों के उत्थान के लिए सहयोग दें।

### ट्रांसमिशन लाइन माजरा-करियां आज होगी शुरू

**चंबा।** डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन माजरा विद्युत उपकेंद्र पुखरी को 20 जनवरी शाम 6 बजे के बाद चालू कर दिया जाएगा। अधिशाषी अभियंता राज्य पावर कॉरपोरेशन राज सिंह ने बताया कि 220 केवी डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन माजरा विद्युत उपकेंद्र पुखरी से करियां तथा रजेरा विद्युत उपकेंद्रों जिसकी लम्बाई क्रमशः 18.533 किमी तथा 20.697 किमी है बन कर तैयार हो गए है। यह लाइन पुखरी, भटका, भुमनोथा, गंदवार, बगोडी, खमुई, थारुई, महुआ, सेई, खल्ली, नाणु, चंद्रोली, सुंगल, बाडीदेहरा, उटीप, कठना, लुड्डू, उलियाणु, जंजला, तंदोला, गुड्डा, करिया, रजेरा से होती हुई रजेरा पावर ग्रिड तक पहुंचती है। इस लाइन को 20 जनवरी शाम 6 बजे के बाद चालू कर दिया जाएगा। इस पर 220 केवी विद्युत प्रवाह शुरू हो जाएगा। अतः सर्वसाधारण से अनुरोध है कि इस ट्रांसमिशन लाइन व इसके टावरों के नजदीक न जाएं और न ही इसे छूने की कोशिश करें और किसी भी पालतू जानवर को भी इस लाइन के नजदीक न जाने दें ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचाव हो सके।

### पुखरी-तिमण संपर्क मार्ग की हालत खस्ता

**चंबा।** चंबा ब्लॉक के अधीन पुखरी-तिमण संपर्क मार्ग की हालत दिन व दिन दयनीय अवस्था की ओर अग्रसर हो रही है। जिसके चलते क्षेत्र के ग्रामीणों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने संबधी लोक निर्माण विभाग के समक्ष मार्ग सुधार के लिए गुहार लगाई है मगर मार्ग की हालत जस की तस बरकरार है। ग्रामीणों में श्याम सिंह, प्रमोद कुमार, राम सिंह, कंवर, शेर सिंह, रविंद्र, शशि, सुभाष, अरविंद, नीरज, अजय सिंह, प्रकाश, हेमराज व मुकेश आदि का कहना है कि गत कई माह से पुखरी-तिमण संपर्क मार्ग खस्ताहाल है। उन्होंने कहा कि कई बार पंचायत प्रतिनिधियों के समक्ष पुखरी-तिमण मार्ग की दयनीय अवस्था सुधार की मांग को उठाया जा चुका है, लेकिन मार्ग सुधारात्मक संबंधी आज दिन तक कोई व्यापक कदम पंचायत की ओर नहीं उठाए जा सके। जिससे उक्त संपर्क मार्ग संकरी व कच्चा होने के चलते यहां कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से गुहार लगाई है कि इस दिशा में जल्द से जल्द व्यापक कदम उठाए जाए ताकि क्षेत्रवासियों को मुश्किलों के दौर से न गुजरना पड़े।

### सिल्लाघ्राट पंचायत में खोली जाए बैंक शाखा

**चंबा।** सिल्लाघ्राट पंचायत में किसी भी बैंक की शाखा न होने से लोगों को पैसों के लेन-देन के लिए भागदौड़ करनी पड़ रही है। बैंक न होने से सिल्लाघ्राट पंचायत की हजारों की आबादी को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार हर कार्य के लिए लेन-देन बैंकों के माध्यम से कर रही है। गैस सब्सिडी से लेकर अन्य कई विभागों की सब्सिडी सीधे लोगों के खातों में पड़ती है। मनरेगा की पेमेंट का भुगतान भी बैंक खातों के माध्यम से हो रहा है। इस कारण लोगों को बैंक से संबंधित कार्य के लिए काफी किलोमीटर पैदल सफर तय कर चंबा या जडेरा जाना पड़ता है। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रवासियों ने मांग उठाई है कि सिल्लाघ्राट में बैंक की शाखा खोली जाए।

# सुखधार में खाई में गिरी कार, दो सवार हुए घायल

**अनंत ज्ञान, तीसा**

**तीसा-हिमगिरी मार्ग पर पेश आया दर्दनाक हादसा**

तीसा-हिमगिरी मार्ग पर सुखधार नामक स्थान पर वीरवार देर रात्रि एक टैक्सी कार एचपी 01सी 2346 दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार में सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस थाना तीसा को दुर्घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को नागरिक चिकित्सालय तीसा में भर्ती करवाया।

जानकारी अनुसार टैक्सी लेकर जब दो व्यक्ति हिमगिरी से तीसा की ओर वापस लौट रहे थे तभी सुखधार के पास पहुंचकर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। जिससे कार सड़क के साथ लगती गहरी खाई में जा गिरी। लोगों ने मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्य करते हुए पुलिस को दुर्घटना की सूचना दी। घायलों को खाई से बाहर निकाल कर तीसा चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। दोनों घायलों की पहचान टेक चंद पुत्र विशन दास गांव हिमगिरी व चालक संजय कुमार पुत्र केसरु गांव व डाकघर नकरोड़ के रूप में हुई है।

वहीं टैक्सी चालक संजय कुमार की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा रेफर कर दिया है। जहां से उसे टांडा मेडिकल कॉलेज कांगड़ा रेफर कर दिया है। पुलिस थाना तीसा प्रभारी रंजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। जबकि दोनों घायलों को उपचार के लिए तीसा व चंबा चिकित्सालय भर्ती करवाया गया है। चालक को टीएमसी कांगड़ा रेफर किया है।

## साहो में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग

**चंबा।** साहो क्षेत्र में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र न होने से आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज करवाने वाले लोगों के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोग लंबे समय से साहो में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जाने की मांग कर रहे हैं। आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र न होने के कारण लोगों को इलाज करवाने के लिए जिला आयुर्वेदिक अस्पताल जाना पड़ता है। जिसके कारण लोगों को 12 से 15 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। स्थानीय लोगों रमेश कुमार, प्रदीप कुमार, कमल कुमार, अजय कुमार, प्रवीण, जितेंद्र कुमार, सुरेश कुमार का कहना है कि वह इस बारे में कई बार जिला प्रशासन व बड़े राजनेताओं से भी मुलाकात कर चुके हैं लेकिन कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। यदि साहो में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र खोला जाता है तो साहो पंचायत के साथ कीड़ी, अठलूई, प्रौथा के लोगों को भी लाभ मिलेगा।

# रेडक्रॉस लैबोरेटरी चंबा में होंगे कैंसर और हेपेटाइटिस से संबंधित टेस्ट

## डीसी ने किया ऑटोमेटिक इम्यूनोऐसे एनालाइजर मशीन का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसायटी अपूर्व देवगन ने वीरवार को रेडक्रॉस लैबोरेटरी चंबा में फुली ऑटोमेटिक इम्यूनोऐसे एनालाइजर मशीन का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस मशीन के माध्यम से थायराइड, एनटी टीपीओ, कैंसर से संबंधित, प्रोस्टेट विटामिन, एंटी प्रो बीएनपी, हेपेटाइटिस से संबंधित टेस्ट की सुविधा उपलब्ध होगी।

उन्होंने कहा कि पहले इस प्रकार के टेस्ट रिपोर्ट के लिए चंडीगढ़ आदि भेजे जाते थे। अब इस मशीन के माध्यम से यहीं पर इन टेस्टों की रिपोर्ट उपलब्ध होगी। उन्होंने यह भी बताया कि डलहौजी, तीसा व चुवाड़ी स्थित रेडक्रॉस शाखा की लैबोरेटरी से भी उक्त टेस्टों के सैंपल चंबा भेजे जाएंगे तथा ईमेल


ऑटोमेटिक इम्यूनोऐसे एनालाइजर मशीन का शुभारंभ करते डीसी अपूर्व देवगन।

के माध्यम से उनकी रिपोर्ट वहीं पर उन्हें जल्द ही उपलब्ध करवा दी जाएगी।

इससे जिला के दूर दराज क्षेत्र की आम जनता को लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह सभी टेस्ट चंबा में स्थित लैबोरेटरी से अपेक्षाकृत बहुत ही कम दर पर उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, एसडीएम चंबा अरुण शर्मा, जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा, सचिव जिला रेडक्रॉस सोसायटी नीना सहगल मौजूद रही।

# सरकारी व निजी अस्पतालों का खंगालेंगे रिकॉर्ड

## चंबा में दो जगह मिले दो नवजात के शव मामलों में पुलिस ने तेज की जांच

**एमएम डैनियल, चंबा**

जिला चंबा में दो अलग-अलग स्थानों पर पांच दिनों में नवजात के शव मिलने के मामले की गुत्थी सुलझाने में पुलिस ने तफ्तीश तेज कर दी है। जिसमें पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा से लेकर निजी क्लीनिक पुलिस की जांच के निशाने पर है। जिसमें हल्का से भी साक्ष्य मिलने पर पुलिस की जांच की आंच सरकारी व गैर सरकारी चिकित्सालय प्रबंधन सहित इस अपराध को अंजाम देने वाले अभिभावकों तक पर पड़ सकती है।

गौर हो कि 12 जनवरी को मुख्यालय के चौगान वार्ड दो अधीन बालू नामक स्थान पर एक मंदिर में नवजात का शव मिला था। जिसको लेकर छानबीन में जुटी पुलिस थाना सदर टीम अभी किसी निष्कर्ष या आरोपी तक पहुंच पाती इससे पूर्व ही पांच दिनों

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

के अंतराल में 17 जनवरी को पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा परिसर में एक ओर नवजात का शव मिल गया।

मुख्यालय में एक ही वार्ड परिसर में कुछ दूरी पर मिले एक के बाद एक मृतक नवजातों के मिलने से यह बात स्थानीय लोगों से लेकर उच्च अधिकारियों व राजनेताओं के चर्चा का केंद्र बन गई। जिसके बाद दोनों नवजातों के मिलने व इसकी जांच को लेकर पुलिस थाना सदर चंबा पर भी कहीं न कहीं अधिकारिक दवाब आन पड़ा है।

जिसे सुलझाने के लिए पुलिस द्वारा फॉरेंसिक विशेषज्ञ की राय लेने सहित हर एंगल से तफ्तीश कर जांच के दायरें को बढ़ा दिया

> चंबा मुख्यालय के बालू व मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय परिसर में मिले नवजात के शव मामलों की पुलिस तहकीकात कर रही है। जिसमें लोगों व विभागीय स्टाफ से पूछताछ की जा रही है। वहीं पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा से लेकर निजी क्लीनिकों के रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा जल्द ही मामलों को सुलझा लिया जाएगा। जिसमें दोषी पाने जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> **-अभिषेक यादव, पुलिस अधीक्षक, चंबा।**



गया है। पुलिस ने जहां सर्वप्रथम नवजात मिलने के स्थलों की रैकी करने सहित आस-पास के लोगों व चिकित्सालय स्टाफ से पूछताछ की है, वहीं दोनों स्थलों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगाला है।

पुलिस द्वारा मुख्य चिकित्सालय से लेकर क्लीनिकों में 11, 12, 16 व 17 जनवरी तक हुई डिलीवरी रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। हालांकि यह कार्य घास या रेत में सूई ढूंढने के सामान अवश्य है, लेकिन पुलिस द्वारा आरंभ की गई इस जांच से उम्मीद है कि चंबा थाना सदर पुलिस मामले को सुलझाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास अवश्य ही साकारात्मक रंग लाएंगे। जिससे जघन्य अपराध करने वालों के चेहरे जल्द ही बेनकाब होने की उम्मीद है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है। (अनंत ज्ञान)

# बनीखेत में बच्चों को स्कूल भेजना हुआ मुश्किल

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

**आवारा कुत्तों के आतंक से डर रहे लोग**

बनीखेत में इन दिनों आवारा कुत्तों व बेसहारा पशुओं का आतंक बना हुआ है। बनीखेत बस अड्डा, मुख्य बाजार एवं पद्दर बाजार में इन दिनों कुत्तों की संख्या में अत्यधिक इजाफा हो जाने के कारण लोगों में खौफ का माहौल बना हुआ है।

सुबह छोटे-छोटे बच्चों का स्कूल जाते समय डर बना रहता है कि कहीं कुत्तें बच्चों को अपना शिकार न बना लें शाम के समय या रात के समय यह कुत्ते झुंडों में हर किसी पर हमला कर देते हैं जिससे बीते कुछ समय से कुत्तों के हमलों से कई लोगों के घायल होने के मामले प्रकाश में आए हैं। हालांकि इस संबंध में लोगों ने पंचायत स्तर पर अपनी शिकायतें भी दर्ज करवाई परंतु अभी तक उन पर कोई खास कार्रवाई देखने को नहीं मिली है तो वहीं दूसरी तरफ बेसहारा पशुओं का भी आतंक व्याप्त है। जगह-



जगह बेसहारा पशु आते जाते की आम ग्राम वासियों को अपना शिकार बना चुके हैं और कई बार बीच बाजार में इनके द्वारा दुर्घटनाएं भी देखने को मिली है।

इस संबंध में स्थानीय लोगों ने ग्राम पंचायत बनीखेत को शिकायत की है। वही ग्राम पंचायत प्रधान अरुण राणा ने बताया कि लोगों की हमें शिकायतें मिली हैं और इस पर हमने प्रशासन को अवगत करवा दिया है और बहुत जल्द इस पर कार्रवाई की जाएगी।

# छोटी उम्र में सामान बेचने वाले बच्चों के आंकड़े इकट्ठे किए

## पुखरी पंचायत में जिला बाल संरक्षण इकाई ने छेड़ा अभियान

**आरके रांगड़ा, चंबा**

छोटी उम्र में सामान बेचने और गलियों में कबाड़ इत्यादि एकत्रित करने वाले बच्चों के आंकड़े जुटाने के लिए जिला बाल संरक्षण इकाई चंबा द्वारा कमर कस ली गई है। इस दिशा में विकास खंड चंबा के अधीन पुखरी पंचायत में अभियान आयोजित किया गया।

इस संदर्भ में जिला बाल संरक्षण इकाई से सामाजिक कार्यकर्ता निशांत कालिया और आउटरेज वर्कर रमन कुमार ने बताया कि जिला बाल संरक्षण इकाई चंबा द्वारा विकास खंड पुखरी पंचायत में जाकर स्ट्रीट सिचुएशन में रह रहे बच्चों से संबंधित और छोटी उम्र में सामान बेचने और गलियों में कबाड़ इत्यादि एकत्रित करने वाले बच्चों के आंकड़े इकट्ठे किए गए। वहीं


स्थानीय दुकानदार से पूछताछ करते जिला बाल संरक्षण इकाई के सदस्य।

यह भी जानने का प्रयास किया कि कहीं कोई बच्चा बिना मां-बाप के झुग्गी झोपड़ी में तो नहीं रह रहा और यहां रहकर अपने जीवन यापन के लिए मजदूरी या गलियों में समान इत्यादि बेचने का काम करने के तहत पढ़ाई छोड़ चुका है।

उन्होंने बताया कि इस दिशा में पंचायत प्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों से ऐसे बच्चों के बारे में जानकारी देने का अनुरोध किया ताकि ऐसे बच्चों को सरकारी सहायता उपलब्ध करवा सकें। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त बाल विवाह, वाल मजदूरी, दत्तक ग्रहण, बच्चों के अधिकारों, शिक्षा का अधिकार ,चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 गुड़िया हेल्पलाइन 1515 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी भी दी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

**बैठक** 'भविष्य सेतु एक पहल सुनहरे भविष्य की' विषय पर करियर परामर्श शिविर आयोजित

# चुवाड़ी स्कूल में स्टूडेंट्स को दिए करियर के टिप्स

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**

जिला प्रशासन के तत्वावधान में उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चुवाड़ी में 'भविष्य सेतु एक पहल सुनहरे भविष्य की' विषय पर आधारित एक व्यवसायिक मार्गदर्शन एवं करियर परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यवाहक प्रधानाचार्य रेखा कुमारी ने उपायुक्त को शॉल व टोपी पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों सहित मेजबान स्कूल का स्टाफ भी मौजूद रहा।

इस दौरान अपूर्व देवगन ने विद्यार्थियों से सिविल सेवाओं की परीक्षा से सबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की विद्यार्थियों को आईएएस, आईपीएस, आईआरएस, आईएफएस सहित अन्य विकल्पों


राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चुवाड़ी में शुक्रवार को प्रशासन की ओर से आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद उपायुक्त अपूर्व देवगन व विभिन्न विभागों के अधिकारी।

के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के साथ कर्तव्य निष्ठा के पालन की बात कही।

जीवन में सफलता प्राप्ति के लिए कड़े संघर्ष को महत्वपूर्ण बताते हुए अपूर्व देवगन ने विशेष कर अभिभावकों एवं शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि बच्चों को उनकी रुचि एवं प्रतिभा के अनुरूप सीखने के लक्ष्य निर्धारित करने में सहयोग दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए प्रशंसा एवं सरहाना भी महत्वपूर्ण रहती है। इससे पूर्व जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को श्रम एवं रोजगार विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। यंग प्रोफेशनल तनु कुमारी ने विद्यार्थियों को टीचिंग क्षेत्र में करियर और हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के जिला समन्वयक दीपक शर्मा ने कौशल विकास निगम की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया।

### इन्होंने किया जागरूक

एसडीएम चुवाड़ी पारस अग्रवाल ने विद्यार्थियों को कानूनी क्षेत्र में भविष्य बनाने के बारे में अवगत करवाया। इसके अतिरिक्त डीएसपी प्रोबेशनर मयंक शर्मा ने विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में बताया। वहीं, खंड चिकित्सा अधिकारी समोट डॉ. देवेंद्र ने स्वास्थ्य विभाग, एलडीएम डीसी चौहान ने बैंकिंग क्षेत्र, एसएमएस सन्नी पटियाल ने कृषि विभाग, डॉ. विनीत ने उद्यान विभाग, आईटीआई के प्रधानाचार्य मनीश कुमार राणा ने कौशल विकास, खंड विकास अधिकारी मुनीष कुमार ने सिविल सेवा, डॉ. शुची ने आयुर्वेद और अनु कुमारी ने उद्योग के क्षेत्र में करियर की संभावनाओं के बारे में बताया।

# 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम से स्पीडअप होंगे विकासात्मक कार्य

## करसोग की बखरोट पंचायत में बोले विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार

**अनंत ज्ञान, करसोग**

जन कल्याण को समर्पित प्रदेश सरकार के कार्यक्रम सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन करसोग विधानसभा क्षेत्र की बखरोट पंचायत में किया गया। पंचायत के मेला मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए।

कार्यक्रम में करसोग क्षेत्र की पांच पंचायतों ग्राम पंचायत बखरोट, सोरता, कलाशन कनेरी, माहोग व दच्छैण को शामिल किया गया था। मुख्यातिथि ने चिन्हित पंचायतों के लोगों की विभिन्न समस्याओं को सुना और अधिकतर समस्याओं का विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा मौके पर ही समाधान किया गया। इस अवसर पर विधानसभा



बखरोट पंचायत में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्यातिथि विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार व अन्य।

उपाध्यक्ष ने कहा कि लोगों कि समस्याओं का समाधान घर द्वार पर ही करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम शुरू किया है।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण विकास कार्य प्रभावित हुए हैं और उन्हें स्पीडअप करने के लिए राज्य सरकार ने इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को शुरू किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में इंग्लिश मीडियम आरंभ करने का निर्णय भी लिया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार राज्य सरकार अपनी सभी गारंटियों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

# ड्रेन पाइप से नहीं हो रही पानी की निकासी

## लोक निर्माण विभाग की गलतियों की सजा भुगत रहे बैहना के निवासी, बीमारी फैलने का खतरा

**पुष्पराज, मंडी**

मंडी नगर निगम के वार्ड नंबर 14 के बैहना के निवासी आजकल सड़क के साथ बनी नाली में पानी के ठहराव से परेशान है। बैहना में फोरलेन के समीप जो घर है वो लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे है। बैहना हनुमान मंदिर के समीप रहने वाले टेक चंद ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा उन्हें लगातार नजर अंदाज किया जा रहा है जिसके कारण मंडी में आई बाढ़ का प्रकोप बैहना के लोगों को भुगतना पड़ा। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा जो भी ड्रेन पाइप लगाई गई है उनमें से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है और इसकी जानकारी लोक निर्माण विभाग को भी कई बार दी गई पर उन्होंने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया और पार्षद ने भी इस बारें में लोक निर्माण विभाग को ही जिम्मेदार ठहराया। टेक चंद ने



नालियों में ठहरा हुआ पानी, जिससे क्षेत्र में बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है।

बताया कि सड़क के साथ लगती नाली से पानी की निकासी नहीं होने से नाली में कीड़े पड़ गए है और इससे स्थानीय लोग बीमारी का भी शिकार हो सकते है और पानी महीनों से ऐसे ही रुका है।

वहीं बैहना वासी जीवन वालिया ने कहा कि घर के आगे बनी नालियों में पानी महीनों से रुका है जिसका कोई समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि बैहना में न तो पार्षद काम करते है और न ही विधायक काम करते है। उन्होंने बताया कि विधायक गाड़ियों में आते है और फोटो खिंचवा कर चले जाते है। उन्होंने बताया कि नाली से पानी की निकासी नहीं हो रही जिसके कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि नाले का पानी भी बारिश में घरों में घुस जाता है और प्रशासन और सरकार ने इस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की हैं। (अनंत ज्ञान)



> मामला ध्यान में आया है इस पर उचित कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।
>
> **-अनिल शर्मा, अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, मंडी।**

### क्या कहते हैं पार्षद

वार्ड नंबर 14 के पार्षद कृष्ण भानु का कहना है कि जो नाली सड़क के साथ बनाई गई है वो लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई है और इसका निर्माण सही ढंग से नहीं किया गया है। इस कारण इससे पानी की निकासी नहीं होती है। इस बारे में कई बार लोक निर्माण विभाग को अवगत करवाया गया पर उनके द्वारा कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। वार्ड नंबर 14 के पार्षद कृष्ण भानु का कहना है कि शिकायत पर भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का बैहना की जनता के साथ घेराव किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### जोगिंद्रनगर की स्मृति खेलेगी नेशनल



स्कूल प्रधानाचार्य व अध्यापकों के साथ स्मृति।

**जोगिंद्रनगर।** खेलों के क्षेत्र में कन्या पाठशाला जोगिंद्रनगर की उपलब्धियों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। कन्या पाठशाला जोगिंद्रनगर की एक और छात्रा स्मृति अंडर -14 खो-खो के नेशनल में भाग लेने के लिए 20 जनवरी को पाठशाला से नेशनल कैंप में भाग लेने के लिए हमीरपुर (नादौन) के लिए रवाना हो जाएगी। कैंप 21 जनवरी से 27 जनवरी तक चलेगा। उसके बाद टीम नेशनल खेलने के लिए रांची, झारखंड रवाना हो जाएगी। रांची में यह प्रतियोगिता 31 जनवरी से चार फरवरी तक चलेगी। प्रधानाचार्य डॉ. सुनील ठाकुर ने इस उपलब्धि के लिए स्मृति और स्मृति के पिता राजेश कुमार और माता मीना को बधाई दी है। समस्त स्टाफ और विशेषकर डीपीई मनोहर लाल और शारीरिक शिक्षक उमेश कुमार की भी इस उपलब्धि के लिए प्रशंसा की है।

### तलकेहड़ में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा

**जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंद्रनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत तलकेहड़ में शुक्रवार को कमलावती अस्पताल चौंतड़ा के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल के संचालक पीयूष वर्मा व पंचायत की प्रधान सुचिका विशेष रूप से मौजूद रही। इस दौरान अस्पताल की ओर से डॉक्टर सचिन शर्मा फिजियोथैरेपिस्ट, डॉक्टर अभिलाष वर्मा जनरल फिजिशियन, मनीष कुमार फार्मासिस्ट इत्यादि मौजूद रहे। शिविर के दौरान निशुल्क दवाइयां, निशुल्क ब्लड टेस्ट, आरएफटी व बीपी शुगर इत्यादि की जांच की गई। इस दौरान करीब 25 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। अस्पताल संचालक पीयूष वर्मा ने बताया कि सभी पंचायतों में इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### खुद्दर स्कूल के छात्रों को इनाम बांटे



खुद्दर स्कूल में समारोह के दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करते आयोजक।

**जोगिंद्रनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खुद्दर जोगिंद्रनगर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। पाठशाला प्रधानाचार्य ने मुख्यातिथि को टोपी, शॉल व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यातिथि ने स्कूल के होनहारों को इनाम भी बांटे। इस दौरान उपस्थित युवाओं एवं जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने कहा कि सभी बच्चे ऊंची सोच, कड़ी मेहनत और पक्का इरादा इन तीन चीजों को अपने जीवन में हमेशा याद रखें। यदि विद्यार्थी अपने जीवन में इन तीन चीजों का सही तरीके से अनुसरण करेंगे तो संभवत जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र की जनता उनके परिवार का हिस्सा हैं और वे अपने किसी भी काम के लिए उनके पास आ सकते हैं।

### कोलडैम में कायकिंग प्रतियोगिता 24 से

**सुंदरनगर।** कोलडैम क्षेत्र में साहसिक खेलों के अंतर्गत कायकिंग एवं केनोइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार हिमाचल प्रदेश कायकिंग एवं केनोइंग जूनियर और सब जूनियर बाल और बालिका प्रतियोगिता का आयोजन 24 जनवरी को गांव कसोल कोलडैम में किया जाएगा। यह जानकारी कायकिंग एवं केनोइंग एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के महासचिव डॉ. पदम सिंह गुलेरिया ने दी। उन्होंने बताया कि जूनियर वर्ग के लड़कों और लड़कियों की आयु 18 वर्ष से कम और जन्म पहली जनवरी 2005 से पहले का होना चाहिए। इसी प्रकार सब जूनियर वर्ग के लड़कों और लड़कियों की आयु 15 वर्ष और जन्म पहली जनवरी 2008 से पहले का होना चाहिए।

### बलद्वाड़ा स्कूल ने मनाया वार्षिक समारोह



वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान होनहार मुख्य अतिथि के साथ।

**सरकाघाट।** श्रीमती शैलबाला राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलद्वाड़ा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पवन ठाकुर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य शकुंतला चंदेल व स्कूल प्रबंधन समिति सहित स्टाफ के अन्य सदस्यों ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान मुख्य अतिथि ने शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों में अव्वल रहने वाले बच्चों को सम्मानित किया। पवन ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने आते ही हर विधानसभा क्षेत्र में एक-एक डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

# ट्रैफिक नियमों की अवहेलना पर 23 वाहनों के काटे गए चालान

## अनंत ज्ञान में खबर छपते ही हरकत में आई पुलिस, कार्रवाई की

**अनंत ज्ञान इंपैक्ट**

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी**

थाना पुलिस औट द्वारा उपमंडल मुख्यालय बालीचौकी में शुक्रवार को ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने पर 23 वाहनों के चालान किए गए। बता दें कि अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र ने इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर छपते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आया और बालीचौकी में दबिश दी।

वहीं स्थानीय लोगों ने यातायात की समस्या को प्रमुखता से उठाने के लिए अनंत ज्ञान की मुहिम का स्वागत कर पुलिस से आग्रह किया है कि आने वाले समय में भी इस



जी का जंजाल बनी यातायात व्यवस्था

बालीचौकी में बेतरतीब पार्किंग से समस्या, लोग हो रहे परेशान

नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी

बालीचौकी पुलिस के लिए कस्बे की यातायात व्यवस्था जी का जंजाल बनती जा रही है। आलम यह है कि पुलिस की अक्षमता के चलते सिरफिरे वाहन चालक जहां

अनंत ज्ञान समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार।

तरह की प्रक्रिया को दोहराया जाए। थाना प्रभारी औट अश्वनी शर्मा ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम ने सड़क पर गैर कानूनी रूप से पार्क किए वाहनों के अलावा वन वे व नो पार्किंग क्षेत्र की अवहेलना करने वाले वाहनों के भी चालान किए गए। मुख्य बाजार में एसडीएम कार्यालय के साथ लगते नो पार्किंग जोन में पार्क दोपहिया वाहनों के भी चालान किए गए। थाना पुलिस की अचानक दबिश से स्थानीय टैक्सी स्टैंड में भी हड़कंप की स्थिति रही और कई वाहन चालक अपनी गाड़ियों को व्यवस्थित रूप से पार्क करते देखे गए। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि अब वे नियमित तौर पर सप्ताह में किसी भी दिन कस्बे की यातायात व्यवस्था जांचने के लिए औचक निरीक्षण करते रहेंगे और नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# युवा पीढ़ी का सबसे बड़ा महाकुंभ 25 को

**सरकाघाट।** अमृतकाल की अमृत पीढ़ी का सबसे बड़ा महाकुंभ 25 जनवरी को होगा। यह महाकुंभ देश के पांच हजार स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर के 50 लाख नमो युवा मतदाता हिस्सा लेंगे। भाजयुमो के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता अजय चौहान ने कहा कि अमृतकाल की अमृत पीढ़ी का यह सबसे बड़ा महाकुंभ होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा पूरे देश के साथ-साथ यह हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत आने वाले 74 मंडलों में भी नव युवा सम्मेलनों को आयोजित करेगा, जिसमें प्रत्येक मंडल में एक हजार नव युवा मतदाता हिस्सा लेंगे। अजय चौहान ने बताया कि इस नव युवा महासम्मेलन में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के नव युवा मतदाताओं के साथ सीधा संवाद करते हुए संबोधित करेंगे।

# नमो नव मतदाता सम्मेलन करेगा भाजपा युवा मोर्चा



शुक्रवार को प्रेस वार्ता करते भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भाजपा युवा मोर्चा जिला मंडी द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें युवा मोर्चा पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में बताया गया। युवा मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता चंदन ने कहा कि 25 जनवरी को नमो नव मतदाता सम्मेलन भाजपा युवा मोर्चा आयोजित करेगा।

चंदन पंडित ने कहा कि नए युवाओं को मतदाता बनने के लिए जागरूक किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को युवा एक सक्षम नेतृत्व मानते हैं। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेश ठाकुर ने कहा कि यह कार्यक्रम मंडी जिला के पांच स्थानों में किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करना है।

मंडी विधानसभा का यह कार्यक्रम संकन गार्डन में होगा। बल्ह विधानसभा का कार्यक्रम जगदंबा पैलेस कंसा चौक में आयोजित किया जाएगा। सराज का कार्यक्रम बालीचौकी में, द्रंग का कार्यक्रम टकोली सब्जी मंडी में व जोगिंद्रनगर बाजार में आयोजित किया जाएगा। प्रेस वार्ता में जिला उपाध्यक्ष राजन सैनी, यादव सिंह, प्रवीण मेहता, सौरभ और ओम प्रकाश उपस्थित रहे।

# सीएम सुक्खू का जताया आभार

**जोगिंद्रनगर।** प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने थौना प्लौन प्रोजेक्ट



को पर्यावरण की सैद्धांतिक मंजूरी मिलने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि थौना प्लौन प्रोजेक्ट को मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरमेंट से पर्यावरण की सैद्धांतिक मंजूरी मिल चुकी है और अब यह प्रोजेक्ट अवॉर्ड और एक्यूजिशन स्टेज पर पहुंच चुका है। जिसका सारा श्रेय मुख्यमंत्री सुक्खू को जाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के माध्यम से जोगिंद्रनगर के सैकड़ों बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध होने का सुनहरा अवसर उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि तीन से चार महीने में यह प्रोजेक्ट शुरू होगा, जिसके लिए मुख्यमंत्री का तहे दिल से आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा की इस प्रोजेक्ट के कार्यालय को जोगिंद्रनगर में ही स्थापित करने का भी उनके द्वारा पूर्ण रूप से प्रयास किया जाएगा।

# पूर्ण राज्यत्व दिवस पर धर्मपुर में समारोह की दिखेगी अनोखी शान

## धर्मपुर में चमचमाती रोशनी में जगमगाएंगे महत्वपूर्ण स्थल



सिद्धपुर में बैठक की अध्यक्षता करते धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर।

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि पूर्ण राज्यत्व दिवस पर 25 जनवरी को धर्मपुर कॉलेज मैदान में राज्य स्तरीय समारोह की अनोखी शान दिखेगी। धर्मपुर में पहली बार इस प्रकार का आयोजन हो रहा है, इसलिए इसको लेकर संपूर्ण क्षेत्र में आनंद है।

समारोह में छह से सात हजार लोग सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में इस समारोह के लिए धर्मपुर पूरी भव्यता के साथ सजेगा, बाजार और महत्वपूर्ण स्थल चमचमाती रोशनी से जगमगाएंगे।

यह बात विधायक चंद्रशेखर ने समारोह के सफल आयोजन को लेकर सिद्धपुर में जिला के उपमंडल स्तरीय अधिकारियों की बैठक के दौरान कही। बैठक में जिलाधीश अरिंदम चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक ने सभी अधिकारियों को तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर प्रदर्शनी, परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### करोड़ों की सौगातें देंगे सीएम

विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री 25 जनवरी को धर्मपुर विधानसभा के लिए 70 करोड़ रुपए से अधिक की सौगात देंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री 14 परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। वहीं जिलाधीश अरिंदम चौधरी ने बताया कि समारोह के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों की 11 कमेटियां गठित की गई हैं। बाद में विधायक ने अधिकारियों के साथ धर्मपुर कॉलेज मैदान का दौरा किया और वहां व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

# सुंदरनगर न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया



सुंदरनगर पहुंचने पर न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल का स्वागत करते हुए।

**सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल ने शुक्रवार को सब डिवीजन न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंडी, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुंदरनगर, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी और बार एसोसिएशन सुंदरनगर के अध्यक्ष कुलदीप सेन सहित स्थानीय अधिवक्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल ने न्यायालय परिसर में व्यवस्थाओं को जांचा गया और उचित दिशा निर्देश भी दिए। बार एसोसिएशन सुंदरनगर के अध्यक्ष कुलदीप सेन ने कहा कि न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल ने शुक्रवार को सब डिवीजन न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि न्यायमूर्ति ने न्यायालय परिसर में स्थानीय अधिवक्ताओं के लिए टीन शेड की व्यवस्था, शौचालय की दुरुस्ती, कोर्ट परिसर की एक्सटेंशन को लेकर निरीक्षण और अधिवक्ताओं के लिए बार रूम की एक्सटेंशन के दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ अजय मोहन गोयल ने इन कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए संबंधित विभाग को भी आदेश दिए। कुलदीप सेन ने कहा कि न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल ने स्थानीय अधिवक्ताओं से न्यायालय परिसर में विभिन्न कार्यों को लेकर उनके सुझाव भी लिए।

### साईगलू स्कूल में सालाना जलसे की धूम

**मंडी।** शहीद सूबेदार खेम चंद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला साईगलू में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि जिला परिषद सदस्य चंपा ठाकुर ने शिरकत की और उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में बालक राम कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, योगेश पटियाल जिला महासचिव कांग्रेस कमेटी, चमन लाल उपस्थित रहे और साथ ही स्थानीय पंचायत प्रधान कर्ण, एसएमसी प्रधान नवीन कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस दौरान पुनीत, स्नेहा, जानवी, प्रिया वीरेंद्र कुमार, ऋतिक व अन्य छात्रों को पुरस्कृत किया। मुख्यातिथि ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा की और उन्हें गलत आदतों से बचने और भविष्य में प्रगति की ओर अग्रसर होने के लिए जागरूक किया।

### भराड़ी स्कूल में बनेगा पुस्तकालय भवन



भराड़ी स्कूल के सालाना समारोह के दौरान छात्र मुख्यातिथि के साथ।

**सरकाघाट।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भराड़ी का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्यातिथि राजकुमार वर्मा साई इंटरनल फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य व प्रबंध निदेशक ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य भोला दत्त कश्यप ने मुख्यातिथि को शॉल, टोपी पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। प्रधानाचार्य ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। मुख्यातिथि ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को ब्लेजर (कोट) देने की घोषणा की और इसके अतिरिक्त विद्यालय के लिए एक पुस्तकालय भवन निर्माण करने की घोषणा की और इस निर्माण कार्य को अगले दो दिनों में शुरू करने की बात कही। पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों में पलक पंडित, डिंपल, शानिया, अंशिका, वंशिका, अनमोल, प्रज्वल, शिवांश, रियांशिका, सक्षम, मन्नत, रिधिमा, ऋषि, पायल, कशिश, नेहा, कार्तिक, नैतिक, शिया, मानसी, कोमल, नितिन, स्मृति, मेघा, काव्या आदि शामिल रहे।

**समस्या** राहगीरों को हो रही परेशानी, ओवरहैड पैदल पुल की मांग

# आईटीआई चौक पर सड़क पार करना मुश्किल

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

मंडी शहर के पड्डल से गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की अत्यधिक आवाजाही से पैदल राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि आईटीआई चौक पर सड़क आर-पार करना पैदल राहगीरों के लिए बहुत ही मुश्किल हो रहा है। हालांकि पुलिस प्रशासन आईटीआई चौक से बस अड्डे तक यातायात को सुचारु करने के लिए नए-नए प्रयोग करता आ रहा है, लेकिन पद यात्रियों की मुश्किलों की तरफ किसी का भी ध्यान नहीं गया।

कुछ समय पहले तक नई व्यवस्था से पहले इस चौक पर भी यातायात बहुत ही ज्यादा अव्यवस्थित था, लेकिन स्थानीय विधायक अनिल शर्मा ने स्वयं वहां धरातल पर जाकर यातायात व्यवस्था के लिए अस्थायी चौक और डिवाइडर बनवाकर इसे दुरुस्त करने का प्रयास किया है। अब नई





आईटीआई चौक मंडी पर सड़क पार करती महिला, जहां वाहनों की अत्यधिक आवाजाही बनी रहती है।

व्यवस्था से यहां पर वाहनों का जमावड़ा तो नहीं होता है, लेकिन अब पैदल यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। यहां पर सड़क की चौड़ाई ज्यादा होने से दोपहिया वाहनों को भी मुश्किल आ रही है। नतीजतन बस स्टैंड की तरफ से शहर के लिए पैदल आने वाली सवारियों को राष्ट्रीय राजमार्ग पर आईटीआई चौक के पास आर-पार करना बहुत ही मुश्किल हो गया है। ऐसे में चौक पर पुलिस लाइन की ओर से ओवरहैड पैदल पुल की आवश्यकता बढ़ गई है।

इस बात के समर्थन में सूबेदार रतन सिंह रावत कहते हैं कि बस अड्डे से बाजार की तरफ बने फुटपाथ पर ओवरहेड पैदल फुटपाथ बनाकर आईटीआई चौक के पास ओवरहेड पैदल पुल का निर्माण किया जाए। नगर निगम के पार्षद राजेंद्र मोहन व नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष पुष्पराज शर्मा ने कहा कि यह समय की मांग है। हालांकि इन्होंने कहा कि फोर लेन चालू होने से यहां यातायात कम हो जाएगा। उधर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष हेमंत राज वैद्य ने कहा कि पैदल राहगीरों की सुरक्षा बहुत ही जरूरी है। ऐसे में फुटपाथों व क्रासिंग पर विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है। इस संबंध में नगर निगम में पड्डल वार्ड के पार्षद सोमेश शर्मा ने कहा कि वे इस मामले को उचित माध्यम से हल करवाने की कोशिश करेंगे। (अनंत ज्ञान)

# रोशनी ठाकुर ने दो बार पास की यूजीसी नेट की परीक्षा

**कुल्लू।** हर छात्र का सपना होता है वो भी एक दिन यूजीसी नेट की परीक्षा को उत्तीर्ण करे अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाए मगर बहुत कम लोग ही इस परीक्षा को अच्छे अंकों के साथ पास कर पाते हैं। कुल्लू जिला के बंजार उपमंडल की होनहार छात्रा रोशनी ठाकुर ने लगातार दो बार यूजीसी नेट की परीक्षा को उत्तीर्ण कर पूरे जिले का नाम रोशन करते हुए दिखा दिया है कि मेहनत अगर पूरी ईमानदारी और सही दिशा में की जाए तो कोई भी कार्य मुश्किल नही होता। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 3 दिसंबर 2023 को पूरे देशभर में यूजीसी नेट की परीक्षा करवाई थी। राजनीति शास्त्र के विषय में शानदार प्रदर्शन करते हुए रोशनी ठाकुर ने लगातार दूसरी बार यूजीसी नेट की परीक्षा को पास किया। इस परीक्षा का परिणाम वीरवार 18 जनवरी 2024 को घोषित किया गया है। बता दें कि छात्रा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मॉडल स्कूल बंजार से तथा बीएससी राजकीय महाविद्यालय बंजार और राजनीति शास्त्र में स्नातक की परीक्षा सेंट्रल यूनिवर्सिटी देहरा से उत्तीर्ण की है। रोशनी ठाकुर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अध्यापकों और परिजनों को दिया है।


रोशनी ठाकुर

# फिर शुरू हुआ बिजली महादेव रोपवे का विरोध

## सरकार को चेताया, देवता के आदेश के पालन के लिए किसी भी स्थिति में जाने को तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

प्रदेश मंत्रिमंडल की कैबिनेट में बिजली महादेव रोप-वे की मंजूरी मिलने से साथ ही अब एक बार फिर से रोपवे निर्माण के विरोध के स्वर उठने लगे है। बिजली महादेव मंदिर कमेटी मथाण एक बार फिर इसका विरोध कर रही है। रोपवे के विरोध में कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग से मिला और रोपवे के विरोध में ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर बिजली महादेव संघर्ष समिति सदस्य संजीव शर्मा उर्फ संजू पंडित सहित अन्य सदस्यों ने कहा कि सरकार के इस फैसले का समिति कड़ा विरोध करती है। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर देव स्थलों से इस तरह छेड़छाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। मार्च 2023 से जैसे ही बिजली महादेव रोप-वे सर्वे का


बिजली महादेव रोपवे के विरोध में उपायुक्त कुल्लू को ज्ञापन देते हुए कमेटी के सदस्य।

### मंदिर कमेटी ने उपायुक्त कुल्लू के माध्यम से सरकार को भेजा ज्ञापन

काम शुरू हुआ उसके तुरंत बाद बिजली महादेव ने देववाणी के माध्यम से रोप-वे न लगाने के आदेश दिए। साथ ही रोपवे लगाने के बाद इसके परिणाम भुगतने का इशारा भी किया था। इसके तुरंत बाद बिजली महादेव हारियान का एक जनरल हाऊस 21 मई 2023 को धारठ खठार में हुआ और लोगों ने रोप-वे वाले मुद्दे को जनरल हाऊस में रखा। यहां पर लोगों ने रोप-वे लगाने का पूर्णता विरोध किया और कमेटी ने कहा कि देवता के आदेशों की हर हाल में पालना करेंगे, लेकिन अभी 12 जनवरी को फिर से प्रदेश सरकार की केबिनेट की बैठक में बिजली महादेव रोप-वे लगाने की मंजूरी देना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### लोगों का देवी-देवताओं पर अटूट विश्वास

**समिति** ने ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश सरकार को अवगत करवाया है कि हिमाचल देवी-देवताओं की भूमि है। यहां के लोगों का देवी-देवताओं पर अटूट विश्वास है और कहीं न कहीं बड़ी-बढ़ी प्राकृतिक आपदा एवं सुखे की स्थिति को लोग देवी-देवताओं की नाराजगी से जोड़ते हैं इसलिए लोगों के लिए देव-आस्था पहले है तथा देववाणी का आदेश सर्वोपरी है। साथ ही समिति ने सरकार को चेताया भी है कि यदि सरकार फिर भी नहीं मानी तो हम किसी भी स्थिति तक जाने को तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बिजली महादेव रोपवे के विरोध के बिंदुओं को केंद्र सरकार से छुपाने की कोशिश कर रही है। यह मुद्दा आस्था का है जब बिजली महादेव खुद इस परियोजना को लगाने के लिए देववाणी द्वारा साफ-साफ इंकार कर चुके हैं तो फिर प्रदेश सरकार क्यों इस बात को हवा दे रही है, जोकि चिंता का विषय है। इस फैसले को लेकर स्थानीय जनता में रोष पनप गया है। जब बिजली महादेव अपनी देव वाणी के माध्यम से रोपवे का विरोध कर चुके हैं और स्थानीय जनता देव आदेश का पालन करते हुए सड़क पर उतर चुकी है उसके बावजूद भी सरकार इस प्रोजेक्ट को लगाने के लिए इस तरह के जन विरोधी फैसले ले रही है जो सरासर निंदनीय है। सरकार को देव आदेश और देव संस्कृति का सम्मान करना चाहिए, लेकिन यहां देव आदेश और देव परंपरा को अपमानित करने का कार्य किया जा रहा है।

# जंगल में लगी आग से मकान राख

**बंजार।** कुल्लू जिला के बंजार घाटी में चकुरठा पंचायत के तहत आने वाले पटंदी में जंगल में लगी आग के कारण एक मकान जल कर राख हो गया। आगजनी की यह घटना उस समय घटित हुई जब अचानक से जंगल में आग लगी ओर तेज हवाओं के चलते आग फैलते-फैलते एक मकान में लग गई।

आग की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों और उक्त परिवार के लोगों ने आग पर काबू पाने का भरसक प्रयास किया परंतु तेज चल रही हवाओं के कारण आग तेजी से फैलती ही चली गई। उक्त मकान के मालिक ज्ञान चंद और उसके रिश्तेदार जब मकान के अंदर से अपना सामान निकालने का प्रयास कर रहे थे तो मकान मालिक और उसका एक रिश्तेदार भी आग की चपेट में आकर झुलस गए जिन्हें तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से बालीचौकी स्थित अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर उसका उपचार चल रहा है। इसके साथ ही दूसरा युवक काम चलाने के कारण पास की एक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार दिया गया। घटना में मकान मालिक ज्ञान चंद को लाखों के नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है, जबकि दुर्गम क्षेत्र होने के कारण यहां तक सड़क सुविधा नहीं है जिस कारण दमकल विभाग को इसकी सूचना नहीं दी गई।

# राकेश चौहान बने टकरासी टूरिज्म एसोसिएशन के प्रधान, सुरेश सचिव


टकरासी टूरिज्म एसोसिएशन के सदस्य प्रधान राकेश चौहान के साथ सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी खंड के अनछुए पर्यटन स्थल टकरासी को विश्व मानचित्र पर उभारने की मंशा से टकरासी पंचायत के युवा आगे आए हैं। क्षेत्र के युवाओं ने इसी मंशा के चलते टकरासी टूरिज्म एसोसिएशन का गठन किया है। जिसमें सर्वसम्मति से राकेश चौहान को प्रधान, राम लाल को उपप्रधान, सुरेश कुमार को सचिव, राजेश चौहान को कोषाध्यक्ष और प्रदीप चौहान को सलाहकार चुन लिया गया है।

एसोसिएशन का कहना है कि टकरासी और आसपास पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यहां का नैसर्गिक सौंदर्य किसी को भी मंत्रमुग्ध हो सकता है, जरूरत है तो सिर्फ इन पर्यटन स्थलों को विकसित करने की, लेकिन क्षेत्र अब तक आनी विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और नेतृत्व की अनदेखी के चलते पिछड़ा रह गया है। उनका मनना है कि क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा दिलाने से न केवल पर्यटन व्यवसाय को पंख लगेंगे, बल्कि क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं, क्षेत्र की जनता की आर्थिकी भी सुदृढ़ हो सकेगी।

# विपिन ठाकुर बने पूर्व छात्र परिषद के संयोजक

**मनाली।** अनिला महाजन सरस्वती विद्या मंदिर मनाली में पूर्व छात्र परिषद का गठन किया गया। सर्व-सहमति से विपिन ठाकुर को संयोजक, विशाल ठाकुर, विनीत चौहान और तुषार कायस्था को सह-संयोजक चुना गया। प्रधानाचार्य रूम सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में परिषद का गठन हुआ। प्रधानाचार्य ने आए हुए स्टूडेंट्स का स्वागत किया व शुभकामनाएं दीं। सरस्वती विद्या मंदिर मनाली में पूर्व छात्र परिषद का गठन 2010 से हुआ है। पूर्व छात्र परिषद का संविधान, कोष उस समय से ही बने हैं। संयोजक विपिन ठाकुर ने बताया कि छात्र परिषद कुछ वर्ष किसी कारण से कार्य नहीं कर रहा था लेकिन इसे फिर से सक्रिय हो गया है। प्रचार व मीडिया प्रभारी सुमिल ठाकुर व सुमित ठाकुर ने बताया कि छात्र परिषद में कुल 11-12 पदाधिकारी रहेंगे जिसमें एक संयोजक, तीन सह -संयोजक, आठ-10 सदस्य रहेंगे। विद्या भारती अखिल भारती शिक्षा संस्थान पूर्व छात्र को अपनी अमूल्य सम्पति मानती है, इसी उद्देश्य के लिए इस परिषद का गठन किया जाता है। पूर्व छात्र परिषद ऐसे छात्र भैया, बहनों की सहायता करती है जो पढ़ाई के क्षेत्र में बहुत अग्रणी हैं परन्तु आर्थिक रूप से कमजोर हैं।

# महादेव मंदिर लरांकेलो में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन 22 को


महादेव मंदिर लरांकेलो का चित्र।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

अयोध्या में 22 जनवरी को हो रहे श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में महादेव मंदिर लरांकेलो में भी भजन कीर्तन का भव्य आयोजन किया जाएगा। लरांकेलो में इस कार्यक्रम के आयोजन को भव्य तरीके से मानने की तैयारी की जा रही है।

लरांकेलो महादेव के कारदार अर्जुन वर्मा ने बताया कि गांववासी 21 जनवरी को मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई करेंगे और 22 जनवरी को मंदिर में भजन कीर्तन का अयोजन किया जाएगा ओर श्रद्धालुओं के लिए मंदिर दिनभर खुला रहेगा। उन्होंने बताया कि अयोध्या के अलावा पूरे भारत में प्राण प्रतिष्ठा को इस दिन हर मंदिरों में भव्य तरीके से मनाया जा रहा रहा है।

लरांकेलो में अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को भक्तों को लाइव दिखाने का भी उचित प्रबंध किया जाएगा। इस दिन मंदिर में भजन-कीर्तन से माहौल राममय बनाया जाएगा। कारदार ने जनता से आह्वान किया है कि देवता महादेव के मंदिर में आएं और अपनी सहभागिता निभाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### 440 ग्राम चरस के साथ नेपाली गिरफ्तार

**पतलीकूहल।** जिला कुल्लू के पतलीकूहल में 440 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी के अनुसार पुलिस थाना पतलीकूहल की टीम ने फोजल में सामुदायिक भवन के समीप गश्त के दौरान नवीन राणा पुत्र शेर बहादुर राणा निवासी नेपाल (किरायेदार) गांव जटेहड बिहाल डाकघर कटराईं के कब्जे से 440 ग्राम चरस बरामद की है। एसपी कुल्लू साक्षी वर्मा ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध थाना पतलीकूहल में मादक पदार्थ अधीनियम के तहत मामला दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा।

### सिक्योरिटी सर्विसेज के लिए कैंपस इंटरव्यू 22 से

**कुल्लू।** 22, 23 और 24 जनवरी को कुल्लू, बंजार और आनी में सिक्योरिटी सर्विसेज के 100 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी मनोरमा देवी ने कहा कि मेसर्स एसआईएस सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, आरटीए बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के द्वारा पुरुष उम्मीदवारों के लिए सुरक्षाबलों के 100 रिक्त पदों की भर्ती के लिए इस कार्यालय को मांग अधिसूचित की गई है। उक्त भर्ती हेतु कैंपस साक्षात्कार को जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू, उपरोजगार कार्यालय बंजार और उपरोजगार कार्यालय आनी में आयोजित करवाया जाएगा। रिक्त पदों के लिए आवश्यक योग्यता कुछ इस प्रकार से है उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास होना अनिवार्य है। उम्मीदवार की आयु 21 से 37 वर्ष के बीच होनी चाहिए। सुरक्षाबलों के लिए दिया जाने वाला वेतनमान 15,000 से 20,000 मासिक होगा तथा नौकरी का कार्यस्थल हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ है। योग्य पुरुष उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित सुबह 10.30 बजे 22 जनवरी को रोजगार कार्यालय कुल्लू में, 23 जनवरी को उपकार्यालय रोजगार कार्यालय बंजार और 24 जनवरी कार्यालय आनी में पहुंच कर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं।

### 21 को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**कुल्लू।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल कुल्लू ने बिजली आपूर्ति संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि 11 केवी सरवरी फीडर की तारों की क्षमता को बढ़ाने के लिए केबल बिछाने के कार्य हेतु 21 जनवरी को सुबह नौ से शाम छह बजे तक ज्यूडीशियल कांप्लेक्स, ढालपुर नियर शोबला, बीएसएनएल कांप्लेक्स, खोरी रोपा, सरवरी, सुल्तानपुर, लोरन, बस स्टैंड, शीतला माता, फील्ड होस्टल, बाबा बालक नाथ, शिशामाटी, देवधार, शेता फाट, चामुंडा नगर, अप्पर मिया बेहर, आईटीआई, जीएम इंडस्ट्री आदि क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रहेगी।

### आउटर सराज भवन में लगाए जाएं सीसीटीवी कैमरे

**कुल्लू।** सोशल वेलफेयर एसोसिएशन फॉर आउटर सराज पीओपल का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग से मिला। इस मौके पर सभी सदस्यों ने उपायुक्त का एसोसिएशन को रजिस्टर करने हेतु आभार जताया। इसके साथ ही आउटर सराज भवन सरवरी में हर माह के पहले रविवार को बैठक करने की अनुमति भी मांगी। सदस्यों ने आऊटर सराज भवन में सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु आग्रह किया। इस दौरान मुख्य सलाहकार दलीप ठाकुर, महासचिव नरोत्तम चंद, कोषाध्यक्ष हरीश शर्मा, सह सचिव मनोज कुमार, राज कुमार, राजू रांटा आदि उपस्थित रहे।

### चेतना ठाकुर का स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत

**बंजार।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जीभी की बास्केटबॉल खिलाड़ी छात्रा चेतना ठाकुर के स्कूल पहुंचने पर स्कूल प्रशासन और छात्र-छात्राओं सहित अध्यापकों ने भव्य स्वागत किया। चेतना ठाकुर ने 14 वर्ष से कम आयु की छात्रा वर्ग की बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश का नेतृत्व कर पूरे जिले का नाम रौशन किया है। राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता आठ से 12 जनवरी तक राजस्थान के बाड़मेर में आयोजित की गई। चेतना ठाकुर जब अपने स्कूल पहुंची तो छात्रा का स्कूल पहुंचने पर स्कूल के पूरे स्टाफ ने मिल कर अपने स्कूल के होनहार खिलाड़ी का भव्य स्वागत किया। प्रधानाचार्य ने चेतना ठाकुर ने स्कूल सहित पूरे जिले का नाम रोशन किया है और हम इस होनहार छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।


चेतना ठाकुर प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों के साथ।

# श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर मनाली होगी राममय : चमन


बैठक के दौरान उपस्थित नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष चमन कपूर व अन्य।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष एवं प्रदेश नगर निकाय फेडरेशन के अध्यक्ष चमन कपूर ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर पर्यटन नगरी मनाली भी राममय होगी।

उन्होंने कहा कि रामलला के प्राण प्रतष्ठिा समारोह के दिन 22 जनवरी को मनाली साज-सज्जा के साथ दीपोत्सव मनाने को तैयार है। कपूर ने कहा कि मालरोड में नगर परिषद और विभिन्न संगठन मिलकर विशाल ज्योति जलाएंगे। यह अखंड ज्योति 20 से 22 जनवरी तक मालरोड में प्रज्वलित रहेगी। इसके अलावा मनाली में आने वाले पर्यटक भी दीये जलाकर खुशियां मनाएंगे। चमन कपूर ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मालरोड में विभिन्न संगठनों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टालों में पर्यटकों का तिलक लगाकर स्वागत होगा। पर्यटक श्रीराम की आस्था में दीया भी जला सकेंगे। उन्होंने कहा कि 20 जनवरी से 22 तक मालरोड़ राममय रहेगा। यहां संकीर्तन का भी आयोजन होगा।

उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम व्यापार मंडल, ऑटो यूनियन, टैक्सी यूनियन, होटलियर एसोसिएशन, जीप यूनियन, लग्जरी बस यूनियन समेत विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में 22 जनवरी को मनाली मॉल रोड में 11000 दीपक प्रज्वलित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि लाइव हो रहे कार्यक्रम का भी आनंद लें।

# बिजली बोर्ड का प्रोटक्शन डिवाइस हुआ ब्लास्ट

**नौ घंटे बंद रही कुल्लू में बिजली**

**कुल्लू।** कुल्लू स्थित बिजली बोर्ड के कार्यालय के साथ में शुक्रवार सुबह प्रोटक्शन डिवाइस ब्लास्ट हो गया। इस कारण कुल्लू शहर में करीब नौ घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। प्रोटक्शन डिवाइस ट्रांसफार्मर को प्रोटेक्ट करने की डिवाइस होती है। लिहाजा इसके ब्लास्ट होने के कारण कुल्लू शहर के अधिकतर क्षेत्र में दिनभर बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। ऐसे में बिजली बोर्ड के अधिकारियों को प्रोटक्शन डिवाइस को ठीक करने के लिए सुंदरनगर से प्रोटेक्शन इन टेस्टिंग टीम को बुलाना पड़ा। सुंदर नगर से टीम के कुल्लू पहुंचने के बाद ही इस सिस्टम को ठीक किया गया और शहर की बिजली आपूर्ति सुचारु रूप से शुरू हुई। बिजली बोर्ड कुल्लू में तैनात एक्सईएन वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि यहां ट्रांसफार्मर को प्रोडक्ट करने के लिए लगाई गई डिवाइस अचानक ब्लास्ट हो गई थी जिस कारण बिजली बाधित हो गई थी लेकिन अब बहाल हो गई है।

# 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की दिलाई शपथ


कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को बेटी बचाने व बेटी पढ़ाने की शपथ दिलाते हुए उपायुक्त।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

'बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत जागरूकता लाने के लिए उपायुक्त जिला लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय के प्रांगण में हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। उपायुक्त ने बताया कि यह हस्ताक्षर अभियान 19 से 24 जनवरी तक जनजातीय जिले में चलाया जाएगा।

इस हस्ताक्षर अभियान में बेटियों की उत्थान और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना शुरू की गई। इस योजना के माध्यम से सरकार गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवारों की बेटियों की भविष्य को सुरक्षित करने के लिए

### केलांग में योजना के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान शुरू

उनके जन्म से लेकर बड़े होने तक आर्थिक सहायता प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि बच्चे, बूढे, युवा आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल, कालेज, शासकीय कार्यालय गैर-सरकारी कार्यालय सहित आम लोग इस जागरूकता अभियान में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ के संकल्प के साथ हस्ताक्षर कार्यक्रम चलाया जाएगा।

इस योजना में महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा एवं बचाव के लिए आत्मरक्षा और आत्मनिर्भर के लिए शिविरों का आयोजन किया जाएगा। बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ, सुरक्षित मासिक धर्म स्वच्छता प्रबन्धन किशोरी बलिकाओं में ड्रापआउट की जांच कर उन्हें शाला में प्रवेश बालक-बालिकाओं में भेदभाव कम करना है। उपायुक्त ने बताया कि जिला लाहौल-स्पीति में एनीमिया की कमी को दूर करना प्रोषण अभियान को बढ़ावा देना लड़कियों को शिक्षित करना तथा निशुल्क शिक्षा तथा उनके भविष्य के बारे में जागरूक करना प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, लिंग भेद न करने व बेटियों का सम्मान करने व बेटियों को आगे बढ़ने के उचित अवसर प्रदान करने बारे उपस्थित सभी सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाओं के सदस्यों को शपथ दिलाई गई।

**आयोजन**

## जिला कल्याण समिति की बैठक में मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर बोले-

# पात्र लाभार्थियों के चयन में नियमों का कड़ाई से करें पालन

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

शुक्रवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की जिला कल्याण समिति की बैठक मुख्य संसदीय सचिव वन, ऊर्जा, पर्यटन व परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में बहुउद्देश्यीय भवन कुल्लू में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य संसदीय सचिव व जिला कल्याण समिति के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि गत वर्ष के लिए आवंटित बजट 86 करोड़ 82 लाख 9 हजार 914 रुपए था, जिसमें से 86 करोड़ 28 लाख 10 हजार 450 रुपए का बजट व्यय हो चुका है तथा 99.37 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। वर्ष 2023 -24 में कुल्लू जिला में विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत 87 करोड़ 65 लाख 35 हजार 590 रुपए की राशि का बजट प्रावधान किया गया है, जिसमें से अभी तक 63 करोड़ 30 लाख 28 हजार रुपए की राशि प्रदेश सरकार द्वारा विभाग के माध्यम से आरंभ की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर व्यय की जा चुकी है।

उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों के चयन में नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित बनाने को कहा ताकि प्रदेश सरकार द्वारा आरंभ की गई योजनाओं का अधिक से अधिक पात्र लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा समाज के कमजोर व्यक्तियों के लिए अनेक योजनाएं आरंभ की गई है, जिनका प्रचार-प्रसार ग्राम स्तर तक किया जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके।

उन्होंने कहा कि जिले में योजना के तहत 222 व्यक्तियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से अभी तक 180 मामले स्वीकृत कर किए जा चुके हैं। बैठक में बताया गया कि जिले में अंतरजातीय विवाह योजना के तहत वित्त वर्ष 2023, 24 में 23 मामलों पर 11 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई है। मुख्य संसदीय सचिव ने बताया कि जिले में विकलांग छात्रवृत्ति योजना के तहत विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 में अभी तक पहली कक्षा से स्नातकोत्तर तक शिक्षा ग्रहण करने वाले विकलांग छात्र व छात्राओं को 14 लाख 54 हजार की राशि छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। जिला में अनुसूचित जाति, जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक, विधवा, एकल नारी के अभ्यर्थियों के लिए कंप्यूटर एप्लीकेशन योजना के तहत वर्ष 2023-24 में 170 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे हैं, जिनमें से पीजीडीसीए कोर्स में 61 तथा डीसीए कोर्स में 116 विद्यार्थी प्रशिक्षण ले रहे हैं। बैठक में बताया गया कि अत्याचार से पीड़ित को राहत प्रदान करने पर इस वित्त वर्ष 26 पीड़ितों को 13 लाख 42 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई है। बैठक में उपायुक्त आशुतोष गर्ग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।


सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की बैठक में भाग लेते सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर।

### योजनाओं का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए करेंगे प्रयास

सुंदर सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत 18 से 59 वर्ष तक के कमाऊ सदस्यों की मृत्यु होने पर आश्रितों को 20 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती है और जिले में इस वर्ष 20 मामलों पर चार लाख रुपए की राशि प्रदान की गई है। उन्होंने बैठक में आश्वस्त किया कि वह प्रदेश सरकार द्वारा विभाग के माध्यम से चला जा रही योजनाओं का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रयास करेंगे।

# मलाणा प्रोजेक्ट मलाणा सड़क की शीघ्र करे मरम्मत : सुंदर

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

स्थानीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण (लाडा) की बैठक शुक्रवार को सीपीएस एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने जिले की सभी बिजली परियोजनाओं के प्रबंधन से कहा कि वे प्रभावित पंचायतों में सीएसआर के तहत किए जा रहे कार्य को प्राथमिकता दे। विभिन्न जल-विद्युत परियोजनाओं से प्राप्त लाडा शेयर राशि को प्रभावित अधिकतर पंचायतों व जोन पंचायतों को उनकी मांग के आधार जारी कर दिया है शेष बची पंचायतों को भी उनका शेयर राशि शीघ्र जारी कर दी जाएगी।

उन्होंने पंचायतों प्रधानों से भी आग्रह किया कि वे इस राशि का ग्राम व पंचायत स्तर पर किसी बड़ी अधोसंरचना के निर्माण पर खर्च करें, ताकि लंबे समय तक इसका लाभ सभी पंचायत व ग्रामीण उठा को मिल सके। बैठक में एनएचपीसी को रैला उठाऊ पेयजल योजना के लिए स्वीकृत शेष राशि शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए। इस कार्य के लिए एनएचपीसी द्वारा चार करोड़ 40 लाख रुपए की राशि जल शक्ति विभाग को देनी है जिसमे 2 करोड़ 70 लाख रुपए की प्रथम किश्त एनएचपीसी द्वारा जल शक्ति विभाग को जारी कर दी गई है। मुख्य संसदीय सचिव ने इस योजना को शीघ्र आरंभ करने के निर्देश दिए।

बैठक में विभिन्न परियोजनाओं के पास फंसी धन राशि व इससे संबंधित मामलों के अदालत में होने के चलते कानूनी परामर्शदाता की सेवाएं लेना का भी निर्णय लिया गया। बैठक में एसजेवीएनएल रामपुर परियोजना प्रबंधन को प्रभावित पंचायत ब्रो व जगातखाना में अपने वचन के अनुरूप सीवरेज लाइन बिछाने के लिए आवश्यक पग उठाने को कहा गया। बैठक में मलाणा विद्युत परियोजना प्रबंधन को मलाणा गांव को जोड़ने वाली सड़क की शीघ्र मरम्मत करने के भी निर्देश दिए गए।

# पूर्व संघ चालक सुरेंद्र खन्ना का निधन

**कुल्लू।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हिमाचल संभाग के पूर्व संघ चालक और कुल्लू के वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र खन्ना का निधन हो गया है। वह कुछ समय से पंचकूला स्थित एल्कैमिस्ट हॉस्पिटल में उपचाराधीन थे। उन्होंने शुक्रवार सुबह नौ बजे अंतिम सांस ली। उनके पारिवारिक मित्रों ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार कल प्रात: 11 बजे शमशी स्थित शवदाह गृह में किया जाएगा। सुरेंद्र खन्ना बचपन में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आए। वह एक कुशल वक्ता और कुशल अधिवक्ता के साथ-साथ एक कुशल संगठन भी थे। कुल्लू में रहते हुए उन्होंने संघ के अनेक दायित्वों को संभाला। राष्ट्रीय स्वयं संघ, राष्ट्रीय सेविका समिति, विश्व हिंदू परिषद, भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, संस्कार भारती, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी जैसे संघ परिवार से जुड़े अनेक संगठनों ने खन्ना के देहांत पर दुख व्यक्त किया है।



# रामभक्त दे रहे अयोध्या का निमंत्रण

## 500 से अधिक मंदिरों में 22 को होगी पूजा-अर्चना, लाइव प्रसारण भी दिखाया जाएगा

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर





पंकज भारतीय

श्री अयोध्या धाम में 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए हमीरपुर जिला में पिछले कुछ दिनों से हर्ष और उल्लास का जोरदार माहौल तैयार हो चुका है। इस माहौल में भाजपा, भाजयुमो, उसके अन्य संगठनों और हिंदू संगठनों की तरफ से अपने-अपने स्तर पर निमंत्रण देने के कार्यक्रम चल हुए हैं। हमीरपुर जिला संगठनात्मक दृष्टि से 10 इकाइयों में विभाजित है। जिला में हजारों की संख्या में राम भक्त पूरे जिलावासियों को अयोध्या से आए हुए पूज्य अक्षत के निमंत्रण के साथ अपने नजदीक के मंदिर में 22 जनवरी को भव्य कार्यक्रम के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

22 जनवरी के कार्यक्रम के लिए हमीरपुर जिला से चार महानुभावों को निमंत्रण गया हैं, जिनमें बाबा बालक नाथ मंदिर दयोटसिद्ध के महंत राजेंद्र गिरी महाराज, महंत सर्वेश्वर नंद सरस्वती महाराज, पदमश्री कुलतार सोनखले, पदमश्री विजय शर्मा का नाम शामिल हैं। विश्व हिंदू परिषद हिमाचल प्रांत के सह मंत्री पंकज भारतीय ने बताया कि हमीरपुर जिला में अब तक छोटी बड़ी मिलकर 43 से अधिक शोभायात्राएं निकली जा चुकी है। 20 से 22 जनवरी के बीच कुछ और शोभा यात्राएं प्रस्तावित हैं। जिला की 10 इकाइयों में एक लाख 15 हजार 800 से अधिक घरों में तीन हजार से अधिक कार्यकर्ता जो कि विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, राष्ट्र सेविका समिति, हिंदू जागरण, मजदूर संघ, किसान संघ, भारतीय जनता पार्टी, स्वदेशी जागरण मंच, अखिल भारतीय विधार्थी परिषद से जुड़े हैं, घर-घर जाकर अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत, राम मंदिर का चित्र और पत्रक बांट रहे हैं। यह सभी कार्यकर्ता अपने घरों के समीप के मंदिर में भव्य कार्यक्रम की तैयारी भी कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### 500 से अधिक मंदिरों में होगी आरती

इसी क्रम में जिला के 500 से अधिक मंदिरों में 22 जनवरी को आरती, पूजन-कीर्तन का कार्यक्रम रहेगा। इसके अतिरिक्त कई स्थानों पर भंडारे भी आयोजित किए जाएंगे। कई मंदिरों में अयोध्या से चल रहे कार्य क्रम का सजीव (लाइव) प्रसारण भी एलईडी के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अगले चरण में अयोध्या दर्शन का भी कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के लिए रहेगा।

### श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा लाइव

धनेटा। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को गुगा मंदिर ग्वालपत्थर में मंदिर कमेटी द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। मंदिर के पुजारी जीवनपाल ने बताया कि अयोध्या में होने वाली रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को देखते हुए गुगा मंदिर ग्वालपत्थर में रविवार को पूजा-अर्चना के बाद रामायण अखंड पाठ का आयोजन किया जाएगा जो 22 जनवरी सुबह 10 बजे तक चलेगा। उसके बाद 10 बजे से 11 बजे तक हवन-यज्ञ में आहुतियां डाली जाएंगी। 11 बजे से लेकर एक बजे तक आयोध्या में चलने वाले श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को बड़े पर्दे के माध्यम से लोगों को लाइव दिखाया जाएगा। उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### 22 जनवरी को राममय होगा हमीरपुर

हमीरपुर। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला की प्राणप्रतिष्ठा और मंदिर के लोकार्पण को लेकर देशभर में उत्सव का माहौल हैं। 22 जनवरी को देशभर में हर घर दीपावली मनाई जाएगी। जिला भाजपा के अध्यक्ष देशराज शर्मा ने कहा कि इसी उत्साह को और आगे बढ़ाने के लिए जहां हमारे पार्टी के कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर अक्षत देकर 22 जनवरी को अपने अपने गांव के मंदिरों में इकट्ठा होने के लिए निमंत्रण दिया। वहीं, अब केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के निर्देश और सहयोग से भेजी गई किट, डिब्बा जिला के पांचों मंडलों के घर-घर जाकर दी जाएगी। जिसमें एक-एक झंडा एक आरती संग्रह की पुस्तिका एक दीपक और एक पत्र है। साथ में एक श्रीराम का स्टीकर है और यह हर घर तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं ने यह किट भाजपा के पार्टी कार्यालय हमीरपुर में तैयार की है, जो कि जिला के सभी पांचों मंडलों में हमारे पार्टी के कार्यकर्ता इसे घर-घर जाकर इस किट को 20 और 21 जनवरी को बाटेंगे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि मेरा सभी राम भक्तों से आग्रह है कि हम हर व्यक्ति अपने-अपने घर में जो झंडा दिया गया है, उसे लगा लें। स्टीकर को दरवाजे पर चिपक कर दीप और आरती का कार्यक्रम भी करें। इस अवसर पर महामंत्री राकेश ठाकुर, अजय रिंटू, जगसिंह ठाकुर, विकास शर्मा, गज्जन राम सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### दीपों की रोशनी से जगमगाएगी टौणी देवी



लोगों को दीये की किट देते रवि राणा व अन्य।

टौणी देवी। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा और मंदिर के लोकार्पण को लेकर देशभर में उत्सव का माहौल है। देशभर में हर घर दीपावली मनाई जाएगी। हमीरपुर के टौणी देवी में भी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया जाएगा। टौणी देवी में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा दी गई दिये की किट बाजार में शहरी इकाई अध्यक्ष रवि राणा, उपाध्यक्ष सुनील चौहान, अजय कुमार व अन्य द्वारा सभी दुकानों में वितरित की गई। संगीत पाठ के साथ उत्सव की शुरुआत होगी। सारा टौणी देवी बाजार हजारों दीपों से सजाया जाएगा। दीपों की रोशनी से टौणी देवी जगमगा उठेगा।

# पेंशन के देय आर्थिक लाभ न मिलने से पेंनशरों का सरकार के खिलाफ रोष : योगराज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख पेंशनरों में सरकार के प्रति रोष इसलिए व्याप्त है कि पेंशनरों के जनवरी, 2016 से पुनरावृत्त पेंशन के देय आर्थिक लाभों के प्रति वह बिलकुल उदासीन है। लगभग पेंशनर्स तो असाध्य रोगों से पीड़ित हैं और अपने चिकित्सा बिलों की अदायगी के लिए वर्षों से प्रतीक्षारत हैं। बहुत से पेंशनर तो इसके इंतजार में इस संसार को अलविदा भी कह चुके हैं।

यह बात हिम आंचल पेंशनर्स संघ के प्रदेशाध्यक्ष योगराज शर्मा, संस्थापक बीडी शर्मा, मुख्य संरक्षक रमेश चंद भारद्वाज, महासचिव हरनाम सिंह ठाकुर व वित्त सचिव ओमराज कंवर ने यहां जारी प्रेस बयान में कही। संघ के सदस्यों का कहना है कि 2022 में पेंशन संशोधन के उपरांत पेंशनर्स को मात्र 20 प्रतिशत बाकाया राशि का भुगतान ही हुआ है और विडंबना है कि जो फैमिली पेंशनर्स इस दुनिया को छोड़ चुके हैं, उनके वैधानिक उतराधिकारियों को एक पैसा तक नहीं मिल पाया है, हालांकि संघ द्वारा सरकार से कई बार अनुरोध किया गया कि कम से कम फैमिली पेंशनर्स व आश्रितों को एकमुश्त बाकाया राशि का भुगतान किया जाए, परंतु सरकार की मृतक परिवारों के साथ कोई सहानुभूति नहीं दिखाई दी।

हाल ही में 16 जनवरी, 2024 को वित्त विभाग के ताजा आदेश ने तो पेंशनर्स के संबंध में तुगलकी फरमान जारी कर सरकार ने स्पष्ट किया कि पेंशनर्स भविष्य में बाकाया की आस न रखें। उक्त पेंशन संशोधन के देय आर्थिक लाभों के अतिरिक्त जनवरी, 2024 से महंगाई राहत की भी चार किस्तें देय हो चुकी हैं। लंबे अरसे से पेंशनर्स की मांगें पूरी नहीं हो पाने व आर्थिक देय लाभ न मिलने से पेंशनर्स का सरकार की उदासीनता के प्रति भारी रोष है।

संघ के पदाधिकारियों पर भी भारी दबाव बढ़ने के कारण आम बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि अगर सरकार ने 26 जनवरी तक कोई हल नहीं किया, तो संघ पांच फरवरी को कोर कमेटी की बैठक बुलाकर संघर्ष की रूप-रेखा बनाएगा और संघर्ष के लिए मजबूर किया गया तो परिणामों का उत्तरदायित्व भी सरकार का होगा।

### डिपुओं में मिल रही उड़द की दाल की क्वालिटी खराब : सेन

हमीरपुर। सरकारी डिपुओं में मिलने वाली सस्ती उड़द की दाल की क्वालिटी बिलकुल खराब है। उसके दाने का आकार साबूत मूंगी के दाने के आकार से भी छोटा है। शुभ प्रभात सुधार सभा के अध्यक्ष प्रकाश चंद सेन ने कहा कि सरकारी के सस्ते राशन के डिपुओं में मिलने वाली दाल को बनाने के बाद इसमें चिकनाहट नहीं होती है, जबकि दुकानों में मिलने वाली उड़द की दाल को पकाने के बाद उसमें काफी चिकनाहट होती है, जिसको खाने से काफी लुत्फ भी आता है। इसी खासियत की वजह से यह दाल दूसरी दालों से भिन्न भी है। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया है कि अगर दाल की क्वालिटी में कोई सुधार नहीं हो सकता तो दाल में मिलने वाली सब्सिडी को उपभोक्ताओं को दिया जाए।

### भोरंज में गार्ड, सुपरवाइजर के साक्षात्कार 23 को

हमीरपुर। एसआईएस इंडिया लिमिटेड शाहतलाई, बिलासपुर की ओर से सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 100 पदों पर भर्ती के लिए 23 जनवरी को उपरोजगार कार्यालय भोरंज में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 21 वर्ष से 37 वर्ष तक के युवा भर्ती किए जाएंगे।

उम्मीदवार कम से कम दसवीं पास होना चाहिए तथा उसकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर होनी चाहिए। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा यह योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है, तो वह अपने मूल प्रमाणों तथा हिमाचल प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लैटर प्रदान किए जाएंगे।

## अपना ड्रेस कोड तय करे शिक्षा विभाग : संघ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग में शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड तय करने की कवायद शुरू हो गई है। ड्रेस कोड लागू करने से पहले शिक्षकों की राय भी ली जाए। सहमति मिलने पर ही ड्रेस कोड में एकरूपता लाने बारे प्रयास किए जाएंगे। अगर बच्चों की वर्दी की तरह शिक्षकों का ड्रेस कोड भी हर स्कूल में पसंद अनुसार अलग-अलग होगा, तो ट्रांसफर होने पर अगले स्कूल में नया ड्रेस कोड अपनाने का बड़ा खर्चा बेवजह पड़ेगा। ऐसे में पूरे प्रदेश में ड्रेस कोड एक जैसा हो अन्यथा मौजूदा व्यवस्था ही सही है।

यह बात टीजीटी कला संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, प्रदेश महासचिव विजय हीर, स्टेट डेलीगेट्स संजय ठाकुर, दुनी चंद, सोहन सिंगटा, सुरेश कुमार, रणवीर तोमर, सागर चंदेल, संजय वर्मा, विजेश अत्री, विजय बरवाल आदि ने यहां जारी प्रेस बयान में कही। सदस्यों का कहना है कि ड्रेस कोड अगर लागू करना है तो वर्दी भत्ता भी दिया जाना आपेक्षित है और प्रदेश शिक्षा विभाग अपना विशेष लोगो भी तय करे, जो आज तक तय नहीं हुआ है। इस बारे में एक ज्ञापन राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश मुख्य सचिव को प्रेषित किया है, जिसे मुख्य सचिव कार्यालय ने प्रदेश शिक्षा सचिव को भेजा है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से पंजाब में कर्मचारियों को मोबाइल भत्ता मिलता है, मगर प्रदेश में यह भी नहीं मिल रहा, जबकि 1996 में तय भत्ते आज तक रिवाइज नहीं हो रहे। पंजाब वेतन आयोग 2016 में तय आवास किराया भत्ता लागू और मेडिकल भत्ता हिमाचल में नहीं मिल रहा और 12 प्रतिशत महंगाई भत्ता लंबित होने से कर्मचारी वर्ग परेशान है।

### 53 मीटर लंबे ब्रिज निर्माण पर लगभग 545 लाख रुपए धनराशि खर्च

## मुख्यमंत्री 24 को झोरघाट ब्रिज का करेंगे उद्घाटन

एसके ठाकुर, बिझड़ी



153 मीटर लंबे झोरघाट ब्रिज का मनमोहक दृश्य।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 24 जनवरी को बड़सर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे के करीब हमीरपुर-बिलासपुर को जोड़ने वाले झोरघाट ब्रिज का लोकार्पण करेंगे। 153 मीटर लंबे ब्रिज निर्माण पर लगभग 545 लाख रुपए धनराशि खर्च करके इस ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा हो गया है।

झोरघाट ब्रिज बनने से ढटवाल के क्षेत्र के लोगों को बहुत बड़ी सौगात मिलने वाली है, क्योंकि इस पुल के बन जाने से ढांगार में पहुंचने के लिए कुछ मिनटों का ही समय लगेगा। इससे पूर्व ढटवाल क्षेत्र के लोग ढंगार जाने लगभग 10 किलोमीटर ज्यादा सफर तय करते थे। झोरघाट पुल बनकर पूरी तरह तैयार हो चुका है। अब मात्र रिबन काटना ही बाकी रह गया है। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने बताया 24 जनवरी को बड़सर विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री का दौरा होने जा रहा हैं। मुख्यमंत्री झोरहाट ब्रिज का लोकार्पण करेंगे साथ ही बड़सर में वकीलों के लिए बने एडीए कैंपस का उद्घाटन करेंगे। बिझड़ी के ताल स्टेडियम में भारी जनसभा को भी संबोधित करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर चलाया हस्ताक्षर अभियान

हमीरपुर। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिला हमीरपुर में 19 से 24 जनवरी तक कई गतिविधियां एवं कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस विशेष अभियान के पहले दिन शुक्रवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में बालिकाओं के अस्तित्व और सुरक्षा को सुनिश्चित करने और बेहतर शिक्षा को सक्षम करने के उद्देश्य से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ शपथ ग्रहण समारोह और हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 19 से 24 जनवरी तक सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। पहले दिन बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ शपथ ग्रहण समारोह और हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। 20 जनवरी को बालिका संरक्षण और लड़कियों के कौशल विकास पर विशेष सभाएं आयोजित की जाएंगी। इस दौरान विभिन्न भवनों पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के स्टिकर लगाए जाएंगे तथा खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 21 जनवरी को विभिन्न शिक्षण संस्थानों में नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग और अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 22 जनवरी को बाल विवाह की प्रथा को समाप्त करने के लिए जागरुकता संगोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। 24 जनवरी को पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा तथा उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली लड़कियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### पोल शिफ्ट करने को लेकर आज बिजली बंद रहेगी

रंगस। 11 केवी रैल फीडर में पोल शिफ्ट करने के चलते इस फीडर पर आने वाले कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति 20 जनवरी को बाधित रहेगी। विद्युत सब-स्टेशन रंगस के एसडीओ संदीप सांगल ने बताया कि इस दिन ढोल, लच्छरुई, भरदियाड़, टिकरु, जटियाला, लाहड़, सपड़ोह, गरयाली, डब्बर, सुकराला व धमांदर आदि गांवों की आपूर्ति सुबह नौ से शाम पांच बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### शिव शक्ति युवक मंडल ने मनाया जागरूकता दिवस



युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए शिव शक्ति युवक मंडल के सदस्य।

हमीरपुर। नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर के सौजन्य से शिव शक्ति युवक मंडल द्वारा जागरूकता दिवस मनाया गया, जिसमें युवाओं को नशे के ऊपर और जात-पात और रोड सेफ्टी इत्यादि के ऊपर युवाओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर शिव शक्ति युवक मंडल के प्रधान अभिषेक उपस्थित रहे और जिला युवा अधिकारी नेहरू केंद्र हमीरपुर दीपमाला ठाकुर के दिशा-निर्देश के ऊपर यह कार्यक्रम किया गया, जिसमें युवाओं ने भाग लिया।

## सीएम सुक्खू से मिला बढेड़ा का प्रतिनिधिमंडल

अनंत ज्ञान, नादौन



सीएम सुक्खू को एलोवेरा के प्रोडक्ट्स बारे जानकारी देते हुए रुद्र शक्ति हर्ब्स के निदेशक डॉ. रवि कौशिक, प्रेम सागर व अन्य।

**एलोवेरा यूनिट रुद्र शक्ति हर्ब्स के उत्पादों से सीएम को अवगत करवाया**

एलोवेरा के प्रोडक्ट्स काफी अच्छे व गुणकारी होते हैं, इसलिए किसानों को चाहिए कि वे नकदी फसलों के साथ-साथ एलोवेरा के उत्पादन की ओर भी रुख करें, जिससे जहां किसानों की आमदन बढ़ेगी, वहीं लोकल यूनिट्स को भी अपने प्रोडक्ट्स के लिए एलोवेरा मिल जाएगी। यह बात मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नादौन के बढेड़ा में स्थित प्रदेश के पहले एलोवेरा प्रोसेसिंग यूनिट के फलों के प्रोडक्टस को लेकर मिले प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए कही।

उन्होंने एलोवेरा के प्रोडक्ट्स का स्वाद चखा तथा प्रोडक्ट के निर्माता रुद्र शक्ति हर्ब्स प्राइवेट लिमिटेड की सराहना की तथा प्रतिनिधिमंडल को सरकार की ओर से स्टार्टअप को हरसंभव मदद देने का आश्वासन भी दिया। प्रतिनिधिमंडल में राजीव कौशल निदेशक रुद्र शक्ति हर्ब्स प्राइवेट लिमिटेड और डॉ. रवि कौशिक एवं प्रेम सागर ने कांग्रेस कमेटी कांगू और बढेड़ा के सदस्यों विजय शर्मा आदि के साथ भव्य स्वागत किया और सीएम सुक्खू को अपने एलोवेरा आधारित फलों का रस जैसे नायाब प्रोडक्ट भी पिलाए और आने वाले प्रोजेक्टस की जानकारी भी दी। इस अवसर पर डीसी हेमराज बैरवा, कैप्टन पिरथी चंद, एसडीएम अपराजिता चंदेल एवं तहसीलदार गलोड़ भी उपस्थित थे।

### हमीरपुर में होगी महिला हॉकी चैंपियनशिप

नादौन। महिलाओं की राज्य स्तरीय चार दिवसीय हॉकी चैंपियनशिप इस बार हमीरपुर में आयोजित की जा रही है। जिसमें हॉकी की सीनियर टीमें भाग ले सकेंगी। यह जानकारी देते हुए हॉकी हिमाचल के महासचिव रोमेश पठानियां द्रोणाचार्य अवार्डी ने बताया कि हॉकी की यह राज्य स्तरीय सीनियर महिला चैंपियनशिप गर्वनमेंट कॉलेज अणु हमीरपुर के मैदान में एक से चार फरवरी तक होगी। 25 जनवरी तक भाग लेने बारे अनिल चंदेल व शम्मी को मोबाइल नं. 9418369268, 9882575575 पर सूचित करें।

### स्वतंत्रता सेनानी कल्याण संघ की बैठक 21 को

हमीरपुर। स्वतंत्रता सेनानी कल्याण संघ की त्रैमासिक बैठक 21 जनवरी को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में होगी। संघ जिलाध्यक्ष नरेश कुमार शर्मा ने बताया कि बैठक में स्वतंत्रता सेनानी संघ की प्रमुख मांगों एवं स्वतंत्रता सेनानी परिवारों को आ रही समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

## मेडिकल कॉलेज में तीमारदारों और मरीजों को मिली राहत



अस्पताल के गेट पर सिक्योरिटी गार्ड से बातचीत करते तीमारदार।

रवि ठाकुर, हमीरपुर

मेडिकल कालेज प्रबंधन द्वारा कुछ महीने पहले तीमारदारों से मिलने का समय को बदल दिया था। इन आदेशों के बाद चार बजे के बाद ही तीमारदार या रिश्तेदार मरीजों के साथ मिल सकते थे। इन आदेशों से अधिकतर दूर से आने वाले रिश्तेदारों और तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ता था।

बता दें कि मेडिकल कालेज हमीरपुर में पहले मरीजों से मिलने का समय 12.30 बजे से दो बजे तक था, लेकिन मेडिकल कालेज प्रबंधन ने कुछ महीने पहले बदल कर चार बजे कर दिया था। मेडिकल कालेज प्रबंधन ने अब मरीजों से मिलने का समय बदल दिया है।

स्वास्थ्य अधीक्षक ने आदेश जारी किए हैं कि अब तीमारदार दोपहर एक से दो बजे मिल सकते हैं, जबकि सुबह सात से आठ बजे तक मिल सकते हैं। आदेशों के अनुसार बिना पास के किसी भी तीमारदार की एंट्री नहीं होगी। वहीं कार्यकारी स्वास्थ्य अधीक्षक डॉ. अमित सैणी ने बताया कि मरीज से मिलने का समय बदल दिया है। उन्होंने बताया कि अब एक से दो बजे तक जो मरीजों मिल सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### बेटियां समाज की साझी धरोहर : चौहान



बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में शपथ लेतीं स्टूडेंट्स।

सुजानपुर। बेटियां मानवता की अमूल्य धरोहर हैं। सभ्य समाज की इस साझी विरासत को सहेजना, उसे विकास के लिए उपयुक्त वातावरण प्रदान करना तथा लैंगिक भेदभाव रहित विकासोंमुखी सामाजिक व्यवहार परिवर्तन की नींव रखना प्रत्येक सभ्य नागरिक का नैतिक दायित्व है। उक्त वक्तव्य सीडीपीओ सुजानपुर कुलदीप सिंह चौहान ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सप्ताह के अवसर पर सप्ताह के दौरान उपमंडल सुजानपुर में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी देते हुए कही। उन्होंने बताया कि साप्ताहिक गतिविधियों की शुरुआत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की भावना के प्रति नागरिक प्रतिबद्धता की शपथ से शुरू की गई। यह शपथ सभी सरकारी कार्यालयों में, विद्यालयों में, अन्य शिक्षण संस्थानों में, पंचायत घरों में, आंगनबाड़ी केंद्रों, ग्राम सभाओं और विकास खंड पंचायत समिति सुजानपुर की बैठक में 19 जनवरी को सुबह 11 बजे दिलाई। इसके बाद बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जनसमर्थन के लिए हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर 16 ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया जिसमें बाल लिंगानुपात, बाढ़ सुरक्षा एवं एवं बालिकाओं के लिए विशेष कौशल विकास कौशल विकास योजनाओं की संभावनाओं पर विचार किया गया। इसके अतिरिक्त शेष सात पंचायतों में भी विशेष सभाओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जनसाधारण से इन गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

### चार दिन से नहीं मिल रहा डिपो में राशन

टौणी देवी। पिछले चार दिनों से राशन विभाग का सर्वर डाउन होने से प्वाइंट ऑफ सेल (पॉस) मशीन काम नहीं कर रही है। जरूरतमंदों को सरकारी राशन नहीं मिल पा रहा है। जरूरतमंद राशन दुकान पहुंचता है और सर्वर डाउन होने का जवाब सुनकर बैरंग लौट रहा है। कई बार तो राशन नहीं मिलने पर लोगों का राशन दुकानदारों के साथ विवाद हो रहा है। सर्वर डाउन होने से अनाज वितरित नहीं हो पा रहा है और उपभोक्ताओं को समझाने में परेशानी हो रही है। यह समस्या स्थानीय स्तर पर नहीं होने का जवाब अधिकारी से मिला। सरकार ने पॉस मशीन के माध्यम से ही अनाज बांटने का नियम बनाया है। पॉस मशीन पर अंगूठा मैच होने के बाद ही संबंधित व्यक्ति को राशन दिया जाता है। पास मशीन चलने के लिए सर्वर का ठीक होना जरूरी है। सर्वर की समस्या दूर होगी, इस उम्मीद में कई लोग तीन से चार घंटे तक राशन दुकान के पास ही खड़े रहते हैं। कई बार तो जरूरतमंद व राशन दुकानदार के बीच विवाद भी हो जाता है, जबकि इसमें राशन दुकानदार की कोई भूमिका नहीं है। सर्वर डाउन की समस्या हमीरपुर समेत पूरे राज्य में चल रही है। इस बारे में खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक हमीरपुर अरविंद शर्मा ने बताया कि नेशनल इन्फॉर्मेशन सेंटर से ही यह समस्या आ रही है। आधार यूजर्स सर्विस डीआईटी से डाटा एनआईसी को ट्रांसफर हो रहा है। शनिवार तक समस्या हल होने की उम्मीद है।

**बैठक** समीक्षा बैठक में विभागों से संबंधित विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने के दिए निर्देश

## विधायक ने अधिकारियों-कर्मचारियों को सुनाई खरी-खोटी





बिझड़ी समिति हॉल में समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा-निर्देश देते विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, साथ हैं अन्य।

अनंत ज्ञान, बिझड़ी

विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने बिझड़ी समिति हाल में समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय कर्मचारियों-अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित विकास कार्यों को तेजी से पूरा करें। विधायक ने विभागीय कर्मचारियों को विकासात्मक कार्य में डील बढ़ने पर कड़ा संज्ञान लेते हुए कहा की जो सड़क फॉरेस्ट एरिया में है उनको पक्का करने के लिए प्रारूप तैयार होने हैं उन कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र पूरा करें।

सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए प्रदेश सरकार की और से बजट में कोई कमी नहीं है । इसलिए सभी अधिकारी विकासात्मक परियोजनाओं का खाका तैयार करें, ताकि इनके लिए नए बजट में धनराशि का प्रावधान करवाया जा सके।

लखनपाल ने कहा कि आम लोगों से संबंधित कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाने चाहिए और इनमें अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। आम नागरिक को अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए सरकारी दफ्तरों के बार-बार चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न विकासात्मक परियोजना पर व्यापक चर्चा की गई। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी रमेश कुमार भी उपस्थित रहे।

# सीर खड्ड के तटीकरण पर खर्च होंगे 195 करोड़

## राजेश धर्माणी ने झंडूता विधानसभा क्षेत्र में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में सुनी 18 पंचायतों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

जिला बिलासपुर की झंडूता विधानसभा क्षेत्र में गालियां पंचायत में शुक्रवार को सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एक साथ 18 पंचायत के लोगों की समस्याएं सुनी गईं। इन 18 पंचायतों में गालियां, बडगांव, सुन्हाणी, बैहना-ब्राह्मणा, बडोल, जांगला, बलघाड, बाला, निहाण, समोह, विजयपुर, गेंहडवी, बैरी-मियां नखलेहडा, डाहड, अंडूता, रोहल, बरठीं पंचायते शामिल हैं।


सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में पंचायत की समस्याएं सुनते हुए राजेश धर्माणी।

कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि इस क्षेत्र की सीर खड्ड में तटीकरण के लिए 195 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। तलवाड़ा से लेकर बलघाड़ तक 40 किलोमीटर में तटीकरण करना है, जिससे बरसात में भूमि कटाव से इस क्षेत्र के किसानों को राहत मिलेगी। इस परियोजना को जल्द ही सिरे चढ़ाया जाएगा। नंदगांव पुल के अधर में लटके कार्य को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से पांच करोड़ रुपए स्वीकृत दी गई है। इस कार्य के पूरा होने से क्षेत्र के हजारों लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

बागछाल पुल के कार्य को जल्द पूरा किया जाएगा, जिससे झंडूता क्षेत्र को सीधे फोरलेन के साथ जोड़ने में आसानी होगी। बागछाल पुल से हमीरपुर तक की सड़क को अपग्रेड किया जाएगा, जिस पर लगभग 48 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। राजेश धर्माणी ने जिला प्रशासन से फोरलेन के आसपास मां नयना देवी की प्रतिमा स्थापित करने पर विचार करने के निर्देश दिए, जिससे कुल्लू-मनाली जाने वाले यात्रियों को मां नयना देवी के दर्शन हो सके और इस क्षेत्र में फोरलेन के पास पर्यटक ज्यादा से ज्यादा रुक सके, जिससे इस क्षेत्र के लोगों की आर्थिकी सुदृढ़ होगी। इसके अतिरिक्त तलाई में बाबा बालक नाथ की बाल स्वरूप की प्रतिमा स्थापित करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों के 70 से अधिक शिकायतें और डिमांड प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकतर का मौके पर ही निपटान किया गया।

# एडवेंचर टूरिज्म मेले की गतिविधियों से पर्यटन की नई संभावनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

एडवेंचर टूरिज्म मेला बिलासपुर नगर में साहसिक पर्यटन की संभावनाओं को नया मुकाम प्रदान करेगा।



तकनीकी शिक्षा व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने शुक्रवार को डमली पंचायत क्षेत्र में आयोजित साहसिक गतिविधियों का शुभारंभ करते हुए विचार व्यक्त किए। इन गतिविधियों को यहां वर्ष भर चलाया जाएगा। कुल्लू-मनाली जाने वाले पर्यटक को हम इन गतिविधियों के माध्यम से आकर्षित करेगें वहीं, युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा तथा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अपने स्थानीय उत्पाद बेचने के लिए भी प्रयुक्त स्थान मिलेगा। क्षेत्र में वर्ष भर इन गतिविधियों के तहत जलीय व आकाशीय साहसी गतिविधायों से पर्यटकों व स्थानीय लोगों को साहसिक पर्यटन के अवसर मिलेगें। उन्होंने एयर सफारी की भी उड़ान भरी। विधायक झंडूता जेआर कटवाल ने बर्मा ब्रिज का आनंद लिया तथा पर्यटन की इन गतिविधियों के लिए इस क्षेत्र का चुनाव करने के लिए मंत्री महादेय व जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया और स्थानीय लोगों से इन गतिविधियों में विकास के लिए सहयोग की अपील की। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव विवेक कुमार ने कहा कि इस आयोजन से क्षेत्र के लिए पर्यटन के साथ-साथ प्रगति के भी नए द्वार खुलेंगे। उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि गठित पर्यटन समिति की ओर से आने वाले समय में पर्यटन की दृष्टि से इसे और विकसित किया जाएगा।

# सस्ते दाम पर कार बेचने के नाम पर हुई 10 लाख की ठगी

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

- 15 दिन बीत जाने के बाद भी डिलीवरी की तारीख बढ़ाते गए आरोपी
- विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही : शिव कुमार

सस्ते दाम पर कार बेचने के नाम पर शातिरों ने एक व्यक्ति से करीब 10 लाख रुपए ठग लिए। धोखाधड़ी का पता चलने पर व्यक्ति ने खाते में भेजी राशि मांगी, तो आरोपी ने धमकी भी दी। व्यक्ति ने इस मामले की शिकायत सदर थाने में दी है।

शिकायत में अशोक कुमार निवासी गांव रोपा डाकघर धौणकोठी बिलासपुर ने बताया कि उन्हें कार की आवश्यकता थी। इसलिए ऑनलाइन कार ढूंढ रहे था। इसी बीच एक व्यक्ति का फोन आया। उसने अपना नाम दीपक गोयल निवासी हरिद्वार उत्तराखंड बताया। उसने बताया कि वह सस्ते दामों पर कारों की खरीद फरोख्त करता है। उस व्यक्ति ने व्हाट्सऐप पर अपना आधार भी भेजा। एक क्रेटा कार को खरीदने को लेकर उसके साथ सहमति बनी। दस्तावेज आदि बनवाने के लिए उसकी ओर से दिए खाते में सबसे पहले 1.92 लाख रुपए भेज दिए। सौदा फाइनल होने के बाद बाकी की राशि भी उसके खाते में भेज दी।

इस प्रकार कुल 10 लाख रुपए की राशि उसके खाते में भेजी। उसने कार की डिलीवरी देने के लिए 15 दिन का समय मांगा। 15 दिन बीत जाने के बाद भी वह डिलीवरी की तारीख आगे बढ़ाता गया और आनाकानी करने लगा, जब भी रुपए वापस मांगने की बात की, तो उसने गाली-गलौज और धमकियां दी। अब उसका मोबाइल बंद आ रहा है। उधर, एएसपी शिव कुमार चौधरी ने बताया कि विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# महिला स्तन कैंसर की जांच के लिए मेमोग्राफी परीक्षण किया

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

चेतना संस्था एवं ह्यूमैनिटी फस्ट के संयुक्त तत्वावधान में विधानसभा क्षेत्र घुमारवीं के लोगों के लिए शुक्रवार को घुमारवीं में निशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दंत और नेत्र विशेषज्ञों सहित शिशु रोग, स्त्री रोग के साथ-साथ शुगर और रक्तचाप परीक्षण, पुरुषों में प्रोस्टेट कैंसर के लिए पीएसए परीक्षण, महिलाओं एवं पुरुषों के मुंह की जांच, महिला स्तन कैंसर की जांच के लिए मेमोग्राफी परीक्षण और आंखों का चेकअप किया गया।


घुमारवीं में लगे निशुल्क कैंसर जांच शिविर में मौजूद लोग व डॉक्टर्स।

शिविर में आधुनिक स्वास्थ्य उपकरणों से लैस मैमोग्राफी, लैबोरेटरी, नेत्र रोग सहित आधुनिक स्वास्थ्य उपकरणों से लैस तीन वोल्वो बसें उपलब्ध रहीं। इस मौके पर युवा समाजसेवी व चेतना संस्था के सचिव हरीश नड्डा ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि उन्हें लोगों के दुख-दर्द बांटने का एक मौका मिला है और यह देख कर अच्छा लग रहा है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस जांच शिविर में आकर अपनी सेहत की जांच करवाने पहुंचे हैं। यहां इलाज करवाने के साथ-साथ सभी लोगों को मुफ्त में दवाइयां भी प्रदान की जा रही हैं साथ ही जिन लोगों को नजर के चश्मे लगेंगे उन्हे संस्था की तरफ से चश्मे फ्री दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जरूरतमंदों को व्हील चेयर भी प्रदान की जा रही है।

संस्था ने 15 व्हील चेयर जरूरतमंदों को उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है। इसके अलावा और भी जो जरूरतमंद लोग होंगे वह अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं, जिन्हें जल्द ही संस्था द्वारा व्हील चेयर प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही फरवरी महीने में इसी प्रकार के तीन निशुल्क स्वास्थ्य शिविर बिलासपुर में आयोजित किए जाएंगे, जिनमें एक बिलासपुर, झंडूता तथा नयना देवी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित होंगे साथ ही उनका कहना था कि अगर यह प्रयास सफल हुआ, तो ऐसे शिविर पूरे प्रदेश में आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर डॉक्टर धर्मेंद्र ढिल्लों, डॉक्टर कलश, डॉक्टर गुलशन और डॉ. रमन सहित 30 सहायक विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं।

# राम अयोध्या ही नहीं, सनातनियों के घरों में भी होंगे विराजमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अयोध्या में नवनिर्मित भव्य राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को बिलासपुर में भी धूमधाम से मनाने की तैयारी है।

22 को इस पर्व के उपलक्ष्य में उसी तरह से दीपोत्सव किया जाएगा, जैसे प्रभु राम के माता सीता और लक्ष्मण के साथ 14 वर्ष का वनवास काटने के बाद अयोध्या पहुंचने पर किया गया था। इसके लिए सदर विधानसभा क्षेत्र में लोगों को सारी जरूरी सामग्री वितरित की जा रही है। सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल की अगुआई में भाजपा और भाजयुमो कार्यकर्ता दीपक, ध्वज और आरती संग्रह की सामग्री के बाकायदा पैकेट बनाकर उन्हें घर-घर तक पहुंचा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को बिलासपुर शहर में यह सामग्री वितरित की गई।


भाजयुमो कार्यकर्ता आरती संग्रह बांटते हुए।

त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि अयोध्या में रामलला के विराजमान होने का गौरवशाली क्षण 492 वर्षों के लंबे संघर्ष, त्याग और बलिदान के बाद आ रहा है। 22 को प्रभु राम केवल अयोध्या धाम में ही नहीं, बल्कि करोड़ों सनातनियों के घरों में भी विराजमान होंगे। आराध्य देव प्रभु राम के इस पावन, दिव्य व अलौलिक आगमन को सभी देशवासी अपने जीवन के सबसे बड़े उत्सव के रूप में मनाने की तैयारी कर रहे हैं।

इसके तहत अपने घरों और आसपास के मंदिरों में सफाई करने के साथ ही उन्हें आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सभी लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दीपक, ध्वज और आरती संग्रह जैसी सामग्री घर-घर पहुंचाई जा रही हैं।

## बिलासपुर में प्रेसवार्ता कर पूर्व अध्यक्ष मंजित कौर ने लगाए आरोप

# जातिसूचक शब्द कह मंदिर से निकाला


प्रेसवार्ता करते हुए बिलासपुर नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष मंजित कौर। साथ में हैं अन्य लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष ने मंदिर के एक पुजारी पर आरोप लगाए हैं कि मंजीत कौर ने नगर के वाल्मीकि मंदिर में प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि सिनेमा कॉलोनी में स्थित मंदिर में एक पुजारी ने उन्हें मंदिर से निकाला।

पुजारी ने नप पूर्व अध्यक्षा को मंदिर में न आने की बात कही। मंजीत कौर का कहना है कि वह एक दलित समुदाय से संबंध रखती हैं, ऐसे में पुजारी की आरे से उन्हें मंदिर में प्रवेश न करने की बात कही गई। पुजारी ने यह भी कहा है कि आपके आने से मंदिर में मूर्तियां खंडित हो जाएंगी। मंजीत कौर ने कहा कि नगर के सिनेमा कॉलोनी में स्थित मंदिर को उन्होंने स्थानीय जनता के सहयोग से काफी साल पहले बनाया था। इस मंदिर के रखरखाव व अन्य सारी देखभाल व स्वयं स्थानीय लोगों की मदद से करती आ रही थी। परंतु कुछ समय पहले मंदिर में एक पुजारी को रखा गया और कुछ दिनों के भीतर ही पुजारी ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए पूर्व अध्यक्षा को मंदिर से निकाल दिया। मंजीत कौर ने कहा कि अगर उक्त पुजारी के खिलाफ पुलिस प्रशासन सख्त कार्रवाई नहीं करता है तो वह सड़कों पर उतरकर धरना-प्रदर्शन देंगे। इस अवसर पर वार्ड नंबर आठ के पूर्व अध्यक्ष अनिल किशोर, पार्षद रोहित, अर्धनारेश्वर संस्था के अध्यक्ष बिजली महंत ने कहा कि पुजारी की ओर से गलत तरीके से उन्हें मंदिर से निकाला गया है, वह बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि उक्त पुजारी को जल्द से जल्द मंदिर से हटाया जाए और पुजारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाएं।

# 2100 दीये वितरित करेगी संस्कार सोसायटी घुमारवीं


संस्था एक पैकेट में पांच दीये व पांच ज्योतियां पैक कर वितरित करती हुई।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

सबके राम सब में राम इस धेय के साथ 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को पूरे देश भर में राम भगत उत्साह के साथ मना रहे हैं।

इसी कड़ी में संस्कार सोसायटी घुमारवीं भी इस कार्यक्रम के अंतर्गत घर-घर जाकर मिट्टी के दीये व ज्योति वितरित करेंगे और लोगों को उस दिन सभी से दिवाली बनाने का आग्रह करेंगे। संस्कार सोसायटी मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु रामचंद्र के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बच्चों को जोड़ने के लिए स्कूलों के माध्यम से दीये वितरित करेंगें। संस्कार संस्था के सदस्य स्कूलों और गांव में जाकर लोगों को दीप वितरण करेंगे।

संस्था ने इस आयोजन के लिए एक पैकेट में पांच दीये व पांच ज्योतियां पैक करके 2100 घरों तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया है , जो कि घुमारवीं व आसपास के गांव में वितरित किए जाएंगे। संस्था इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को संस्कृति से जोड़ने का प्रयास कर रही है।

# 21 जनवरी को वरिष्ठ नागरिक सभा की बैठक

- विभिन्न मुद्दों पर की जाएगी चर्चा

**बिलासपुर।** वरिष्ठ नागरिक सभा बिलासपुर की मासिक बैठक 21 जनवरी को 11 बजे वरिष्ठ नागरिक सभागार में प्रधान रतन लाल की अध्यक्षता में होगी।

जानकारी देते हुए महासचिव मस्तराम वर्मा ने बताया कि इस बार वरिष्ठ नागरिक सभा के सदस्यों के लिए जिला रेडक्रॉस सोसायटी व हेल्प एज इंडिया के सौजन्य से आंख, कान की निशुल्क जांच की जाएगी व डिजिटल तकनीक की विस्तृत जानकारी विशेषज्ञों की ओर से उपलब्ध कारवाई जाएगी। इस अवसर पर प्रीतिभोज का आयोजन भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। महासचिव वर्मा ने सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया।

# सरकार गांव के द्वार भाजपा के समय चलाए जनमंच की नकल : रणधीर

## सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम पर विधायक रणधीर शर्मा ने उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजपा मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक एवं नयनादेवी के विधायक रणधीर शर्मा ने सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस सरकार पर तंज कसते हुए उसे खरी-खोटी सुनाई है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम भाजपा सरकार के समय चलाए गए जनमंच की नकल है।

कांग्रेस सरकार ने नकल करने का प्रयास तो किया है, लेकिन इसके लिए अकल भी चाहिए। इस कार्यक्रम में कमियों की भरमार है। इसमें व्यस्तता की वजह से अधिकारियों को अपने कार्यालयों से लगातार नदारद रहना पड़ रहा है, जिसकी वजह से अपना उद्देश्य पूरा करने के बजाए प्रदेश सरकार का यह कार्यक्रम लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। रणधीर शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार के समय लोगों को कई तरह की सुविधाएं उनके घर-द्वार पर उपलब्ध करवाने के लिए जनमंच कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी। उस समय विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस दिन-रात इस कार्यक्रम की आलोचना करती रही। पानी पी-पीकर जनमंच को कोसने वाली कांग्रेस को अब सत्ता में आने पर उसी कार्यक्रम की नकल करने पर मजबूर होना पड़ा है।

### जनमंच कार्यक्रम पूरी तरह से था जनहितैषी



इससे जहां कांग्रेस की दोहरी मानसिकता उजागर हो रही है, वहीं यह भी साबित हो रहा है कि जनमंच कार्यक्रम पूरी तरह से जनहितैषी था। उससे लोगों को भरपूर लाभ मिल रहा था। विभिन्न विभागों से संबंधित कार्यों और समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें कार्यालयों के चक्कर काटने से निजात मिली थी। इससे उनके समय के साथ ही पैसे की बचत भी हो रही थी। रणधीर शर्मा ने कहा कि एक पुरानी कहावत है कि नकल के लिए भी अकल चाहिए। कांग्रेस सरकार ने जनमंच की नकल तो जरूर की है, लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो पाई है। उल्टे इससे लोगों की परेशानियां बढ़ी हैं।

# कांग्रेस हर जगह तालाबंदी करने वाली सरकार हुई साबित : गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

- कांग्रेस सरकार ने जनमंच का नाम बदल कर सरकार गांव के द्वार किया शुरू

पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कांग्रेस की ओर से आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम पर कहा कि कांग्रेस सरकार भाजपा कार्यकाल में शुरू किए गए सफल कार्यक्रमों के नाम बदलकर आज उन्हीं कार्यक्रमों को आयोजित कर रही है, जिनका पूर्व में कांग्रेस के नेता विरोध करते थे।

पूर्व भाजपा सरकार ने आम जनता की समस्याओं के घर-द्वार पर समाधान के लिए जनमंच कार्यक्रम की शुरुआत की थी। उस समय कांग्रेस ने उसका विरोध किया था और आज उसी कांग्रेस को सरकार को गांव के द्वार जाने को मजबूर होना पड़ा है। जनमंच का नाम बदल कर सरकार गांव द्वार कार्यक्रम शरू किया है। कहीं न कहीं कांग्रेस सरकार ही अब भाजपा की नीतियों को कॉपी करने लगी है, सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस कार्यक्रम की लोकप्रियता से इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में मात्र कुछ ही लोग पहुंच रहे हैं, जबकि भाजपा के कार्यकाल में जनमंच कार्यक्रम हजारों लोगों की समस्या का समाधान किया जाता था।

एक वर्ष से अधिक समय में सरकार प्रदेश की जनता के लिए कुछ नहीं कर पाई है, ऐसे में कांग्रेस सरकार है। गर्ग ने कहा कि लोगों से वोट बटोरने के लिए कांग्रेस ने 300 यूनिट फ्री बिजली देने की गरंटी दी थी, लेकिन पूर्व सरकार की ओर से दी जा रही 125 यूनिट पर भी कांग्रेस सरकार की ओर से ताला लगाने की तैयारी की जा रही है और यह सरकार हर जगह तालाबंदी वाली सरकार साबित हुई है।

**बैठक** हिमाचल पथ परिवहन निगम के कर्मचारी सेवानिवृत्ति के बाद अपने हक के लिए भटक रहे

# लाभों का भुगतान समय पर न होने से जताई नाराजगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल पथ परिवहन निगम सेवानिवृत्ति कर्मचारी कल्याण मंच ने निगम के पेंशनर्स के लंबित वित्तीय लाभों का भुगतान समय पर न होने पर गहरी नाराजगी जताई है।


निगम के प्रबंध निदेशक के साथ पेंशनर्स की संयुक्त बैठक में लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा करते हुए।

संगठन का कहना है कि पिछले साल जुलाई माह में परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक के साथ पेंशनर्स की संयुक्त बैठक में लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई थी। सात माह बीतने को, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही है। इससे खफा निगम के पेंशनर्स आने वाले समय में धरना-प्रदर्शन का फैसला लेने पर मजबूर हो सकते हैं। इसके लिए सरकार और निगम प्रबंधन जिम्मेदार होंगे। हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्ति कर्मचारी कल्याण मंच के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बृजलाल ठाकुर की अध्यक्षता में शुक्रवार को बिलासपुर में एचआरटीसी वर्कशॉप कांप्लेक्स के मंदिर प्रांगण में आयोजित बैठक में कहा गया कि सेवाकाल के दौरान अपना दायित्व कर्तव्यनिष्ठा की भावना से निभाने वाले एचआरटीसी के कर्मचारी सेवानिवृत्ति के बाद अपने हक के लिए भटक रहे हैं।

जनवरी 2016 से संशोधित वेतनमान का एरियर उन्हें आज तक नहीं मिल पाया है। चालक-परिचालकों की दो वेतनवृद्धियों के एरियर का इंतजार भी खत्म नहीं हो रहा है। इसके अलावा निगम के पेंशनर्स को 65, 70 व 75 वर्ष की आयु पूरी होने पर क्रमश: 5, 10 व 15 फीसदी पेंशन भत्ता देने की मांग भी पूरी नहीं हो पाई है। बैठक में प्रदेश सरकार की ओर से ट्रिब्यूनल कोर्ट दोबारा खोलने के फैसले पर भी गहरा रोष जताया गया। संगठन के नुमाइंदों ने कहा कि कर्मचारियों और पेंशनर्स के सभी मामले हाई कोर्ट में चल रहे हैं। ऐसे में ट्रिब्यूनल कोर्ट खोलने का कोई औचित्य नहीं है। बेहतर होगा कि सरकार ऐसे बेतुके फैसले लेने के बजाए पेंशनर्स की लंबित मांगें पूरी करके उन्हें उनका हक प्रदान करें।

### ये रहे मौजूद

बैठक में संगठन के प्रदेश महासचिव रूपचंद शर्मा, उपाध्यक्ष कुलदीप ठाकुर, सुंदरनगर इकाई के कोषाध्यक्ष ईश्वर सिंह, किशोरीलाल शर्मा, श्याम राणा, बाबूराम शर्मा, राकेश शर्मा, देशराज शर्मा, बाबू राम व मोहम्मद अमीन समेत निगम के कई अन्य पेंशनर्स ने भाग लिया।

# मोक्ष की प्राप्ति करने का सबसे सरल उपाय राम नाम संकीर्तन


गांव ठप्पर में भव्य कलश यात्रा के साथ साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

बिलासपुर के झंडूता खंड के गांव ठप्पर में प्रेमी देवी के घर में विशाल संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ।

कथा के पहले दिन पूरे गांव वासियों ने कलश यात्रा में अपनी सहभागिता दी। कलश यात्रा सर्वेश्वर महादेव मंदिर अनादघाट में कलश पूजन के साथ हुआ।

कलश यात्रा अनादघाट से शुरू होकर भागवत कथा आयोजन स्थल तक गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान गांव वासियों ने घर-घर दरवाजे पर कलश आरती का आयोजन कर उनका स्वागत किया। कथा एक बजे से पांच बजे तक रोजाना पच्चीस जनवरी तक आयोजित कर भंडारे के साथ संपन्न होगी। श्रीमद् भागवत कथा में रोजाना सुबह आठ बजे महा रुद्राभिषेक का आयोजन होगा । साथ ही सात दिनों तक चलने वाले सप्ताह में श्रीमद्भागवत महापुराण का मूल पाठ करवाया रहा है। भगवान की भक्ति से मोक्ष की प्राप्ति करने का सबसे सरल उपाय राम नाम संकीर्तन है।

# ऊना में ठंड व कोहरे का प्रकोप

## सूखी सर्दी से दिन का तापमान लुढ़का, पहाड़ों पर खिली धूप
## इस साल सर्दी के मौसम का दूसरा सबसे ठंडा दिन







जिला मुख्यालय ऊना में शुक्रवार को कोहरे की सफेद चादर में लिपटा रहा। ऊना में ठंड व कोहरे के प्रकोप से बचने के लिए अलाव जलाकर बचाव करते लोग।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**जिला** ऊना अब तक भयंकर सूखी सर्दी के दौर से गुजर रहा है। जिला मुख्यालय शुक्रवार को कोहरे की सफेद चादर में लिपटा रहा। हालांकि जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दिन भर खूब धूप खिली हुई थी। शुक्रवार को जिला मुख्यालय के अधिकतम तापमान में भी रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई। इस साल सर्दी के मौसम में दूसरा सबसे ठंडा दिन रहा। जिले के अधिकांश मैदानी हिस्से के लोग सूर्य देव की एक किरण को दिनभर तरसते रहे। शुक्रवार को जिला मुख्यालय का न्यूनतम तापमान तो 0.6 डिग्री सेल्सियस रहा, लेकिन अधिकतम तापमान भी 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले इस वर्ष सर्दियों में मुख्यालय में एक दिन 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे तापमान दर्ज किया गया था।

जिला मुख्यालय में दिन में भयंकर सर्दी के कारण बाजार को अधिकांश दुकानें भी निर्धारित समय से काफी देर के बाद खुल पाईं। कई स्थानों पर लोगों ने सर्दी से बचने के लिए अलाव जलाए हुए थे। पुराना बस अड्डे के समीप लाल बत्ती चौक पर आग जलाकर लोग ठंडक मिटा रहे थे। उधर, स्थानीय क्षेत्रीय अस्पताल के बाहर टेंपो स्टैंड समेत कई जगह लोग ठंड से बचने के लिए अलाव जलाकर अपना बचाव कर रहे थे। शहर में आने जाने वाले लोग भी अपनी ठिठुरन मिटाने के लिए अलाव के पास पहुंच रहे थे। स्थानीय व्यापारियों सुमेश कुमार, अनिल, राजकुमार ने बताया कि जिला मुख्यालय में महीने भर से मौसम सूखी ठंड का बना हुआ है और मैदानी इलाके सर्द मौसम की जद में हैं। उधर, जिला के ऊंचाई वाले क्षेत्रों जो अंब व बंगाणा के कई इलाकों में दिन भर खूब धूप खिली हुई थी।

मौसम विभाग के समन्वयक विनोद शर्मा ने बताया कि जिला मुख्यालय में आज दूसरा ऐसा दिन था, जब दिन का अधिकतम तापमान करीब दस डिग्री सेल्सियस और उसके आसपास रहा है।

# ट्रक की चपेट में आने से उद्योग में कार्यरत कामगार की मौत

## टटेहड़ा गांव में देर रात पेश आया हादसा, चालक मौके से फरार

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

**उपमंडल** गगरेट के टटेहड़ा गांव में स्थित एक उद्योग में वीरवार मध्य रात्रि गन्ने का कचरा लेकर आए एक ट्रक की चपेट में आ जाने से एक कामगार की मौत हो गई। इस घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। उद्योग के एक अधिकारी की शिकायत पर गगरेट पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

टटेहड़ा में स्थित एक निजी उद्योग में सहायक अभियंता के पद पर तैनात कुशल सिंह निवासी कोटला द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वीरवार मध्यरात्रि गन्ने के कचरे से लदा एक ट्रक (एचपी 38 जी-8722) आया। ट्रक चालक इतनी लापरवाही से ड्राइविंग कर रहा था कि उसे उद्योग में तैनात एक कर्मचारी तक नजर नहीं आया और ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। इससे उद्योग में कार्यरत राकेश कुमार पुत्र रत्न चंद निवासी बढेड़ा राजपूतां तहसील घनारी की मौका पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर कब्जे में ले लिया और शव के पोस्टमार्टम के लिए उसे क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया। उक्त अधिकारी के अनुसार यह हादसा ट्रक चालक की लापरवाही से हुआ है। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने ट्रक चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**अपराध**

## हरोली में 22 लाख लूटकर दुबई भागा नौसरबाज

**ऊना।** हरोली के पोलियां बीत इलाके का एक नौसरबाज दुलैहड़ के एक व्यक्ति को 22 लाख की चपत लगाकर दुबई भाग गया। नौसरबाज ने पीड़ित परिवार को जमीन बेचने का वादा करके 22 लाख रुपए बयाने के तौर पर ले लिए थे, लेकिन जमीन की रजिस्ट्री हो पाती, उससे पहले ही वह दुबई फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुलैहड़ निवासी संजीव कुमार पुत्र ज्ञान चंद कौशल ने पोलियां बीत के रहने वाले संजीव कुमार पुत्र कृष्ण सिंह के खिलाफ शिकायत में कहा है कि संजीव ने 3 जुलाई, 2023 को उसके साथ एक जमीन का सौदा किया था। बयाने के रूप में आरोपी ने शिकायतकर्ता से 22 लाख रुपए भी ले लिए, साथ ही पोलियां बीत गांव के ही सोहन सिंह पुत्र बंता सिंह ने जमीन की दलाली में शिकायतकर्ता से 50000 रुपए लिए थे। हरोली पुलिस ने आरोपी संजीव कुमार के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 406,120 बी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महिला ने ससुराल पक्ष के विरुद्ध केस दर्ज कराया

**ऊना।** अंब की एक महिला ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। शिकायत में महिला ने कहा है कि तीन साल पहले उसकी शादी पंचकूला के रहने वाले सुमित कुमार पुत्र सुरिंद्र कुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसका पति और देवर सचिन कुमार उसे दहेज के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। इस उत्पीड़न के बारे में उसने अपने मायके और ससुराल पक्ष के रिश्तेदारों को भी बताया, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। उसका शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न जारी रहा। उसने आरोप लगाया है कि उसका पति और देवर लगातार दहेज की मांग करते रहते थे। अब बिबश होकर उसे पुलिस को शिकायत देनी पड़ रही है। अंब पुलिस ने आरोपी सुमित और उसके भाई सचिन के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए के तहत मामला दर्ज करा जांच शुरू कर दी है।

## तीन ट्रैक्टरों से वसूला 20 हजार का जुर्माना

**ऊना।** पुलिस ने वीरवार को कार्रवाई करते हुए अवैध खनन करने वाले तीन ट्रैक्टरों से 20 हजार का जुर्माना वसूला है। इसके अलावा यातायात के नियम तोड़ने पर 197 वाहनों के चालान भी काटे गए हैं। उन में से 12 ने मौके पर ही चालान का भुगतान कर दिया, जिससे पुलिस को 6000 रुपए प्राप्त हुए हैं, साथ ही 11 लोगों से भी 1050 रुपए वसूले गए हैं। इन 11 पर आरोप है कि वे सार्वजनिक स्थलों पर धुम्रपान करते हुए पाए गए थे।

# न्यूज ब्रीफ

## डॉ. धीमान ने स्टूडेंट्स का जांचा स्वास्थ्य



**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के रावामापाठशाला जटहेड़ी उपमंडल बंगाणा जिला ऊना में एक दिन का मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। थाना कलां सरकारी अस्पताल से डॉ. बलदेव भारती और सहायक वीणा कुमारी ने सभी उपस्थित स्टूडेंट्स का मेडिकल चेक अप किया। हाइट, वेट, आंखों, दांतों आदि का चेकअप किया गया, साथ ही सभी स्टूडेंट्स का हीमो ग्लोबिन भी चेक किया गया। डॉ. भारती ने सभी उपस्थित स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए बताया की संतुलित आहार, व्यायाम और सही दिनचर्या अपनाकर हम स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। स्वस्थ शरीर मनुष्य का सबसे बड़ा साथी है। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य और सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

## बेसिक ड्रग एजुकेशन पर किया जागरूक

**ऊना।** नशामुक्त ऊना अभियान के तहत शुक्रवार को अंब ब्लॉक के राजकीय उच्च विद्यालय भैरा में स्कूल इंटरवेंशन के तहत स्वस्थ खाएं स्वस्थ रहें तथा हाउ टू से नो और बेसिक ड्रग एजुकेशन पर सेशन आयोजित किया गया। इस दौरान सेशन में 8वीं कक्षा के लगभग 30 स्टूडेंट्स ने भाग लिया, जिसमें स्टूडेंट्स के साथ पीर प्रेशर, गो फूड ग्रो फूड तथा ग्लो फूड और हेल्थी हैबिट्स बनाम अनहेल्दी हैबिट्स बारे बताया गया। नशामुक्त ऊना अभियान की ओर से साहिल ने स्टूडेंट्स को बताया कि यदि कोई रिस्क भरी परिस्थित हो तो कैसे खुद को बचा सकते हैं। नो बोलने के अलग-अलग तरीके बच्चों को सिखाए गए। इसके साथ ही नशे के खिलाफ व उनसे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे भी जागरूक किया गया। इस मौके पर स्थानीय स्कूल के मेंटर टीचर और मुख्याध्यापिका अनीता सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## केवी सलोह में जागरूकता शिविर आयोजित

**ऊना।** नशामुक्त ऊना अभियान के तहत शुक्रवार को केंद्रीय विद्यालय सलोह में स्कूल इंटरवेंशन के तहत जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए नशामुक्त अभियान के ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर जयेंद्र हीर ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय सलोह स्कूल में बच्चों और अध्यापकों के साथ नशामुक्त ऊना अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से संवाद किया गया, जिसमें अध्यापकों एवं बच्चों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की तथा बच्चों ने इस संवाद में अपने-अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान बच्चों को लाइफ स्किल्स जैसे पीर प्रेशर, गो फूड ग्रो फूड तथा ग्लो फूड और हेल्थी हैबिट्स बनाम अनहेल्दी हैबिट्स के बारे बताया और कहा कि यदि आपके आसपास कोई भी गलत गतिविधियों में संलिप्त है तो उसकी सूचना देने वाले की पहचान को गुप्त रखा जाएगा।

## गगरेट में मनोनीत पार्षद बनाने को कवायद शुरू

**गगरेट।** विधानसभा क्षेत्र गगरेट के अंतर्गत आने वाले दो नगर निकायों में प्रदेश सरकार का एक साल का कार्यकाल बीत जाने के बाद मनोनीत पार्षद बनाने की मुहिम शुरू हुई है। वर्ष 2025 में नगर निकाय चुनाव भी प्रस्तावित हैं। ऐसे में कांग्रेस ने देर आयद दुरुस्त आयद की तर्ज पर नगर पंचायत गगरेट व दौलतपुर चौक में मनोनीत पार्षदों के लिए नाम तय कर प्रदेश सरकार को भेज दिए हैं। माना जा रहा है कि इस माह भी मनोनीत पार्षदों की आधिकारिक अधिसूचना जारी हो सकती है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार सत्तासीन होने के बाद से ही इन नगर निकायों में कांग्रेसी कार्यकर्ता मनोनीत पार्षद बनने के लिए लाबिंग करने को सक्रिय हो गए थे। उस समय जिले के अन्य नगर निकायों में तो मनोनीत पार्षदों का मनोनयन हो गया लेकिन गगरेट व दौलतपुर चौक नगर पंचायत में पार्षद मनोनीत करवाने को किसी ने तरजीह नहीं दी। अब जब लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं तो कांग्रेस भी अपने कार्यकर्ताओं का सत्ता में सहभागिता के साथ मनोबल बढ़ाने के लिए सक्रिय हुई है। इसके लिए बकायदा अब नाम भी तय कर लिए गए हैं। नगर पंचायत गगरेट से मनोनीत पार्षदों के लिए विमला शर्मा, पूर्व पार्षद नरेंद्र राणा व दलित नेता ईश्वर चंद की लाटरी लग सकती है। पुख्ता सूत्रों के अनुसार इनके नाम तय करके मनोनीत पार्षद बनाने के लिए प्रदेश सरकार को भेजे जा चुके हैं। उधर नगर पंचायत दौलतपुर चौक से भी तीन पार्षद मनोनीत किए जाने हैं। यहां भी नाम तय कर प्रदेश सरकार को भेजे जा चुके हैं। जिनकी आधिकारिक घोषणा होना ही बाकी है। लोकसभा चुनावों से पहले कांग्रेस द्वारा खेला गया यह दांव इन नगर निकायों में कांग्रेस को कितना लाभ दे पाता है यह देखने वाली बात होगी। उधर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ठाकुर का कहना है कि नगर पंचायत गगरेट व दौलतपुर चौक में शीघ्र ही पार्षद मनोनीत किए जाएंगे।

# 22 को ईसपुर में 'सरकार गांव के द्वार'

- सीएम और डिप्टी सीएम होंगे शामिल
- आयोजित होगी ग्राम सभा की विशेष बैठक

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**उपायुक्त** राघव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 जनवरी को हरोली विधानसभा क्षेत्र की ईसपुर पंचायत में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का सफल आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस दिन ईसपुर में ग्राम सभा की विशेष बैठक भी आयोजित होगी। राघव शर्मा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच कर आम लोगों की समस्याओं के निदान, लोगों को राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे जागरूक करने तथा योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत 22 हरोली, 24 जनवरी को ऊना विधानसभा व 30 जनवरी को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में आयोजित होंगे, जिसकी अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री करेंगे। राघव शर्मा ने बताया कि 27 जनवरी को गगरेट विधानसभा क्षेत्र और 28 जनवरी को चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे। उपायुक्त ने जिला के समस्त विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम में उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

## तीन माह बाद सलोह के शिव मंदिर में चोरी का आरोपी गिफ्तार

**हरोली।** हरोली थाना के अंतर्गत आते गांव सलोह निवासी विपन कुमार पुत्र विक्रमजीत ने वर्ष 2023 को पुलिस में उनके शिव मंदिर में चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मौके पर जांच में मंदिर मे लगे कैमरे से एक संदिग्ध की पहचान की, परंतु उक्त घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। बीते कल एक गुप्त सूचना के आधार पर हेड कांस्टेबल सुनील कुमार के नेतृत्व मे एक टीम ने दौलतपुर में उक्त चोर को काबू कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। हरोली थाना के प्रभारी सुनील संख्यान ने पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी प्रदीप कुमार (23) पुत्र मेहर सिंह निवासी लोअर बढ़ेड़ा व थाना हरोली जिला ऊना को अदालत मे पेश कर पुलिस रिमांड लेने मे जुटी है। आरोपी ने पूछताछ मे चोरी करना कबूल कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी एक मुकदमा पुलिस थाना सदर ऊना में भी दर्ज है आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टी उप-पुलिस अधीक्षक मोहन रावत ने की है।

## चताड़ा में संपत्ति हड़पने के बाद मां को बहू-बेटे ने घर से निकाला

**ऊना।** ऊना के चताड़ा गांव की रहने वाली बुजुर्ग ने अपने ही बेटे और बहू पर मारपीट, संपत्ति और गहने हड़पने और घर से बाहर निकालने के आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार चताड़ा की दिल्ली एन्क्लेव सोसायटी में रहने वाली सरला शर्मा पत्नी इंद्रजीत शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है। उन्होंने बताया है कि बेटे-बहू ने जबरदस्ती उसकी पॉवर ऑफ अटॉर्नी बनवा ली है, जिसके आधार पर सारी संपत्ति छीनी जा रही है। उस समय हद हो गई जब उसे अपने ही घर से बेदखल होना पड़ा, साथ ही उसके साथ मारपीट की। मेडिकल में बुजुर्ग महिला के शरीर पर नीले निशान पाए गए हैं, जिससे उसके साथ हुई क्रूरता की पुष्टि होती है। उसने ऊना पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है और मांग है कि उसकी चैकबुक और गहने उसे वापस दिलवाए जाएं और पावर ऑफ अटॉर्नी भी रद्द की जाए व उसे घर वापस दिलाया जाए। ऊना सदर थाने में आरोपी सौरभ शर्मा और उसकी पत्नी रवीजा के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू हो गई है।

## 25 को मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**ऊना।** जिला में 25 जनवरी को 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन जिला, उपमंडल व बूथ स्तर पर किया जा रहा है। शुक्रवार को यहां इस बारे जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राघव शर्मा ने बताया कि इस बार जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन राजकीय महाविद्यालय ऊना में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता दिवस की थीम पर आधारित भाषण, प्रश्नोत्तरी व नाटक प्रतियोगिताओं सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

# बलराम बबलू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने काली माता मंदिर में की साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कार्यकर्ताओं के साथ काली माता मंदिर में की साफ-सफाई करते जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम बबलू।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 जनवरी को श्री अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर हर व्यक्ति को धार्मिक स्थल के स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई के आग्रह पर कुटलैहड़ विस क्षेत्र के प्रसिद्ध काली माता मंदिर वारेहड़ में जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम बबलू की अध्यक्षता में दर्जनों प्रतिनिधियों ने साफ-सफाई करके मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। बलराम बबलू ने कहा कि श्री अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण होना देश के लिए गर्व की बात है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभाव और अथक प्रभु श्रीराम जी के प्रति प्यार का नतीजा है। बबलू ने कहा कि एक तरफ पूरा देश 22 जनवरी को बड़ी दीवाली के मनाने के लिए उत्सुक है। वही दूसरी तरफ विपक्ष श्री अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा जो एक बड़ा धार्मिक समागम होने जा रहा है। इस मौके पर जिला पार्षद सदस्य निशा भुल्लर, पूर्व जिला पार्षद सदस्य राज कुमार, बलबीर, राममूर्ति, जसविंद्र सिंह, राम कुमार रामू, काकू, नरेश कुमार, गोपाल शर्मा, सतविंद्र सिंह, गोपाल आदि दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## भारतीय रिजर्व बैंक ने एमएसएमई उद्यमियों के साथ की बैठक

**ऊना।** भारतीय रिजर्व बैंक शिमला के वित्तीय समावेशन और विकास विभाग ने शुक्रवार को गगरेट में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाइयों हेतु टाउन हॉल में वित्तीय साक्षरता के प्रसार, एमएसएमई के त्वरित विकास को सुगम बनाने व एमएसएमई से संबंधित मुद्दों के समाधान के उद्देश्य से एमएसएमई उद्यमियों के लिए गगरेट में बैठक का आयोजन किया। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक शिमला के सहायक महाप्रबंधक आशीष कुमार शर्मा ने बताया कि टाउन हॉल बैठक का उद्देश्य एमएसएमई ग्राहकों को ऋण संबंधी योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करना एवं बैंकरों और उद्यमियों को एक साथ लाकर उनके बीच मुद्दों को हल करना है। उन्होंने बैंक से आए प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि एमएसएमई ऋण लेने वालों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण रखें और इन इकाइयों को समय पर और पर्याप्त वित्त उपलब्ध करवाएं। उन्होंने बैंकरों से उद्यमियों को विभिन्न एमएसएमई ऋण उत्पादों के बारे में जानकारी का प्रसार करने की भी सलाह दी।

# निर्माण कार्य पूरा होने पर रामभक्तों को लेकर भेजेंगे 15 बसें अयोध्या : विधायक

**अनंत ज्ञान, अंब**



श्रीराम कथा के समापन मौके पर मंदिर में आयोजित हवन यज्ञ और ध्वज चढ़ाने की रस्म में भाग लेते विधायक सुदर्शन बबलू।

**विधायक** चिंतपूर्णी सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि अयोध्या में मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद वह रामभक्तों को लेकर चिंतपूर्णी से अयोध्या में रामलला के दर्शनों के लिए 15 बसें भेजेंगे। अगर जरूरत हुई तो बसों की संख्या में इजाफा भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राम सबके है। राम के नाम पर राजनीति नहीं होनी जाएगी। राम पर किसी एक पार्टी का कापीराइट नहीं हैं। राम जब बुलाएंगे वह दर्शनों के लिए जरूर जाएंगे।

उन्होंने कहा कि पंजोआ स्थित हनुमान मंदिर में आठ दिनों तक भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से लेकर क्षेत्र के कई गणमान्यों ने शिरकत करके पुण्य कमाया है। विधायक सुदर्शन बबलू शुक्रवार को हनुमान मंदिर पंजोआ में आयोजित श्रीराम कथा के समापन पर बोल रहे थे। विधायक ने मंदिर कमेटी को जरुरत पड़ने पर और भी फंड उपलब्ध करवाने की बाद कही है। इससे पहले विधायक सुदर्शन बबलू ने श्रीराम कथा के समापन मौके पर मंदिर में आयोजित हवन यज्ञ और ध्वज चढ़ाने की रस्म में भाग लिया, साथ ही विधायक ने भक्तों के साथ भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया।

इस मौके पर मंदिर कमेटी के प्रधान मदन राणा, चेयरमैन मास्टर प्रीतम जम्वाल, सरदार नानक सिंह, ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार, ओबीसी कल्याण बोर्ड पूर्व सदस्य नरेश बरोटिया, रशाद खान, बलबिंद्र सिंह, सुरजीत सिंह, डॉ. नरेश कुमार, रमन सोनी, राम कुमार सोनी, राकेश सोनी, पुनीत शर्मा, सतीश शर्मा, सोहित सोनी, शिव कुमार सोनी, सरदार काबल सिंह आदि मौजूद रहे।

**व अदालत नायब तहसीलदार एवं कार्याकारी दंडाधिकारी, उपतहसील जोल, जिला ऊना हि.प्र.।**

श्रीमती अन्जना देवी आयु 67 वर्ष पुत्री श्री भाग चन्द वासी गांव टकोली डा. सोहारी उपतहसील जोल, जिला ऊना, हि.प्र. हाल पत्नी श्री बलवान सिंह पुत्र श्री बिन्दर सिंह वासी गांव बडूहा डा. सोहारी उपतहसील जोल, जिला ऊना, हि.प्र.।

बनाम

**इश्तहार मुशत्री मुनादी**
**विषयः- प्रार्थना- पत्र बावत जेर धारा 13(3) जन्म पंजीकरण अधिनियम, 1969**

श्रीमती अन्जना देवी आयु 67 वर्ष पुत्री श्री भाग चन्द वासी गांव टकोली डा. सोहारी उपतहसील जोल, जिला ऊना, हि.प्र. हाल पत्नी श्री बलवान सिंह पुत्र श्री बिन्दर सिंह वासी बडूहा डा. सोहारी उपतहसील जोल जिला ऊना हि.प्र. ने इस न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र प्रस्तुत किया है कि, उसका जन्म दिनांक 13.01.1956 को हुआ था, परंतु अज्ञानतावश इस जन्म का पंजीकरण मेरे माता-पिता द्वारा ग्राम पंचायत टकोली के अभिलेख में नहीं करवाया गया है। रिपोर्ट स्थानीय पंजीका पंजीकरण ग्राम पंचायत टकोली के अनुसार प्रार्थीया का जन्म संबंधित पंचायत में दर्ज न है। अब प्रार्थीया अपना नाम पंजीकृत करवाना चाहती है। अतः आम जनता को इस इश्तहार मुशत्री मुनादी द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त जन्म को दर्ज करने बारे उजर/एतराज हो तो वह दिनांक 19.02.2024 को प्रातः 10 बजे असालतन या वकालतन उपस्थित आकर अपनी आपत्ति/एतराज प्रस्तुत कर सकते हैं। हाजिर न होने की सूरत में नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आज दिनांक 19.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

**कार्यकारी दंडाधिकारी**
**उपतहसील जोल, जिला ऊना हि.प्र.**

**नायब तहसीलदार एवं कार्याकारी दंडाधिकारी, उपतहसील जोल, जिला ऊना हि.प्र.।**

1. बलवान सिंह आयु 69 वर्ष पुत्र श्री बिन्दर सिंह वासी गांव बडूहा, डा. सोहारी, उपतहसील जोल, जिला ऊना हि.प्र.। 2. अन्जना देवी आयु 67 वर्ष पुत्री श्री भाग चन्द वासी गांव टकोली डा. सोहारी उपतहसील जोल, जिला ऊना हि.प्र.। हाल पत्नी बलवान सिंह पुत्र श्री बिन्दर सिंह वासी गांव बडूहा डाक. सोहारी उपतहसील जोल, जिला ऊना हि.प्र.।

बनाम आम जनता

**इश्तहार मुशत्री मुनादी**
**विषयः- प्रार्थना-** पत्र विवाह पंजीकरण बावत जेर धारा 8(4) अधिनियम, 1996 करने बारे।

प्रार्थी बलवान सिंह पुत्र श्री बिन्दर सिंह वासी गांव बडूहा डा. सोहारी उपतहसील जोल, जिला ऊना, हि.प्र., ने इस न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र प्रस्तुत किया है कि, उसकी शादी दिनांक 27.05.1979 को मुताबिक हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार अन्जना देवी आयु 67 वर्ष पुत्री श्री भाग चन्द वासी गांव टकोली डा. सोहारी उपतहसील जोल, जिला ऊना हि.प्र. के साथ हुई है परंतु अज्ञानतावश इस शादी का पंजीकरण ग्राम पंचायत सोहारी के अभिलेख में दर्ज नहीं करवाया गया है। रिपोर्ट स्थानीय पंजीका विवाह पंजीकरण ग्राम पंचायत सोहारी अनुसार प्रार्थी की शादी संबंधित पंचायत में दर्ज न है। अब प्रार्थी अपनी शादी को पंजीकृत करवाना चाहता है।

अतः आम जनता को इस इश्तहार मुशत्री मुनादी द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त शादी को ग्राम पंचायत सोहारी विकास खंड बंगाणा जिला ऊना हि.प्र., के पंजीकरण रजिस्टर में दर्ज करने बारे कोई उजर/एतराज हो तो वह दिनांक 19.02.2024 को प्रातः 10 बजे असालतन या वकालतन उपस्थित आकर अपनी आपत्ति या एतराज प्रस्तुत कर सकते हैं। हाजिर न होने की सूरत में नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

यह इश्तहार मुशत्री मुनादी आज दिनांक 19.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

**कार्यकारी दंडाधिकारी**
**उपतहसील जोल, जिला ऊना, हि.प्र.**

## मांगें पूरी न होने पर मुखर हुए प्रदेश के डॉक्टर्स

**हिमाचल** में आजकल डॉक्टर प्रदेश सरकार से खफा चल रहे हैं। मांगें पूरी न होने पर डॉक्टर एसोसिएशन सरकार के खिलाफ भड़क गई है। हालांकि डॉक्टर मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में सेवाएं जरूर दे रहे हैं और मरीजों का उपचार भी कर रहे हैं, लेकिन साथ ही काले बिल्ले लगाकर अपना विरोध भी जता रहे हैं। दरअसल, प्रशिक्षित डॉक्टर नॉन प्रैक्टिय अलाउंस (एनपीए), सेवानिवृत्त को सेवा विस्तार न दिया जाना और पदोन्नति की मांग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू ने उन्हें मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन सात महीने बाद भी डाक्टरों की मांगें पूरी नहीं हुई हैं। यही वजह है कि उनमें रोष पनप रहा है।

एनपीए अलाउंस 2023 में आपदा के दौरान सरकार ने बंद किया था। पहले डॉक्टरों को ट्रेनिंग के समय कुल वेतन का 20 फीसदी दिया जाता था, लेकिन सुक्खू सरकार ने आपदा का हवाला देकर इसे बंद कर रखा है, अब जबकि प्रदेश एक बार फिर पटरी पर लौट आया है तो ऐसे में डॉक्टर्स सरकार के खिलाफ मुखर हो उठे हैं। वे सरकार से वादा निभाने के लिए कह रहे हैं तो उसमें कोई गलत भी नहीं कर रहे हैं। सरकार को भी चाहिए कि वह उनकी मांगों पर तुरंत गौर करे और उन्हें शांत करे ताकि वे पूरी कर्तव्यनिष्ठा से अपनी बेहतर सेवाएं देकर आमजन की सेहत का ख्याल रख सकें। डॉक्टर्स जब पिछले साल जून माह में शिमला जाकर सीएम से मिले थे, तब उन्हें आश्वासन दिया था कि आपदा के तीन महीने बाद एनपीए अलाउंस दे दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। हाल ही में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति में उनके वेतन से इसे हटा दिया है। विशेषज्ञों का वेतन घटाकर 33 हजार 660 रुपए कर दिया है, जबकि पुरानी अधिसूचना के अनुसार डॉक्टरों को न्यूनतम देय 40 हजार 392 तय हुआ है।

डॉक्टरों का काले बिल्ले लगाकर सेवाएं देने से जनता को विशेषज्ञ सुविधाएं भी मयस्सर नहीं हो रही हैं। एनपीए को अभी तक अग्रिम भर्ती में नहीं जोड़ा गया है, लेकिन अधिसूचना के तहत एनपीए को सेवानिवृत्त डॉक्टरों की पेंशन से भी हटा दिया गया है। डॉक्टरों के पास पदोन्नति के बहुत ही कम पद स्वीकृत हैं। डॉक्टरों को एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन स्कीम दी जाती थी, जिसे दोबारा से बहाल करने की मांग भी जोर-शोर से उठ रही है। मेडिकल कॉलेजों में भी डायनेमिक करियर प्रोग्रेशन स्कीम को धरातल पर नहीं लाया जा रहा है। दूसरी तरफ रेगुलर डीपीसी भी नहीं की जा रही है। निराश डॉक्टर भी जिद पर अड़े हैं कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, वे विरोध करते रहेंगे। प्रदेश सरकार के लिए अब डॉक्टरों का नॉन प्रैक्टिस अलाउंस बंद करना गले की फांस बन गया है। हालांकि सरकार यह कह रही है कि यह नियम केवल नवनियुक्त डॉक्टरों पर ही लागू होगा, लेकिन डॉक्टर अपनी बिरादरी के लिए एक जैसी सुविधा चाह रहे हैं। वे सरकार के फैसले को अन्याय बताकर विरोध कर रहे हैं। दूरदराज से आने वाले मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि जनरल ओपीडी में मरीजों का सिर्फ चेकअप वगैरह ही हो रहा है और ऑपरेशनों के लिए मारामारी करनी पड़ रही है। सरकार और डॉक्टरों के बीच अगर गतिरोध इसी तरह बनता रहा तो आने वाले समय में आमजन के लिए और मुसीबतें पैदा हो जाएंगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनी राम शांडिल को एसोसिएशन को जल्द बात कर लेनी चाहिए तभी समस्या का समाधान होगा।

# अनंत हैं भगवान राम, राम कथा भी अनंत

**चीनी कथा के अनुसार 7,323 ईसा पूर्व राम का जन्म हुआ। चीनी रामायण को अनामकं जातकम और दशरथ कथानम ने नाम से जाना जाता है। इनमें रामायण के हर पात्र के नाम अलग हैं और चीन में रामकथा के मायने भी अलग हैं। अनामकं जातकम और दशरथ कथानम के अनुसार राजा दशरथ जंबू द्वीप के सम्राट थे और उनके पहले पुत्र का नाम लोमो था। जापान के एक लोकप्रिय कथा संग्रह होबुत्सुशू में संक्षिप्त रामकथा संकलित है। यह कथा वस्तुतः चीनी भाषा के अनामकं जातकम पर आधारित है, किंतु इन दोनों में अनेक अंतर भी हैं।**

**चीन के उत्तर-पश्चिम में स्थित मंगोलिया के लोगों को रामकथा की विस्तृत जानकारी है। वहां के लामाओं के निवास स्थल से वानर-पूजा की अनेक पुस्तकें और प्रतिमाएं मिली हैं। मंगोलिया में रामकथा से संबद्ध काष्ठचित्र और पांडुलिपियां भी उपलब्ध हुई हैं। दम्दिन सुरेन ने मंगोलियाई भाषा में लिखित चार रामकथाओं की खोज की है। इनमें राजा जीवक की कथा विशेष रूप से उल्लेखनीय है जिसकी पांडुलिपि लेलिनगार्द में सुरक्षित है। जीवक जातक की कथा का 18वीं शताब्दी में तिब्बती से मंगोलियाई भाषा में अनुवाद हुआ था।**

**तिब्बत में रामकथा को किंरस-पुंस-पा कहा जाता है। वहां के लोग प्राचीनकाल से वाल्मीकि रामायण की मुख्य कथा से सुपरिचित थे। तिब्बती रामायण की छ ह प्रतियां तुन-हुआंग नामक स्थल से प्राप्त हुई हैं।**



लेखक
पवन कुमार शर्मा
स्वतंत्र लेखक

**भगवान** राम को समर्पित दो मुख्य ग्रंथ लिखे गए, जिसमें एक महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण एवं दूसरा गोस्वामी तुलसीदास विरचित श्री रामचरित मानस। रामायण को महर्षि वाल्मीकि ने श्रीराम के काल में ही लिखा था, इसलिए इस ग्रंथ को सबसे प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है।

यह संस्कृत में लिखा गया ग्रंथ है। दूसरी ओर श्रीरामचरित मानस लिखने वाले गोस्वामी तुलसी दास जी का जन्म संवत 1554 में हुआ था। यह अवधी भाषा में लिखा गया। तमिल में कंबन रामायण, असमिया में असमी रामायण, ओडिया में विलंका रामायण, कन्नड़ में पंप रामायण, कश्मीर में कश्मीरी रामायण, बंगाली में रामायण पांचाली एवं मराठी में भावार्थ रामायण लिखी गई है।

### विश्व में सैकड़ों रामकथाएं

दुनियाभर में 300 से ज्यादा रामायण प्रचलित हैं। उनमें वाल्मीकि रामायण, श्रीरामचरित मानस, कंबन रामायण, अद्भुत रामायण, अध्यात्म रामायण और आनंद रामायण की चर्चा ज्यादा होती है। उक्त रामायण का अध्ययन करने पर हमें रामकथा से जुड़े कई नए तथ्यों की जानकारी मिलती है। ये सारी रामकथाएं कर्मकांड और पूजा-पद्धतियों पर आधारित इतिहास-कथाएं हैं। इसके अलावा दो से तीन हजार लोक कथाएं भी हैं, जो राम कथा से जुड़ी हुई हैं।

भारत के अलावा नौ दूसरे देश हैं, जहां किसी न किसी रूप में रामकथा सुनी और गाई जाती है। कम ही लोग जानते हैं कि अपनी डिक्शनरी के लिए मशहूर बेल्जियम के प्रो. कामिल बुल्के ने रामकथा पर सबसे गहन शोध किया है। इस पर उनकी एक किताब भी प्रकाशित है, रामकथा: उत्पत्ति और विकास। इस पुस्तक में उन्होंने दुनियाभर की रामकथाओं का विश्लेषण किया है।

नेपाल, लाओस, कंपूचिया, मलेशिया, कंबोडिया, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, भूटान, श्रीलंका, बाली, जावा, सुमात्रा और थाईलैंड आदि देशों की लोक-संस्कृति व ग्रंथों में आज भी श्रीराम जिंदा हैं। दुनियाभर में बिखरे शिलालेख, भित्तिचित्र, सिक्के, रामसेतु, अन्य पुरातात्विक अवशेष, प्राचीन भाषाओं के ग्रंथ आदि से राम के होने की पुष्टि होती है।

राम के काल में संपूर्ण भारत में राम पताका फहराई जाती थी। कंपूचिया की रामकेर्ति या रिआमकेर रामायण, लाओस फ्रलक-फ्रलाम (रामजातक), मलेशिया की हिकायत सेरीराम, थाईलैंड की रामकियेन और नेपाल में भानुभक्त कृत रामायण आदि प्रचलित हैं। इसके अलावा भी अन्य कई देशों में वहां की भाषा में रामायण लिखी गई हैं। इससे पता चलता है कि रामकथा और राम का प्रभाव संपूर्ण धरती पर था।

श्रीलंका के संस्कृत एवं पाली साहित्य का प्राचीनकाल से ही भारत से घनिष्ठ संबंध था। भारतीय महाकाव्यों की परंपरा पर आधारित 'जानकी हरण' के रचनाकार कुमार दास के संबंध में कहा जाता है कि वे महाकवि कालिदास के अनन्य मित्र थे। कुमार दास (512-21 ईस्वी) लंका के राजा थे। इसे पहले 700 ईसा पूर्व श्रीलंका में 'मलेराज की कथा' की कथा सिंहली भाषा में जन-जन में प्रचलित रही, जो राम के जीवन से जुड़ी है। बर्मा को पहले ब्रह्मादेश कहा जाता था। रामकथा पर आधारित बर्मा की प्राचीनतम गद्यकृति 'रामवत्थु' है। लाओस में रामकथा पर आधारित कई रचनाएं हैं, जिनमें मुख्य रूप से फ्रलक-फ्रलाम (रामजातक), ख्वाय थोरफी, पोम्मचक (ब्रह्म चक्र) और लंका नाई के नाम प्रमुख हैं।

संपूर्ण इंडोनेशिया और मलेशिया में पहले हिंदू धर्म के लोग रहते थे, लेकिन फिलीपींस के इस्लामीकरण के बाद वहां भी कत्लेआम हुआ। फिलीपींस की तरह वहां भी रामकथा को तोड़-मरोड़कर एक काल्पनिक कथा का रूप दिया गया। फिलिपींस की मारनव भाषा में संकलित विकृत रामकथा भी मिली, जिसका नाम 'मसलादिया लाबन' है। रामकथा पर आधारित इंडोनेशिया के जावा की प्राचीनतम कृति 'रामायण काकावीन' है। काकावीन की रचना कावी भाषा में हुई है। यह जावा की प्राचीन शास्त्रीय भाषा है।

मलेशिया का इस्लामीकरण 13वीं शताब्दी के आसपास हुआ। मलय रामायण की प्राचीनतम पांडुलिपि बोडलियन पुस्तकालय में 1633 ईस्वी में जमा की गई थी। मलेशिया में रामकथा पर आधारित एक विस्तृत रचना है 'हिकायत सेरीराम'। हिकायत सेरीराम विचित्रताओं का अजायबघर है। इसका आरंभ रावण की जन्म कथा से हुआ है। मलेशिया में मूलत: रावण के नाना का आधिपत्य था।

चीनी कथा के अनुसार 7,323 ईसा पूर्व राम का जन्म हुआ। चीनी रामायण को 'अनामकं जातकम' और 'दशरथ कथानम' ने नाम से जाना जाता है। इनमें रामायण के हर पात्र के नाम अलग हैं और चीन में रामकथा के मायने भी अलग हैं। 'अनामकं जातकं और 'दशरथ कथानं' के अनुसार राजा दशरथ जंबू द्वीप के सम्राट थे और उनके पहले पुत्र का नाम लोमो था। जापान के एक लोकप्रिय कथा संग्रह 'होबुत्सुशू' में संक्षिप्त



रामकथा संकलित है। यह कथा वस्तुत: चीनी भाषा के 'अनामकं जातकम' पर आधारित है, किंतु इन दोनों में अनेक अंतर भी हैं।

चीन के उत्तर-पश्चिम में स्थित मंगोलिया के लोगों को रामकथा की विस्तृत जानकारी है। वहां के लामाओं के निवास स्थल से वानर-पूजा की अनेक पुस्तकें और प्रतिमाएं मिली हैं।

मंगोलिया में रामकथा से संबद्ध काष्ठचित्र और पांडुलिपियां भी उपलब्ध हुई हैं। दम्दिन सुरेन ने मंगोलियाई भाषा में लिखित चार रामकथाओं की खोज की है। इनमें 'राजा जीवक की कथा' विशेष रूप से उल्लेखनीय है जिसकी पांडुलिपि लेलिनगार्द में सुरक्षित है। जीवक जातक की कथा का 18वीं शताब्दी में तिब्बती से मंगोलियाई भाषा में अनुवाद हुआ था।

तिब्बत में रामकथा को किंरस-पुंस-पा कहा जाता है। वहां के लोग प्राचीनकाल से वाल्मीकि रामायण की मुख्य कथा से सुपरिचित थे। तिब्बती रामायण की छह प्रतियां तुन-हुआंग नामक स्थल से प्राप्त हुई हैं। एशिया के पश्चिमोत्तर सीमा पर स्थित तुर्किस्तान के पूर्वी भाग को खोतान कहा जाता है, जिसकी भाषा खोतानी है। यहां खोतानी रामायण प्रचलित थी। पेरिस पांडुलिपि संग्रहालय में खोतानी रामायण मौजूद है।

### भारत के बाहर रामकथाएं

**नेपाल :** भानुभक्तकृत रामायण, सुंदरानंद रामायण, आदर्श राघव
कंबोडिया : रामकर
**तिब्बत :** तिब्बती रामायण
**पूर्वी तुर्किस्तान :** खोतानी रामायण
**इंडोनेशिया :** ककबिनरामायण
**जावा :** सेरतराम, सैरीराम, रामकेलिंग, पातानी रामकथा
**इंडो-चाइना :** रामकेर्ति (रामकीर्ति), खमैर रामायण
**म्यांमार ( बर्मा ) :** यूतोकी रामयागन

## आपकी कविता, आपकी आवाज

### प्रकृति ने खेला अपना दांव

*प्रकृति ने इंसान के बहुत जुल्म सहे*
*चीर कर उसका सीना कर*
*दिया मजबूर*
*प्रतिकार पर जब उतर आई प्रकृति*
*तो अब दर्द होगा तो जरूर*
*पहाड़ों ने कहा था जीने दो शांति से*
*मत करो हमारी अस्मत से खिलवाड़*
*पैसे के पीछे पागल हो गया है आदमी*
*मैदान बना दिया तहस-नहस*
*किए पहाड़*
*प्रकृति ने ऐसा खेला अपना दांव*
*उजाड़ दिए कई शहर कई गांव*
*उखाड़ कर ले गई बड़े-बड़े पेड़*
*जिनसे मिलती थी कभी ठंडी छांव*
*घर परिवार कई हो गए जमींदोज*
*किसी ने किया सजा किसी को मिली*
*तरक्की के नाम पर बिगाड़ा जो*
*पर्यावरण सजा तो मिलनी थी, उसी*
*की मिली*
*कुदरत तो पहले भी करती थी*
*अपना काम*
*पर्यावरण से नहीं करता था*
*कोई छेड़छाड़*
*छलनी कर दिया जब पहाड़ों का सीना*
*तभी तो कुदरत दे रही सबकुछ उजाड़*
*झुकना पड़ेगा आदमी को टिक*
*नहीं पाएगा*
*जो किया उसका परिणाम अब*
*सामने आएगा*
*मिट जाएगा तबाह हो जाएगा वह लड़ते-*
*लड़ते*
*कुदरत को जो थोड़ा भी आंख दिखाएगा*
*उफनती नदियां गरजते पहाड़*
*तू कुछ नहीं सकता इनको बिगाड़*
*यह मंजर और भी भयानक नजर आएगा*
*संभल जा तेरे साथ तेरी सल्तनत को बहा*
*कर ले जाएगा।*

कवि
रवींद्र कुमार शर्मा
घुमारवीं, जिला बिलासपुर (हिप्र)

## प्रेरक कथा



### बड़ा सोचो

**अत्यंत** गरीब परिवार का एक बेरोजगार युवक नौकरी की तलाश में किसी दूसरे शहर जाने के लिए रेलगाड़ी से सफर कर रहा था। घर में कभी-कभार ही सब्जी बनती थी, इसलिए उसने रास्ते में खाने के लिए सिर्फ रोटियां ही रखी थीं। आधा रास्ता गुजर जाने के बाद उसे भूख लगने लगी और वह टिफिन में से रोटियां निकाल कर खाने लगा। उसके खाने का तरीका कुछ अजीब था, वह रोटी का एक टुकड़ा लेता और उसे टिफिन के अंदर कुछ ऐसे डालता मानो रोटी के साथ कुछ और भी खा रहा हो, जबकि उसके पास तो सिर्फ रोटियां थीं। उसकी इस हरकत को आसपास के और दूसरे यात्री देख कर हैरान हो रहे थे। वह युवक हर बार रोटी का एक टुकड़ा लेता और झूठमूठ का हाथ टिफिन में डालता और खाता। सभी सोच रहे थे कि आखिर वह युवक ऐसा क्यों कर रहा था। आखिरकार एक व्यक्ति से रहा नहीं गया और उसने उससे पूछ ही लिया कि भैया तुम ऐसा क्यों कर रहे हो, तुम्हारे पास सब्जी तो है ही नहीं, फिर रोटी के टुकड़े को हर बार खाली टिफिन में डालकर ऐसे खा रहे हो मानों उसमें सब्जी हो। तब उस युवक ने जवाब दिया, भैया, इस खाली ढक्कन में सब्जी नहीं है लेकिन मैं अपने मन में यह सोच कर खा रहा हूं कि इसमें बहुत सारा अचार है, मैं अचार के साथ रोटी खा रहा हूं। फिर व्यक्ति ने पूछा, खाली ढक्कन में अचार सोच कर सूखी रोटी को खा रहे हो तो क्या तुम्हें अचार का स्वाद आ रहा है? हां, बिलकुल आ रहा है, मैं रोटी के साथ अचार सोचकर खा रहा हूं और मुझे बहुत अच्छा भी लग रहा है, युवक ने जवाब दिया। उसकी इस बात को आसपास के यात्रियों ने भी सुना और उन्ही में से एक व्यक्ति बोला, जब सोचना ही था तो तुम अचार की जगह पर मटर-पनीर सोचते, शाही गोभी सोचते, तुम्हें इनका स्वाद मिल जाता। तुम्हारे कहने के मुताबिक तुमने अचार सोचा तो अचार का स्वाद आया तो और स्वादिष्ट चीजों के बारे में सोचते तो उनका स्वाद आता। सोचना ही था तो भला छोटा क्यों सोचा, तुम्हें तो बड़ा सोचना चाहिए था।

# ईश्वर की चक्की में पिस जाते हैं पाप और पापी

**इंसानियत** अपनाओ और हैवानियत छोड़ दीजिए। मुंशी प्रेमचंद ने कहा था कि जहां 100 में से 80 लोग भूखे मरते हों, वहां शराब पीना गरीबों के खून पीने के बराबर है। भूखे को यदि रोटी दे दी जाए तो भूखे की आत्मा की तृप्ति देखकर जो आनंद प्राप्त होगा, वह सच्चा सुख है। आज प्रकृति से छेड़छाड़ हो रही है। प्रकृति के बिना मानव प्रगति नहीं कर सकता। प्रकृति एक ऐसी देवी है, जो भेदभाव नहीं करती, प्रत्येक मानव को बराबर धूप व हवा दे रही है। मानव कृतघ्न बनता जा रहा है। मंदिरों में दुष्कर्म हो रहे हैं। आज मानव स्वार्थ की पट्टी के कारण अंधा होता जा रहा है। गाय पर अत्याचार हो रहा है।

मानवीय मूल्यों का पतन होता जा रहा है। नफरत को छोड़ देना चाहिए। प्रत्येक मनुष्य की सहायता करनी चाहिए। भगवान के पास हर चीज का लेखा-जोखा है। ईश्वर की चक्की जब चलती है, तो वह पाप व पापी को पीस कर रख देती है। मानव सेवा ही नारायण सेवा है, यह अटल सत्य है। भगवान व श्मशान को हर रोज याद करना चाहिए। किसी को दुखी नहीं करना चाहिए। अल्लाह की लाठी जब पड़ती है, तो उसकी आवाज नहीं होती। ईश्वर इस धरा के कण-कण में विद्यमान हैं। इंसानियत व मानवता सबसे बड़ा धर्म है। कहते हैं दुनिया में कोई ऐसी शक्ति नहीं है जो इंसान को गिरा सके। इंसान, इंसान द्वारा ही गिराया जाता है।

दुनिया में ऐसा नहीं है कि सभी लोग बुरे हैं, इस जगत में अच्छे-बुरे लोगों का संतुलन है। आज संस्कारों का चीरहरण हो रहा है, खूनी रिश्ते खून बहा रहे हैं। संस्कृति का विनाश हो रहा है। दया, धर्म,



लेखक
नरेंद्र भारती
स्वतंत्र पत्रकार

ईमान का नामोनिशान मिट चुका है। इंसान खुदगर्ज बनता जा रहा है। दुनिया में लोगों की सोच बदलती जा रही है। निजी स्वार्थों के लिए कई जघन्य अपराध हो रहे हैं। बुराई का सर्वत्र बोलबाला हो रहा है। आज ईमानदारों को मुख्यधारा से हाशिए पर धकेला जा रहा है। गिरगिटों व बेईमानों को गले से लगाया जा रहा है।

विडंवना देखिए कि आज इंसान रिश्तों को कलंकित कर रहा है। भाई-भाई के खून का प्यासा है, जमीन जायदाद के लिए मां-बाप को मौत के घाट उतारा जा रहा है। आज माता-पिता का बंटवारा हो रहा है। आज बुजुर्गदाने- दाने को मोहताज हैं। कलयुगी श्रवणों का बोलबाला है। आज संतानें मां-बाप को वृद्ध आश्रमों में भेज रही हैं। शायद ये बुजुर्गों का दुर्भाग्य है कि जिन बच्चों की खातिर भूखे प्यासे रहे, पेट काटकर जिन्हें सफलता दिलवाई, आज वही संतानें घातक सिद्ध हो रही हैं। मां-बाप 10 बच्चों को पाल सकते हैं, लेकिन 10 बच्चे मां-बाप का बंटवारा कर रहे हैं। सालभर उन्हें महीनों में बांटा जाता है। वर्तमान परिवेश में ऐसे हालात देखने को मिल रहे हैं। बेशक ईश्वर ने संसार में करोड़ों जीव-जंतु बनाए, लेकिन इंसान सबसे अहम कृति बनाई, लेकिन ईश्वर की यह कृति पथ भ्रष्ट हो रही है। आज सड़कों पर आदमी तड़फ-तड़फ कर मर रहा है।

इंसान पशु से भी बदतर होता जा रहा है क्योंकि यदि पशु को एक जगह खूंटे से बांध दिया जाए, तो वह अपने आप को उसी अवस्था में ढाल लेता है, जबकि मानव परिस्थितियों के मुताबिक गिरगिट की तरह रंग बदलता है। आज पैसे का बोलबाला है। ईमानदारी कराह रही है। अच्छाई बिलख रही है। भाईचारा, सहयोग, मदद एक अंधेरे कमरे में सिमट गए हैं। आत्मा सिसक रही है।

वर्तमान में अच्छे व संस्कारवान मनुष्य की कोई गिनती नहीं है। चोर-उच्चकों, गुंडे, मवालिओं का आदर सत्कार किया जाता है। आज हंस भीड़ में खोते जा रहे हैं, कौओं को मंच मिल रहा है। हजारों कंस पैदा हो रहे हैं एक कृष्ण कुछ नहीं कर सकता। आज कतरे भी खुद को दरिया समझने लगे हैं, लेकिन समुद्र का अपना आस्तित्व है। मानव आज दानव बनता जा रहा है। संवेदनाएं दम तोड़ रही हैं। मानव आज लापरवाही से जंगलों में आग लगा रहा है, उस आग में हजारों जीव-जंतु जलकर राख हो रहे हैं। जंगली जानवर शहरों की ओर भाग रहे हैं, जबकि सदियां गवाह हैं कि शहरों व आबादी वाले इलाकों में कभी नहीं आते थे, मगर जब मानव ने जानवरों का भोजन खत्म कर दिया, जीव-जंतुओं को काट खाया तो जंगली जानवर भूख मिटाने के लिए आबादी का ही रुख करेंगे, नरभक्षी बनेंगे। आज संवेदनशीलता खत्म होती जा रही है। आज मानव मशीन बन गया है निजी स्वार्थों के आगे अंधा हो चुका है। अपने ऐशो-आराम में मस्त है। दुनिया से कोई लेना-देना नहीं है। संस्कारों का जनाजा निकाला जा रहा है। मर्यादाएं भंग हो रही हैं। मानव सेवा परम धर्म है। आज लोग भूखे प्यासे मर रहे हैं। दो जून की रोटी के लिए तरस रहे हैं। भुखमरी इतनी है कि शहरों में आदमी व कुत्ते लोगों की फेंकी हुई जूठन तक एक साथ खाते हैं। आज मानव भगवान को न मानकर मानव निर्मित तथाकथित भगवानों को मान रहा है। आज मानव इतना गिर चुका है कि रिश्ते नाते भूल चुका है।

रिश्तों में संक्रमण बढ़ता जा रहा है। मानव धरती के लिए खून कर रहा है। कई पीढ़ियां गुजर गईं, मगर आज तक न तो धरती किसी के साथ गई न जाएगी। फिर यह नफरत व दंगा फसाद क्यों हो रहा है। मानव, मानव से भेदभाव कर रहा है। ऊंच-नीच का तांडव हो रहा है। खून का रंग एक है, फिर भी यह भेदभाव क्यों। यह बहुत गहरी खाई है, इसे पाटना सबसे बड़ा धर्म है। आज लोग बिलासिता पर हजारों-लाखों रुपए पानी की तरह बहा देते हैं, मगर किसी भूखे को एक रोटी नहीं खिला सकते। शराब पर पैसा उड़ा रहे हैं। अनैतिक कार्यों से पैसा कमा रहे हैं। पैसा पीर हो गया है। मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है।

# कोहरा : हवाई और रेल यात्रा की आखिर कब ली जाएगी सुध?

**आमजन** की यात्रा सुविधा के नाम पर संचालित सरकारी सेवाएं बेहद गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार कर रही हैं। चाहे हवाई यात्रा हो या रेल, हर रोज करोड़ों लोग परेशान हो रहे हैं। इनमें वे भी हैं, जिन्हें हर हालत में अपनी नियत तिथि पर वांछित गंतव्य पर पहुंचना होता है और वे भी जिन्हें दो कनेक्टिविटी के सहारे यात्रा पूरी करनी पड़ती है। भारत में सही समय पर यात्रा पूरी होने की न तो किसी की गारंटी है और न ही कोई इस बदहाली को चुनौती ही दे सकता है।

हर रोज पूरे देश में बड़ी संख्या में हवाई और रेल सेवाएं लेटलतीफी का शिकार हो रही हैं। इसके जवाब में प्री रिकॉर्डेड चार शब्द 'असुविधा के लिए खेद है' काफी हैं। इन दिनों तो घने कोहरे के चलते स्थिति और भी बदतर है। देश में औसतन अढ़ाई से तीन हजार फ्लाइट्स रोजाना लगभग 4,56,000 यात्रियों को मुकाम तक पहुंचाती हैं। वहीं, आठ अक्तूबर 2023 का एक आंकड़ा बताता है कि रेलवे रोजाना 22,593 ट्रेनें चलाता है जिनमें 13,452 यात्री ट्रेनों से औसतन 2.40 करोड़ यात्री सफर करते हैं, बाकी 9141 मालगाड़ियां हैं। बसों और निजी वाहनों से सफर करने वालों की संख्या जोड़ दें तो ये कई गुना बढ़ जाएगी।

कोहरे से हालात ऐसे हैं कि कई-कई दिन सूर्यदेव दर्शन नहीं देते। ऐसे क्या टेक ऑफ, क्या लैंड सभी उड़ानों को रद्द, री-शेड्यूल या डायवर्ट करना पड़ता है। पूरे देश का यही हाल है। अभी दो दिन पहले 13 जनवरी को घने कोहरे के चलते मुंबई-गुवाहाटी उड़ान को बांग्लादेश के ढाका में इमरजेंसी लैंडिंग खातिर मजबूर होना पड़ा। इसमें फंसे यात्री बिना पासपोर्ट के अंतरराष्ट्रीय सीमा तो पार कर गए लेकिन कई घंटे हवाई जहाज में बैठे रहे। विदेशी धरती पर कैसे उतरते?

कोहरे की मार से हमारे सभी हवाई अड्डे प्रभावित हैं। ऐसे में महंगी और सही वक्त पर पहुंचने के खातिर हवाई यात्राओं के भी कोई मायने नहीं। कमोबेश इससे भी बदतर हालत यात्री ट्रेनों की है। कोहरे की मार से रोजाना आधे से ज्यादा रेल यात्री परेशान होते हैं। जहां कोरोना के चलते रद्द कई ट्रेनें शुरू नहीं हो पाईं, वहीं जो चलीं वे भी कई तरह के सुधार और सुविधाओं के नाम पर रद्द, लेट या री-शेड्यूल हो रही हैं। आिखर हवाई और रेल यात्रियों की सुध लेगा कौन? उनकी परिस्थिति और मानसिक स्थिति को कौन समझेगा? आगे की यात्रा के लिए दो-तीन घंटे की मार्जिन रख, कनेक्टिंग फ्लाइट्स या ट्रेन की कंफर्म टिकट लेकर महीनों पहले अपना कार्यक्रम तय कर चुके लोग ऐन वक्त पर चार शब्दों के जवाब 'असुविधा के लिए खेद है' से निपटा दिए जाते हैं।

सवाल यह कि तकनीक के इस दौर में जहां हम चंद्रयान और सूर्य के रहस्य के लिए अनजाने अंतरिक्ष में अपने यान सफलतापूर्वक भेज देते हैं लेकिन अपनी धरती, अपने आसमान के बीच का धुंधलका दूर करने के जतन में हर साल सैकड़ों करोड़ बर्बाद करने के बाद भी कुछ हासिल नहीं कर पा रहे हैं?



ब्लॉगर
लेखक
ऋतुपर्ण दवे
(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

## आपका पत्र

**यातायात** नियमों का पालन जरूर करें। नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी और सही-सलामत भी रहेंगे। सुरक्षित यात्रा के लिए आवश्यक है कि हम यातायात नियमों का पालन करें। वाहन को निर्धारित गति सीमा के अंदर ही चलाएं। स्कूटर-बाइक पर चलते समय हेल्मेट अवश्य पहनें।

वहीं, फोर व्हीलर वाहनों को चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें। यातायात संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन करने से खुद भी सुरक्षित रहेंगे और दूसरे भी। स्वयं व परिवार की सुरक्षा के साथ औरों की सुरक्षा का भी ख्याल रखना जरूरी है। जुर्माने के डर से नियमों का पालन करने की बजाए कर्तव्य समझकर पालन करने की आदत डालें, न सिर्फ स्वयं यातायात नियमों का पालन करें, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। यातायात नियम हमारी सुरक्षा के लिए हैं और हमें इन्हें जिम्मेदारी से अपनाना चाहिए। एक रिपोर्ट के अनुसार हर साल सड़क हादसों में मौत टू-व्हीलर पर सवार बिना हेल्मेट वाले लोगों की होती है। ज्यादातर लोग हेल्मेट नहीं पहनते और पहनते भी हैं तो वे पुलिस की कार्रवाई और जुर्माने से बचने के लिए, लेकिन लोगों की यह सोच सही नहीं है। हेल्मेट से हमारी सुरक्षा है। यह सोचकर हेल्मेट पहनकर सड़क पर निकलना चाहिए। – **दिनेश, बिलासपुर।**

## आपकी डायरी

चुनाव से जुड़ी
रोजी रोटी, कुर्सी,
हिंसा दंगे फसाद
और आगजनी,,,,!
चुनावकरता खोखला
देश को, खड़ी होती
समस्याएं , सत्ता आती
अपराधी कर्णधारों की,,,,,!



डॉ. कमल के प्यासा।

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098



# कारनामा : जोश हेजलवुड ने 11वीं बार चटकाए 5 विकेट

## ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट में तीन दिन के भीतर दी शिकस्त

**एजेंसी, एडीलेड**

**जोश** हेजलवुड ने एक टेस्ट पारी के पांच विकेट लेने का कारनामा 11वीं बार किया, जिसकी मदद से ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट के तीसरे ही दिन लंच से पहले दस विकेट से हरा दिया।

ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज को 13वें ओवर में 120 रन पर आउट कर दिया, जिससे उसे 26 रन का लक्ष्य मिला। स्टीव स्मिथ (11) और उस्मान ख्वाजा (नौ) ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। ख्वाजा हालांकि उस समय बाउंसर लगने से रिटायर्ड हर्ट हो गए, जब ऑस्ट्रेलिया को एक ही रन चाहिए था। मार्नस लाबुशेन ने दो गेंद बाद विजयी रन बनाए।

हेजलवुड कल ही 18 रन देकर चार विकेट ले चुके थे, जिसकी वजह से ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के छह विकेट 73 रन पर निकाल दिए थे। इससे पहले वेस्टइंडीज के 188 रन के जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 283 रन बनाए थे।

तीसरे दिन मिचेल स्टार्क ने जोशुआ डा सिल्वा (18) और अलजारी जोसेफ (16) को आउट किया, जबकि हेजलवुड ने गुडाकेश मोती ( तीन ) को पवेलियन भेजा।

वेस्टइंडीज के नौ विकेट 94 रन पर गिर गए थे और उसे पारी की हार से बचने के लिए एक रन की जरूरत थी। ऐसे में शामार जोसेफ और केमार रोच ने आखिरी विकेट के लिए 26 रन जोड़कर टीम को इस शर्मिंदगी से बचाया।

## न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया

### मिचेल और फिलिप्स के नाबाद अर्धशतक, सीरीज में बनाई 4-0 की बढ़त



**हैग्ली ओवल ( क्राइस्टचर्च )**

**न्यूजीलैंड** ने पाकिस्तान के खिलाफ चौथा टी-20 भी एकतरफा अंदाज में जीत लिया। क्राइस्टचर्च में शुक्रवार को टीम ने 7 विकेट से मैच जीतकर 5 टी-20 की सीरीज में 4-0 की अजेय बढ़त बना ली। कीवी टीम के डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स ने नाबाद अर्धशतक लगाए।

पाकिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 158 रन बनाए। टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने 18.1 ओवर में 3 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली।

मिचेल और फिलिप्स के बीच चौथे विकेट के लिए 139 रन की साझेदारी हुई। यह न्यूजीलैंड के लिए टी-20 की इस विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है।

न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया। पहले बैटिंग करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। साईम अयूब 5 रन के स्कोर पर आउट हो गए। बाबर आजम 19 रन और फखर जमान ने 9 रन की पारी खेली, जबकि इफ्तिखार अहमद ने 10 रन बनाए। मोहम्मद रिजवान ने टीम के लिए सबसे ज्यादा नाबाद 90 रन की पारी खेली। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्यूसन ने 2-2, एडम मिल्ने ने एक विकेट लिया।

पिछले मैच में शतक लगाने वाले फिल एलन दो चौके लगाकर पहले ही ओवर में अफरीदी का शिकार हो गए। उसी ओवर में टिम सायफर्ट गोल्डन डक हुए। विल यंग भी सिर्फ 4 रन बना पाए। 20 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद मिचेल और फिलिप्स ने 44 गेंद पर नाबाद 72, जबकि फिलिप्स ने 52 गेंद पर 70 रनों की पारी खेलकर जीत दिलाई। पाकिस्तान की तरफ से सभी तीन विकेट कप्तान शाहीन शाह अफरीदी ने लिए।

## श्रीलंका ने 9 विकेट से जीता तीसरा टी-20

- जिम्बाब्वे 82 रन पर हुई ऑलआउट
- कप्तान वनिंदु हसरंगा ने झटके 4 विकेट
- सीरीज 2-1 से श्रीलंका ने की अपने नाम



**कोलंबो।** श्रीलंका ने जिम्बाब्वे को तीसरे टी-20 में 9 विकेट से हरा दिया। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में पहले बैटिंग करते हुए जिम्बाब्वे 82 रन ही बना सका। श्रीलंका से कप्तान वनिंदु हसरंगा ने 4 विकेट लिए। 83 रन का टारगेट श्रीलंका ने 10.5 ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। तीसरे टी-20 में जीत के साथ श्रीलंका ने टी-20 सीरीज भी 2-1 से अपने नाम कर ली। सीरीज का दूसरा मुकाबला जिम्बाब्वे और पहला श्रीलंका ने जीता था। वनडे सीरीज भी 2-0 से श्रीलंका के ही नाम रही थी। श्रीलंका को ओपनर्स ने तेज शुरुआत दिलाई। टीम ने 6 ओवर में बगैर नुकसान के 50 रन बना लिए। कुसल मेंडिस 33 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद निसांका 39 और धनंजय 15 रन बनाकर नॉटआउट रहे।

### चेन्नई में खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2023 का पीएम मोदी ने किया शुभारंभ

## यूथ गेम्स के एथलीट ओलंपिक में भी लहराएंगे परचम : अनुराग ठाकुर



चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 की शुरुआत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अनुराग ठाकुर व अन्य।

**एजेंसी, चेन्नई**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने आज चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 की शुरुआत की। यह खेल 19 जनवरी से 31 जनवरी तक चलेंगे। इस दौरान केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन और केंद्रीय युवा एवं खेल मामलों एवं गृह राज्य मंत्री श्री निशित प्रमाणिक भी मौजूद थे। यह पहली बार है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन दक्षिण भारत में हो रहा है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के इस छठे संस्करण में 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 5630 से अधिक युवा एथलीट 26 खेल विधाओं में अपना दमखम दिखाएंगे। यह खेल पूरे तमिलनाडु में चार स्थानों पर चेन्नई, कोयंबटूर, मदुरई और त्रिचि में आयोजित किए जाएंगे।

अनुराग ठाकुर ने बताया कि कैसे 2016 में शुरू किया गया खेलो इंडिया आज एक देशव्यापी आंदोलन बनकर भारतीय खेलो के लिए एक गेम चेंजर साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि आज खेलो इंडिया जमीनी स्तर की प्रतिभा को तरास कर उन्हें ओलंपिक में मेडल जीतने लायक बन रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की ही दृष्टि और मजबूत नेतृत्व का परिणाम है कि आज हमारा भारत ओलंपिक, पैरालंपिक, एशियाई, पारा एशियाई और कॉमनवेल्थ खेल सहित सभी प्रतिस्पर्धाओं में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने 2030 में यूथ ओलंपिक और 2036 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। सरकार अपनी तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ रही है, इसलिए अब आप सभी युवा एथलीटों की भी जिम्मेदारी है कि मशाल उठाएं और भारत का परचम लहराएं।

### रणजी ट्रॉफी

## दुबे के आक्रामक अर्धशतक के बावजूद मुंबई 251 पर आउट

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम**

**भारतीय** हरफनमौला शिवम दुबे ने अपना शानदार फॉर्म घरेलू सर्किट में भी जारी रखते हुए आक्रामक अर्धशतक जमाया, लेकिन श्रेयस गोपाल के चार विकेट के दम पर केरल ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी के मैच में मुंबई को 251 रन पर आउट कर दिया। दुबे ने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के समेत 72 गेंद में 51 रन बनाए। उनके अलावा भूपेन लालवानी (63 गेंद में 50 रन) और तनुष कोटियां (105 गेंद में 56 रन) ने भी अर्धशतक जमाए। लालवानी और दुबे मुंबई को 200 रन के पार ले गए, जबकि कोटियां ने 250 के पार पहुंचाया।

कोलकाता में अनुभवी अनुस्तूप मजूमदार के नाबाद 55 रन और पांचवें विकेट के लिए अभिषेक पोरेल (नाबाद 47) के साथ 79 रन की अटूट साझेदारी के दम पर बंगाल ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ चार विकेट पर 206 रन बना लिए।

डिब्रूगढ़ में असम ने आंध्र को 188 रन पर आउट कर दिया और पहली पारी में बिना किसी नुकसान के 43 रन बना लिए। आंध्र के लिए शोएब मोहम्मद खान ने 63 और नीतिश कुमार रेड्डी ने 49 रन बनाए। आंध्र के सात विकेट 70 रन पर गिर गए थे, जिसके बाद इन दोनों ने सातवें विकेट के लिए 113 रन जोड़े।

असम के लिए राहुल सिंह ने 46 रन देकर छह विकेट लिए, जबकि मुख्तार हुसैन और आकाश सेन गुप्ता को दो-दो विकेट मिले।

ग्रुप बी का चौथा मैच मेरठ में उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच हो रहा है, लेकिन खराब मौसम के कारण पहले दिन का खेल नहीं हो सका।

## जगदीशन के नाबाद 155 रन, तमिलनाडु के 5 विकेट पर 286 रन

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु ने सलामी बल्लेबाज एन जगदीशन के नाबाद 155 रन की बदौलत शुक्रवार को रेलवे के खिलाफ रणजी ट्राफी ग्रुप सी मैच में स्टंप तक पांच विकेट गंवाकर 286 रन बनाए।

मैसूर में ग्रुप सी के एक अन्य मैच में गोवा ने स्नेहल कौथांकर की 83 रन की सयंमित पारी से कर्नाटक के खिलाफ स्टंप तक आठ विकेट गंवाकर 228 रन बना लिए।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने वाली गोवा ने 45 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे। पिछले मैच में 197 रन की पारी खेलने वाले सलामी बल्लेबाज सूयश प्रभुदेसाई 27 रन पर आउट हो गये।

चंडीगढ़ में चंडीगढ़ बनाम गुजरात और मोहाली में पंजाब बनाम त्रिपुरा ग्रुप सी के दो अन्य मैच खराब रोशनी के कारण शुरू नहीं हो सके।

## सौराष्ट्र के खिलाफ चरमराया विदर्भ का बल्लेबाजी क्रम

**एजेंसी, नागपुर**

उमेश यादव के चार विकेट के दम पर सौराष्ट्र को पहली पारी में 206 रन पर समेटने के बावजूद विदर्भ के बल्लेबाज इसका फायदा नहीं उठा सके और रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मैच के पहले दिन उसकी शुरूआत बेहद खराब रही। उमेश ने 56 रन देकर चार विकेट लिए जिसके दम पर विदर्भ ने सौराष्ट्र को 206 रन पर समेट दिया। जवाब में विदर्भ के चार विकेट 26 रन पर निकल गए और अभी भी वह 180 रन से पीछे है। सौराष्ट्र के लिए सलामी बल्लेबाज हार्विक देसाई ने 95 गेंद में 68 और अनुभवी चेतेश्वर पुजारा ने 105 गेंद में 43 रन बनाए।

जोधपुर में राजस्थान ने महाराष्ट्र को 189 रन पर समेट दिया। स्पिनर अजय सिंह ने 75 रन देकर पांच विकेट लिए, जबकि अराफात खान ने तीन विकेट चटकाए। जवाब में राजस्थान ने दो विकेट पर 110 रन बना लिए थे।

अहमदाबाद में हरियाणा ने मणिपुर के खिलाफ तीन विकेट पर 391 रन बनाए। दिल्ली में झारखंड ने सेना के खिलाफ चार विकेट पर 65 रन बना लिए हैं।



### टेनिस टूर्नामेंट

### टूर्नामेंट के अपने 100वें मैच में एचेवेरी को दी शिकस्त, 16वीं बार चौथे राउंड में किया प्रवेश

## जोकोविच की ऑस्ट्रेलियन ओपन में 92वीं जीत

**एजेंसी, मेलबर्न**

**नोवाक** जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने 100वें मैच में शुक्रवार को सीधे सेटों में जीत दर्ज करके चौथे दौर में प्रवेश किया।

जोकोविच ने थॉमस मार्टिन एटचेवेरी को 6-3, 6-3, 7-6 (2) से हराया। यह वर्तमान टूर्नामेंट में पहला अवसर है, जबकि विश्व के नंबर एक खिलाड़ी ने सीधे सेटों में जीत दर्ज की। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच का ऑस्ट्रेलियाई ओपन में रिकॉर्ड 92-8 है। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 10 खिताब जीते हैं और शुक्रवार की जीत से उन्होंने मेलबर्न पार्क पर अपना विजय अभियान 31 मैच तक पहुंचा दिया है।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन में उनसे अधिक मैच केवल रोजर फेडरर (117) और सेरेना विलियम्स (115) ने खेले हैं। जोकोविच ने पहले दो मैच में एक-एक सेट गंवाया था। उनका अगला मुकाबला फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो से होगा,



जिन्होंने बेन शेल्टन को 7-6 (4), 1-6, 6-7 (2), 6-3, 6-4 से हराया। जोकोविच ने मैच के बाद कहा कि पहले दो दौर की तुलना में मैंने अच्छा प्रदर्शन किया और मुझे लगता है कि यह सकारात्मक बदलाव है। मैं अब बेहतर महसूस कर रहा हूं। यह सकारात्मक संकेत है, लेकिन मैं अब भी अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखा पा रहा हूं। पुरुष एकल के अन्य मैचों में पिछले साल के उपविजेता स्टेफानोस सितसिपास ने लुका वान एश को 6-3, 6-0, 6-4 और टेलर फ्रिट्ज ने फैबियन मोरोज़सन को 3-6, 6-4, 6-2, 6-2 से हराया।

विश्व में चौथे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए सेबेस्टियन बेज को 6-0, 6-1, 6-3 से पराजित किया।

## जापान से हारकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से चूकी महिला हॉकी टीम

**एजेंसी, रांची**

**भारतीय** महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से चूक गई, जिसे एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में तीसरे चौथे स्थान के मुकाबले में जापान ने 1-0 से हराया।

टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही भारतीय महिला हॉकी टीम की इस हार ने प्रशंसकों के दिल तोड़ दिए तो पेरिस में पदक की उम्मीद कर रहे थे। जापान के लिए काना उराता ने छठे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर



गोल किया। यह बढ़त आखिरी मिनट तक बनी रही, जबकि भारतीय टीम एक भी गोल नहीं कर सकी। भारत को मैच में नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन एक पर भी गोल नहीं हो सका। अमेरिका और जर्मनी फाइनल में पहुंचकर पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं।

### अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर अलर्ट

# बीएसएफ ने लांच किया ऑपरेशन 'सर्द हवा'

**एजेंसी, जैसलमेर**

भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर शुक्रवार से बीएसएफ हाई अलर्ट पर है। सरहद पर बीएसएफ का सबसे बड़ा ऑपरेशन शुरू हुआ है, जो 27 जनवरी तक चलेगा। इस ऑपरेशन को %सर्द हवा% नाम दिया गया है। राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा और 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को देखते हुए भारत-पाकिस्तान की सीमा पर चौकसी को बढ़ाया गया है ताकि सरहद पार से कोई भी परिंदा पर ना मार सके। इन 9 दिनों के ऑपरेशन के दौरान सीमा सुरक्षा बल के सभी अधिकारी और जवान तारबंदी पर मौजूद रहेंगे। इस दौरान सेना के जवान सरहद की रखवाली चौकस निगाहों से करेंगे। सर्दियों में घने कोहरे और धुंध का फायदा उठाकर किसी भी तरह की घुसपैठ को रोकने के लिए बीएसएफ बॉर्डर पर हाई अलर्ट पर है। गौरतलब है कि बीएसएफ पूरे साल सीमा की रखवाली बड़ी ही मुस्तैदी के साथ करती है। जवान हर मौसम और विपरीत परिस्थितियों में भी सरहद पर अलर्ट रहते हैं।


भारत-पाक बॉर्डर पर सरहद की रखवाली के लिए तैनात मुस्तैद जवान।

### सरहद पर जवान मुस्तैद

**घने** कोहरे और धुंध में घुसपैठ या तस्करी जैसी घटनाओं की संभावना रहती है, जिसको रोकने के लिए सीमा सुरक्षा बल 24 घंटे तारबंदी के पास चौकस निगाहों से रखवाली करती है। ऑपरेशन सर्द हवा के दौरान सेक्टर हेडक्वार्टर के सभी अधिकारी और जवान सीमा पर मौजूद रहेंगे। 27 जनवरी तक बॉर्डर पर तारबंदी के नजदीक जवानों के साथ उनकी हौसला अफजाई करने अधिकारी भी तैनात रहेंगे। दरअसल, 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और गणतंत्र दिवस को लेकर बीएसएफ अलर्ट मोड पर रहेगी। इन दिनों सीमांत इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सर्दी के मौसम में देर रात से सुबह तक धुंध भी छा जाती है। इस धुंध का फायदा उठाकर कोई घुसपैठ न हो, इसके लिए बीएसएफ की ओर से ऑपरेशन अलर्ट के तहत सजग रहते हुए कड़ी निगरानी की जाती है।

# प्राण प्रतिष्ठा : मुख्यमंत्री योगी पहुंचे अयोध्या रामलला और हनुमानगढ़ी के किए दर्शन

**एजेंसी, अयोध्या**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी के दर्शन-पूजन किए। संकट मोचन हनुमान के दर्शन कर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुखी-स्वस्थ उत्तर प्रदेश की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने रामलला के दर्शन, आरती व परिक्रमा की।

महज तीन दिन बाद रामलला अपने भव्य-दिव्य मंदिर में विराजमान होंगे। ऐसे में मुख्यमंत्री ने यहां की सभी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।



### 11 दिन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनगरी का किया तीसरा दौरा

### प्राण-प्रतिष्ठा से जुड़ी तैयारियों की ली जानकारी

शुक्रवार सुबह रामनगरी पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। 11 दिन के भीतर (9 जनवरी, 14 जनवरी और 19 जनवरी) सीएम का रामनगरी का यह तीसरा दौरा है। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों से प्राण-प्रतिष्ठा से जुड़ी तैयारियों के संदर्भ में भी जानकारी ली।

### रामलला के चरणों में लगाई हाजिरी

हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। यहां उन्होंने संतों-महंतों से भी हालचाल जाना। यहां ट्रस्ट से जुड़े लोगों ने मुख्यमंत्री को प्राण-प्रतिष्ठा से जुड़ी जानकारी दी। दर्शन-पूजन के दौरान काबीना व प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, डॉ. अमित सिंह चौहान, रामचंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल में हुआ गठबंधन

## लोकसभा चुनाव के लिए अखिलेश यादव ने जयंत चौधरी को दी सात सीटें

**एजेंसी, लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी (सपा) और राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) में गठबंधन हो गया है। दोनों दलों के बीच सीटों को लेकर सहमति बन गई है। ज्यादातर पश्चिमी यूपी की सीटों पर आरएलडी के साथ सहमति बनी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और आरएलडी अध्यक्ष जयंत चौधरी के बीच बातचीत के बाद सहमति हो गई है।

समाजवादी पार्टी ने ऐलान किया है कि राष्ट्रीय लोकदल के साथ उनका गठबंधन लोकसभा चुनाव में भी बरकरार रहेगा। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए लिखा, राष्ट्रीय लोक दल और सपा के गठबंधन की सभी को बधाई! जीत के लिए सभी एकजुट हो जाएं!



रालोद के प्रवक्ता ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से बातचीत में कहा कि दोनों दलों के बीच सीट शेयरिंग पर डील फाइनल हो गई है।

रालोद वेस्ट यूपी में सात सीटों पर चुनाव लड़ेगी। अंबुज पटेल ने कहा कि बीजेपी द्वारा जो साजिश चल रही थी, उसे आज विराम दे दिया गया है। समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल दोनों का उत्तर प्रदेश में कांग्रेस से ज्यादा आधार है। ऐसे में 80 लोकसभा सीटों वाले इस राज्य में दोनों दल अपने लिए समुचित जगह चाहते हैं और सहयोगियों को बराबर सीट देने के पक्ष में नहीं है। दूसरी तरफ बुधवार 17 जनवरी 2024 को कांग्रेस और सपा के बीच अहम बैठक हुई।

### बिहार : हम नीतीश कुमार के नेतृत्व में मिलकर चुनाव लड़ेंगे : तेजस्वी यादव

**पटना।** बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने विपक्षी गठबंधन की सीट शेयरिंग के सवाल पर पत्रकारों से बातचीत में कहा, बीजेपी कितनी सीट पर चुनाव लड़ रही है। एनडीए में क्या सीट शेयरिंग तय हो गया है। आपकी चिंता यहां क्यों होती है, वहां क्यों नहीं होती है। हमारे बीच की बात है। उन्होंने कहा हम लोग सब सम्मानजनक सीटों पर लड़ेंगे। जदयू जहां लड़ रही है, वहां आरजेडी भी लड़ रही है। जदयू हमारे साथ है, हम जदयू के साथ हैं। यह चुनाव महागठबंधन चुनाव लड़ेगा। पार्टी चुनाव नहीं लड़ेगी। नीतीश जी के नेतृत्व में हम काम कर रहे हैं।



### अमेरिका में भी हो रहा है अयोध्याधाम में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह का इंतजार

**वाशिंगटन।** भारत के अयोध्याधाम में श्रीराम जन्मभूमि पर नवनिर्मित दिव्य और भव्य 'राम मंदिर' में 22 जनवरी को होने वाले प्रभु की बालस्वरूप मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को अमेरिका में रह रहे भारतीयों को भी इंतजार है। जैसे-जैसे प्रभु राम के जन्मभूमि में विराजने की घड़ी नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे सात समंदर पार रहे भरतवंशियों की आंखों में सदियों से पल रहा सपना कौंध रहा है। कोई मोहल्लों में लड्डू बांटने की तैयारी कर रहा है। कोई कार रैली तो कोई बाइक रैली निकालकर इस पल को ऐतिहासिक बनाने में जुटा है। उत्तरी लॉस एंजेलिस और सैन फ्रांसिस्को तो पूरी तरह राममय हो गए हैं। एक्स हैंडल पर सैन फ्रांसिस्को के एक यूजर श्याम कृष्ण ने कार रैली निकालने की तैयारी का फोटो साझा किया है। कार को भारतीय तिरंगे के साथ भगवा ध्वजों से पाट दिया गया है। इससे तो ऐसा लग रहा है जैसे सैन फ्रांसिस्को में प्राण प्रतिष्ठा समारोह होने वाला है। और उसकी तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्याम कृष्ण ने लिखा है-ऐतिहासिक राम मंदिर उद्घाटन का जश्न मनाने के लिए सैन फ्रांसिस्को में कार रैली में शामिल होने के लिए वह पूरी तरह तैयार हैं। भगवान राम केवल भारत के ही आराध्य नहीं हैं। वे न्याय और सत्य में विश्वास रखने वाले सभी लोगों के हैं।



# नासिक के कालाराम मंदिर में श्री राम ने बिताया था वनवास का अधिकांश समय

**एजेंसी, नासिक**

नासिक में कालाराम मंदिर एक प्राचीन मंदिर है जो भगवान श्री राम, लक्ष्मण और माता सीता को समर्पित है। यह नासिक पंचवटी के पास स्थित है। बता दें कि इस मंदिर का निर्माण 1782 में हुआ था। ये मंदिर पहले लकड़ी का बना हुआ था और निर्माण में पूरे 12 साल का समय लगा था।

इस मंदिर के चारों तरह 17 फुट ऊंची दीवारें हैं और पूरा मंदिर परिसर 245 फीट लंबा और 105 फीट चौड़ा है। यह मंदिर प्रभु श्री राम के सबसे सुंदर मंदिरों में से एक है। माना जाता है कि वनवास के दौरान प्रभु श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण के साथ पंचवटी में अपना अधिकांश समय बिताया था। इस जगह की काफी सारी पौराणिक कथाएं हैं। धार्मिक कथाओं के मुताबिक, जब प्रभु श्री राम वनवास के दौरान पंचवटी में रुके थे तब ऋषि मुनियों ने उनसे यह प्रार्थना की थी कि वह उन्हें राक्षसों के प्रकोप से मुक्ति दिला दें। श्री राम ने उनकी प्रार्थना स्वीकार की और काला रूप धारण कर राक्षसों के प्रकोप से ऋषि मुनियों को मुक्ति दिलाई थी। कालाराम मंदिर में श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण जी की खड़ी मुद्रा में मूर्ति मौजूद है जो काले पत्थर से बनाई गई है।





## वर्ल्ड न्यूज

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में पुलिस ने चुराचांदपुर जिले से एक राइफल और एक खाली मैगजीन बरामद की गई, जबकि काकचिंग जिले से तीन 51 मिमी-मोर्टार जीवित गोले, चार 36 एचई ग्रेनेड, एक चीनी ग्रेनेड, एक हरे रंग का धुआं ग्रेनेड और एक 51 मोर्टार कवर बरामद किया गया। भारत-म्यांमार सीमा पर स्थित मोरेह और अन्य निकटवर्ती जिलों में सुरक्षा बल छापेमारी अभियान चला रहे हैं।

### डोनाल्ड ट्रंप को मतदान से हटाने की कोशिश से फैलेगी अराजकता

**वॉशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वकीलों ने चेतावनी दी है कि अगर राज्य इस साल के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप को खड़ा होने से रोकते हैं, तो अमेरिका में अराजकता फैलेगी और बवाल मचेगा। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने, कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ट्रम्प संवैधानिक रूप से 2024 में चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं।



### ईडी ने लालू-तेजस्वी को पूछताछ के लिए नए समन जारी किए

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में मनी लॉन्ड्रिंग संबंधी पूछताछ के लिए राजद नेता लालू प्रसाद और उनके बेटे बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को नए समन जारी किए हैं। ईडी ने उन्हें पूछताछ के लिए इस महीने के अंत में ईडी के पटना ऑफिस बुलाया है। लालू को 29 जनवरी और तेजस्वी को 30 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

# 'अन्नपूर्णी' विवाद पर एक्ट्रेस नयनतारा ने मांगी माफी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

साउथ सिने इंडस्ट्री में लेडी सुपरस्टार के तौर पर पहचानी जाने वाली एक्ट्रेस नयनतारा ने अपनी फिल्म 'अन्नपूर्णी' में प्रभु रामचंद्र को लेकर विवादित बयान दिए थे। मेकर्स के खिलाफ इस आधार पर शिकायत भी दर्ज कराई गई थी कि इससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। बढ़ते विवाद के कारण नेटफ्लिक्स ने फिल्म को हटा दिया। इसके बाद नयनतारा ने माफी मांगी है।

नयनतारा ने इंस्टाग्राम पर माफी मांगी। उस बयान में बड़े-बड़े अक्षरों में जय श्रीराम लिखा हुआ है। मेरी फिल्म 'अन्नपूर्णी' सिर्फ आर्थिक लाभ के लिए नहीं बनाई गई थी, हम इस फिल्म के जरिए एक सकारात्मक संदेश देना चाहते थे, लेकिन अनजाने में कुछ लोगों की भावनाएं आहत हो गईं। हमने नहीं सोचा था कि सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म को सेंसर बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद ओटीटी से हटा दिया जाएगा। न तो मेरी टीम और न ही मेरा इरादा लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का था। नयनतारा ने लिखा, मेरे दो दशक के फिल्मी करियर में मेरा लक्ष्य सकारात्मकता फैलाना रहा है। फिल्म 'अन्नपूर्णी' एक दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसके बाद 29 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। फिल्म पर हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगा था, जिसके बाद फिल्म को नेटफ्लिक्स से हटा दिया गया। इतना ही नहीं, फिल्म के प्रोड्यूसर्स और नयनतारा के खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई गई थी।



**फिल्म 'अन्नपूर्णी' में प्रभु रामचंद्र को लेकर विवादित बयान दिए, फिल्म को नेटफ्लिक्स से हटाया गया**

### गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज का न होने पाए अनादर : गृह मंत्रालय

**नई दिल्ली।** केंदरीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों व केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर किसी भी कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज का अनादर न होने पाए।




गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को एक परिपत्र जारी किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और खेल आयोजनों के अवसरों पर जनता की ओर से इस्तेमाल किए जाने वाले कागज से बने झंडों को फेंका न जाए।

गृह मंत्रालय ने राज्यों से कहा है कि गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के बाद झंडों का निपटान, झंडे की गरिमा के अनुरूप, निजी तौर पर किया जाना चाहिए, जिससे झंडे की गरिमा पर आंच न आए।

गृह मंत्रालय ने राज्यों से यह भी अनुरोध किया है कि लोग गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के बाद कागज आदि के बने झंडे को जमीन पर न फेंकें, इसके लिए राज्य सरकार जागरूकता अभियान चलाएं।

# सेंसेक्स 496 अंक की तेजी के साथ 71,683 पर बंद, निफ्टी में भी 160 अंक की तेजी

**नई दिल्ली।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 496 अंक की तेजी के साथ 71,683 के स्तर पर बंद हुआ।

वहीं, निफ्टी में भी 160 अंक की तेजी रही, यह 21,622 के लेवल पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में तेजी और चार में गिरावट देखने को मिली। ओएनजीसी का शेयर निफ्टी का टॉप गेनर रहा।



### ईपैक ड्यूरेबल लिमिटेड का आईपीओ ओपन

**शुक्रवार** को शेयर मार्केट में लिस्टिंग के लिए ईपैक ड्यूरेबल लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ ओपन हो गया है। इस इश्यू के जरिए कंपनी 640.05 करोड़ जुटाना चाहती है। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 23 जनवरी तक बोली लगा सकेंगे। 29 जनवरी को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर लिस्ट होंगे।

## भारी बर्फबारी का कहर : जर्मनी हवाई अड्डे पर 320 उड़ानें रद्द

**बर्लिन।** जर्मनी के सबसे बड़े फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे पर बर्फबारी के चलते 320 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं। वीरवार सुबह हवाई अड्डे के प्रबंधक फ्रापोर्ट एजी ने घोषणा की कि फ्लाइट्स में व्यवधान और रद्द होने की आशंका है।

फ्रापोर्ट के प्रवक्ता ने वीरवार देर रात कहा, टेक-ऑफ और लैंडिंग अब फिर से संभव है। भारी बर्फबारी के कारण बुधवार दोपहर से फ्लाइट्स बाधित हो गई है। फ्रापोर्ट एजी ने कहा कि ऑपरेशन्स शुक्रवार तक सामान्य हो जाना चाहिए। जर्मन मौसम सेवा (डीडब्ल्यूडी) ने बताया है कि वीरवार दोपहर को हल्की से मध्यम बर्फबारी के बाद, अब हेस्से राज्य में, जहां फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डा स्थित है, अगले कुछ दिनों में मौसम सामान्य हो जाएगा।



### आईपीएस अधिकारी दलजीत सिंह चौधरी को सौंपी एसएसबी की कमान

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी दलजीत सिंह चौधरी को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक की कमान सौंपी है।



इस संबंध में केंद्र सरकार ने एक आदेश जारी कर शुक्रवार को बताया कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 30 नवंबर, 2025 तक के लिए दलजीत सिंह चौधरी को एसएसबी के महानिदेशक के तौर पर नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि दलजीत सिंह चौधरी उत्तर प्रदेश के 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वह वर्तमान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के स्पेशल डायरेक्टर जनरल के तौर पर सेवाएं दे रहे हैं।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

(20 जनवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास :** पौष, **तिथि** : दशमी 07:28 रात्रि तक, **नक्षत्र** : कृत्तिका (03:09 सुबह तक), **पक्ष** : शुक्ल, **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:11-12:53 रात्रि तक)

**राहुकाल :** 09:53-11:12 सुबह तक।

### विशेष दिन

20 जनवरी 1957 को भारत की पहली 'परमाणु भट्टी अप्सरा' का उद्घाटन हुआ।

सूर्योदय : 07:14
सूर्यास्त : 05:50

**मेष :** विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। स्वयं को गंभीर रखें। आपका व्यवहार ही लोगों को आकर्षित करता है। व्यापार के लिए कर्ज लेना पड़ सकता है। जीवनसाथी के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें।

**वृषभ :** रुके कार्यों में गति आएगी। अकेला महसूस करेंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय होगा। समय अनुकूल है। लंबे समय से चले आ रहे पारिवारिक विवाद का आज अंतिम दिन है। महत्वपूर्ण कार्य निपटाने में लगे रहेंगे।

**मिथुन :** किसी के जवाब का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नौकरी में बदलाव के योग हैं। तकनीकी के प्रयोग से विद्यार्थी सफल होंगे। दांतों में विकार की संभावना है। मेहनत के अनुकूल फल प्राप्त नहीं होगा।

**कर्क :** राजनीति से जुड़े जातकों के लिए समय सफलता लिए हुए है। आप के कार्य की प्रशंसा होगी। अध्ययन के लिए कर्ज लेना पड़ सकता है। विवाह योग्य जातकों के लिए समय उपयुक्त है। कारोबारी यात्रा लाभप्रद होगी।

**सिंह:** आय के नए स्रोत स्थापित होंगे। भाग्य का साथ और इष्ट के आशीर्वाद से नई सफलताएं मिलेंगी। नए शत्रु उभर सकते है। पारिवारिक खर्च बढ़ेगा। कार्यस्थल पर कर्मचारी आपका विरोध कर सकते हैं।

**कन्या :** अध्ययन में अवरोध आ सकते हैं। कार्यस्थल पर कर्मचारियों से परेशान रहेंगे। पेट संबंधित विकार उभर सकते है। जीवनसाथी से अनादर प्राप्त हो सकता है। वाहन सुख संभव है।

**तुला :** पराक्रम में वृद्धि होगी। कार्य पद्धति बदलने से लाभ होगा। रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। विरोधी परास्त होंगे। परिवार में किसी बुजुर्ग का स्वास्थ बिगड़ सकता है। प्रेम प्रगट करने का उचित समय है।

**वृष्चिक:** समय रहते अपने मन की बात कह दें। यदि आप सच्चे हैं तो सफलता मिलेगी। आप के सीधेपन का लोग फायदा उठाएंगे, सतर्क रहें। व्यापार विस्तार के योग है। भवन परिवर्तन के योग है। बड़ों की बात भी मान लेनी चाहिए।

**धनु:** कारोबार में जल्दबाजी में निर्णय न लें। बीती बातों को लेकर अपना समय बर्बाद न करें। अपनों का साथ मन को शांति देगा। प्रेम-प्रसंगों के चलते विवाद संभव है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**मकर :** धार्मिक यात्रा की रूपरेखा बनेगी। विवाह प्रस्ताव संबंधों में बदल सकते हैं। मनचाही नौकरी मिलने के आसार है। भावनात्मक संबंधों में नजदीकियां आयेगी। लोग आपकी सफलताओं की प्रशंसा करेंगे।

**कुंभ :** वैवाहिक जीवन में तनाव बढ़ सकते है। विदेश जाने के योग बन रहे है। आप की उन्नति में आ रही बाधा बरकरार रहेगी। समय रहते उचित विद्वानों का मार्गदर्शन लें। समय अभी अनुकूल नहीं है।

**मीन :** आपके निकटतम लोग ही नहीं चाहते कि आप आगे बढ़ें, सतर्क रहें और अपना काम पूरी ईमानदारी से करें। भीतरघात वालों से सावधान रहें। कार्यस्थल पर विवाद की स्थिति निर्मित होगी। आर्थिक मामले सुलझेंगे।

**टेस्टिंग** यह घंटों पानी में रह सकता है; इसका नाम हाइल, कोरियन भाषा में इसका मतलब 'सुनामी'

# नॉर्थ कोरिया ने अंडरवॉटर न्यूक्लियर ड्रोन टेस्ट किया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नॉर्थ कोरिया ने एक बार फिर से अंडर वॉटर न्यूक्लियर ड्रोन की टेस्टिंग की है। वहां के सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। नॉर्थ कोरिया ने अपने इस अंडरवॉटर न्यूक्लियर ड्रोन को हाइल-5-23 नाम दिया है। कोरियन भाषा में हाइल का मतलब सुनामी होता है।

यह ड्रोन समुद्र में दुश्मन पर चुपचाप हमला करने में माहिर है। केसीएनए के मुताबिक यह टेस्टिंग अमेरिका, साउथ कोरिया और जापान की हाल में हुई जॉइंट मिलिट्री ड्रिल के जवाब में की गई है। उन्होंने इस ड्रिल से हमारे देश को खतरे में डाला है। ऐसी ड्रिल हमारा देश अस्थिर करने की कोशिश है। नॉर्थ कोरिया पहले भी हाइल ड्रोन की टेस्टिंग कर चुका है। इस ड्रोन के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है पर नॉर्थ कोरियाई मीडिया का कहना है कि यह घंटों पानी में रह सकता है और बड़ा धमाका करने में सक्षम है।


तस्वीर उस अंडरवॉटर न्यूक्लियर ड्रोन की है, जिसका नॉर्थ कोरिया ने सफल परीक्षण किया है।

### प्रतिबंध के बावजूद मिसाइल टेस्टिंग कर रहा नॉर्थ कोरिया

**संयुक्त** राष्ट्र यानी यूएन ने नॉर्थ कोरिया पर परमाणु और बैलिस्टिक हथियारों की टेस्टिंग को लेकर प्रतिबंध लगाए हैं। आसान शब्दों में कहें तो नॉर्थ कोरिया परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण नहीं कर सकता है। इसके बावजूद लगातार मिसाइल टेस्ट किए जा रहे हैं।

### 21 से 23 मार्च तक की थी हाइल-1 की टेस्टिंग

नॉर्थ कोरिया ने अपने पहले अंडरवॉटर न्यूक्लियर ड्रोन का सफल परीक्षण 21 से 23 मार्च 2023 के बीच किया था। केसीएनए ने बताया था कि मिलिट्री के इस न्यूक्लियर ड्रोन में रेडियो एक्टिव सुनामी लाने की क्षमता है। ये दूसरे देशों के पोर्ट्स, यानी बंदरगाहों को भी आसानी से तबाह कर सकता है। न्यूक्लियर ड्रोन की टेस्टिंग को खुद नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने मॉनिटर किया था। न्यूक्लियर ड्रोन को फायर करने से पहले उसे साउथ हमयोंग प्रोविंस के पास समुद्र में 260 से 490 फीट नीचे 59 घंटे और 12 मिनट तक रखा गया था।

### पिछले साल हुई थी हाइल-2 की टेस्टिंग

नॉर्थ कोरिया ने सात अप्रैल 2023 को अंडरवॉटर न्यूक्लियर ड्रोन हाइल-2 की टेस्टिंग की थी। यह टारगेट पर अटैक करने से पहले 71 घंटों तक पानी में रहा था। उस वक्त भी नॉर्थ कोरिया ने अमेरिका, जापान के युद्ध अभ्यास को जिम्मेदार ठहराया था।

